e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 119
बुधवार
01.05.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
कोयले को हीरा बनने के लिए तपना पड़ता है, उसी प्रकार सफलता प्राप्त करने के लिए परिश्रम करना पड़ता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## सूचना

सभी पाठकों, हॉकरों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को सूचित किया जाता है कि मजदूर दिवस के अवसर दिनांक एक मई को प्रभात मंत्र कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक दिनांक तीन मई को प्रकाशित किया जाएगा।
व्यवस्थापक

## क्विक न्यूज

### एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी बने 26वें नौसेना प्रमुख, संभाला पदभार

**नई दिल्ली** : एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को 26वें नौसेना प्रमुख का पदभार संभाल लिया है. इससे पहले आर हरी कुमार नौसेना अध्यक्ष थे, जो मंगलवार को रिटायर हो गए. दिनेश कुमार त्रिपाठी ने इससे पहले नौसेना संचालन के महानिदेशक और पश्चिमी नौसेना के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया है. 19 अप्रैल को सरकार द्वारा एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को नौसेना प्रमुख बनाए जाने की घोषणा की गई थी.

### चीन ने समंदर में उतारा सुपरकैरियर युद्धपोत

**बीजिंग** : चीन ने अपना पहला सुपरकैरियर समंदर में उतार दिया है. यह चीन का तीसरा विमानवाहक युद्धपोत है, जो अमेरिका से बाहर बना सबसे एडवांस एयरक्राफ्ट कैरियर है. इसका नाम है फुजियान, जो चीन के प्रांत फुजियान के नाम पर रखा गया है. यह चीन का पहला कैटोबार एयरक्राफ्ट कैरियर है. पूरी तरह से चीन में ही बनाया गया है.फुजियान सुपरकैरियर टाइप-03 एयरक्राफ्ट कैरियर है. जिसका डिस्प्लेसमेंट 71,875 टन है. 316 मीटर लंबे इस युद्धपोत का बीम 249 फीट ऊंचा है. कैटोबार का मतलब है कि इसके फाइटर जेट एक गुलेल जैसे डोर की मदद से टेकऑफ और लैंड करेंगे.

### कार-लॉरी की टक्कर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**नयी दिल्ली**: केरल के कन्नूर में कार और लॉरी की टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार की रात को कन्नापुरम इलाके में घटी। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। मृतकों की पहचान कालीचनदुक्कम निवासी 59 वर्षीय केएन पद्मकुमार, भीमनदी निवासी चुरीक्कट्ट सुधाकरन, 35 वर्षीय अजीता, 65 वर्षीय कोझुम्मल कृष्णन और नौ वर्षीय आकाश के तौर पर की गई है। पुलिस के अनुसार, एक ही परिवार के पांच सदस्य कार में सवार होकर थालास्सेरी से कासरगोड की तरफ जा रहे थे। वहीं दूसरी तरफ से गैस सिलेंडर लेकर एक लॉरी मंगलूरू से आ रही थी।

### सुप्रीम कोर्ट का बाबा रामदेव व बालकृष्ण से सवाल : माफीनामा समय पर दाखिल क्यों नहीं किया ?

**नई दिल्ली** : पतंजलि भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण से सवाल करते हुए कहा कि माफीनामा समय पर दाखिल क्यों नहीं किया गया. इस पर पतंजलि के वरिष्ठ वकील रोहतगी ने कहा कि यह 5 दिन पहले दायर किया गया था. सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को फटकार लगाते हुए कहा कि कंपनी भ्रामक विज्ञापन मामले में उसके आदेशों का पालन नहीं कर रही है. जब अदालत ने ऑरिजनल रिकॅार्ड मांगे तो सार्वजनिक माफी की ई-कॉपी पेश करने के लिए कंपनी की खिंचाई करते हुए अदालत ने कहा,यह अनुपालन नहीं है.जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा,हम इस मामले में अपने हाथ खड़े कर रहे हैं, हमारे आदेशों का अनुपालन न करना बहुत हो गया. सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव और बालकृष्ण मौजूद रहे.पीठ ने कहा,पिछली बार जो माफीनामा छापा गया था वो छोटा था और उसमें केवल पतंजलि लिखा था।

### अमित शाह के फेक वीडियो मामले में आप व कांग्रेस से जुड़े दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली** : गृह मंत्री अमित शाह के फेक एडिटेड वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किए जाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. अहमदाबाद साइबर क्राइम टीम ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए दोनों आरोपी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से जुड़े हुए हैं. अमित शाह की 2 सभाओं के वीडियो को काटकर खास एजेंडे के तहत वायरल किया गया था.पकड़े गए दोनों आरोपियों के नाम सतीश वनसोला और आर बी बारिया है. सतीश वनसोला कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवानी का क्षेत्रीय कार्यालय संभालता है जबकि आर बी बारीया आम आदमी पार्टी के दाहोद जिले का प्रमुख है.

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 40° |
| न्युनतम | 26° |

## जैक बोर्ड ने 2024 के 12वीं का जारी किया रिजल्ट

# 85 प्रतिशत बच्चे इंटर में सफल

जारी आंकड़ों के अनुसार इंटर कॉमर्स में 25644 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें से 23,235 सफल हुए हैं. इंटर विज्ञान में इस साल 93,805 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें से 72.70 प्रतिशत यानी 68203 विद्यार्थी सफल हुए हैं. जैक इंटर में साइंस टॉपर उर्सलाइन स्कूल रांची के स्नेहा, आर्ट्स में जीनत परवीन व कॉमर्स में उर्सलाइन स्कूल रांची के प्रतिभा साहा रहे.

**93,805**
विद्यार्थी इंटर विज्ञान में इस साल हुए थे शामिल

साइंस टॉपर उर्सलाइन स्कूल रांची के स्नेहा, आर्ट्स में जीनत परवीन व कॉमर्स में प्रतिभा साहा रहे.

**25644**
विद्यार्थी इंटर कॉमर्स में इस साल हुए थे शामिल



### उर्सलाइन रांची के विद्यार्थियों का रहा बेहतर रिजल्ट : जैक अध्यक्ष

जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने इस साल के इंटर रिजल्ट को जारी करते हुए इसमें सफल हुए छात्रों को बधाई दी है. इस मौके पर उन्होंने कहा कि रांची के उर्सलाइन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने बेहतरीन परफॉर्मेंस दिखाते हुए विभिन्न संकायों में प्रथम टॉप थ्री में स्थान बनाया है. इधर उर्सलाइन इंटर कॉलेज के प्राचार्य मेरी ग्रेस ने अपने स्कूल के विद्यार्थियों को मिली सफलता पर खुशी जताते हुए बधाई दी है. उन्होंने कहा कि बच्चों की इस सफलता के पीछे का वजह नियमित क्लास और शिक्षकों की देखरेख है, जिस वजह से हर साल हमारा परफॉर्मेंस अच्छा रहता है.

### सबसे खराब रहा पलामू का रिजल्ट

कॉमर्स में लातेहार सबसे नंबर वन है, यहां सर्वाधिक बच्चे सफल हुए हैं और सबसे निचले पायदान पर साहिबगंज रहा है. साइंस में कोडरमा सबसे नंबर वन पर रहा जहां 91 प्रतिशत बच्चे सफल रहा. दूसरे नंबर पर लातेहार रहा. खूंटी में सबसे कम साइंस में विद्यार्थी सफल हुए हैं. आर्ट्स में सिमडेगा सबसे आगे रहा जबकि पलामू का परफॉर्मेंस सबसे खराब इस साल रहा. साइंस में ओवरऑल लड़कियों ने बाजी मारी है. ओवरऑल इंटर रिजल्ट में लड़कों ने बाजी मारी है.

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**: जैक बोर्ड ने 2024 के 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया. विज्ञान में 72.70त्न विद्यार्थी सफल हुए हैं. ओवरऑल इंटर 2024 में 85.48 प्रतिशत बच्चे सफल हुए हैं. जो पिछले साल से कम हैं. पहली बार जैक ने इंटर के तीनों संकाय का एक साथ रिजल्ट जारी किया है.जैक सभागार में आयोजित परीक्षाफल प्रकाशन समारोह में शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने रिजल्ट जारी किया. जैक द्वारा जारी इंटर रिजल्ट में सबसे अधिक आर्ट्स में 93.16त्न विद्यार्थी सफल हुए हैं. यदि विद्यार्थियों की संख्या की बात करें तो परीक्षा में शामिल 2,21,855 में 2,06,685 है, जिसमें 84,304 प्रथम श्रेणी में और द्वितीय श्रेणी से सफल होने वाले छात्रों की संख्या 1,15,153 है. कॉमर्स में 90.60 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं. जारी आंकड़ों के अनुसार इंटर कॉमर्स में 25644 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें से 23,235 सफल हुए हैं. इंटर विज्ञान में इस साल 93,805 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें से 72.70 प्रतिशत यानी 68203 विद्यार्थी सफल हुए हैं.
जैक इंटर में साइंस टॉपर उर्सलाइन स्कूल रांची के स्नेहा, आर्ट्स में जीनत परवीन व कॉमर्स में उर्सलाइन स्कूल रांची के प्रतिभा साहा रहे.

## कांग्रेस ने केवल गरीबी की बात की, हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला : पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने कहा कांग्रेस जो 60 साल में नहीं कर पाई वो काम हमने 10 साल में करके दिखाया है.**



**एजेंसी**

**मुंबई** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के माढ़ा में एक रैली करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के लोग मोदी सरकार के 10 साल और कांग्रेस सरकार के 60 साल के अंतर को देख रहे हैं. कांग्रेस जो 60 साल में नहीं कर पाई वो काम हमने 10 साल में करके दिखाया है. पिछले 60 साल में आपने कई बार कांग्रेस के कई पीएम और नेताओं के मुंह से एक ही बात सुनी होगी कि गरीबी हटाएंगे.लेकिन गरीबी हटाई नहीं और आपके आर्शीवाद से हमने 10 साल में देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और इस पुण्य के हकदार सिर्फ आप लोग हैं. मेरा हर पल आपकी सेवा के लिए समर्पित है. जनता ने वोट देकर हमें जिम्मेदारी सौंपी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा,15 साल पहले, एक बहुत बड़े नेता यहां चुनाव लड़ने आए थे. तब उन्होंने डूबते सूरज की शपथ लेकर कहा था कि यहां सूखे से प्रभावित क्षेत्रों तक पानी पहुचाएंगे.लेकिन उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं किया, अब उन्हें सजा देने का समय आ गया है. एक वो दिन था और एक आज का दिन है वो यहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं. कांग्रेस को देश ने 60 साल तक राज करने का मौका दिया. इन 60 वर्षों में दुनिया के अनेक देश पूरी तरह से बदल गए, लेकिन कांग्रेस किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंचा पाई. 2014 में करीब 100 सिंचाई परियोजनाएं ऐसी थीं, जो कई दशकों से लटकी पड़ी थीं, इसमें से 26 परियोजनाएं महाराष्ट्र से थीं. सोचिए, कितना बड़ा धोखा कांग्रेस ने महाराष्ट्र को दिया है.

## झारखंड में सभी लोस सीटें जीतेगा एनडीए गठबंधन : भजनलाल



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को धनबाद पहुंचे। वे धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड में आयोजित भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे। यहां उन्होंने मंच से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चार जून को झारखंड की सभी सीटों पर एनडीए की जीत होगी। झारखंड से हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 13 फूल (भाजपा) और एक फल (आजसू) भेंट करेंगे।भजनलाल ने कहा कि राजस्थान में 2014 के लोकसभा चुनाव में 25 सीट आए थे, 2019 में भी 25 सीट दिया और इस बार भी 25 में से 25 सीट भाजपा को मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि धनबाद के युवाओं, महिलाओं और आम लोगों में जिस तरह का उत्साह दिख रहा है उससे यह साफ हो गया है कि झारखंड में भी सभी 14 सीटें एनडीए गठबंधन को मिलने जा रहा है। साथ ही कहा कि आने वाला समय आपका है। आगामी विधानसभा चुनाव में भी झारखंड में भाजपा एनडीए गठबंधन की सरकार भारी बहुमत के साथ आएगी।भजनलाल ने कहा कि भाजपा हमेशा देश की संस्कृति और विचार को लेकर चलती है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग कहते थे, कश्मीर से धारा 370 हटी तो खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन वहां तो एक कंकड़ भी नहीं चला। साथ ही कहा कि वे लोग भगवान राम को काल्पनिक बताते थे। रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख पूछते थे। हमने रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख भी बताई और उन्हें निमंत्रण भी भेजा।

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछे 5 बड़े सवाल



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली**: सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर प्रवर्तन निदेशालय से सवाल किया।
कोर्ट ने इस बाबत जांच एजेंसी से जवाब मांगा है। जस्टिस संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से सवाल पर जवाब मांगते हुए कहा कि जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते। पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल भी पूछे। कोर्ट ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर भी अगली सुनवाई पर जवाब देने को कहा, जिसमें उन्होंने उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को हो सकती है। इससे पहले सोमवार को केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि आपने ट्रायल कोर्ट के समक्ष याचिका दायर क्यों नहीं की? जिस पर केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इसके कई कारण हैं, जिनमें से एक ये है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी ही अवैध है।

### सीएम केजरीवाल ने गिरफ्तारी को बताया अवैध

दिल्ली के शराब नीति घोटाले में फंसे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है और उनकी हिरासत भी अवैध है। आम चुनाव से पहले राजनीति के तहत ये किया जा रहा है। केजरीवाल ने अपनी याचिका में कहा कि एक राजनीतिक पार्टी को खत्म करने और एक चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए यह कोशिश की जा रही है।

## कोविशील्ड से जम सकता है खून का थक्का

# टीका बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने साइड इफेक्ट्स की बात कबूली

**कोविशील्ड के अलावा इस वैक्सीन को कई देशों में वैक्सजेवरिया ब्रांड नाम से भी बेचा गया था।**




**एजेंसी**

**लंदन** : वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन की अदालत में पहली बार माना है कि कोविड-19 की उसकी वैक्सीन से टीटीएस जैसे दुर्लभ साइड इफेक्ट हो सकते हैं। टीटीएस यानी थ्रोम्बोसइटोपेनिया सिंड्रोम शरीर में खून के थक्के जमने की वजह बनती है। इससे पीड़ित व्यक्ति को स्ट्रोक, हृदयगति थमने जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।ब्रिटेन के हाईकोर्ट में पेश दस्तावेजों में एस्ट्राजेनेका ने साइड इफेक्ट्स की बात कबूल की है। हालांकि, वैक्सीन से होने वाले साइड इफेक्ट्स को स्वीकार करने के बाद भी कंपनी इससे होने वाली बीमारियों या बुरे प्रभावों के दावों का विरोध कर रही है। यह खबर भारत के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां कोविड-19 के प्रसार के दौरान बड़े पैमाने पर ऑक्सफोर्ड-एस्ट्रोजेनेका की इसी वैक्सीन को कोविशील्ड के नाम से इस्तेमाल किया गया था। भारतीय कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने एस्ट्राजेनेका से हासिल लाइसेंस के तहत देश में इस वैक्सीन का उत्पादन किया था और इसे सिर्फ भारत के कोविड टीकाकरण अभियान में ही नहीं इस्तेमाल किया गया था, बल्कि दुनिया के कई देशों को निर्यात किया गया। कोविशील्ड के अलावा इस वैक्सीन को कई देशों में वैक्सजेवरिया ब्रांड नाम से भी बेचा गया था। एस्ट्राजेनेका पर यह मुकदमा जेमी स्कॉट ने दायर किया है, जो इस टीके को लेने के बाद ब्रेन डैमेज के शिकार हुए थे। कई परिवारों ने भी कोर्ट में इस टीके के दुष्प्रभावों की शिकायत की थी।

# गर्मी ने अप्रैल में तोड़ा 103 साल का रिकॉर्ड

**झारखंड सहित 6 राज्य भीषण हीटवेव की चपेट में**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : सूरज की तपिश, गर्म हवाएं और बेहाल लोग, मौसम की कुछ ऐसी तस्वीर अप्रैल महीने में देखने को मिली. गर्मी ने इस महीने सभी रिकॉर्ड तोड़े हैं. 103 साल बाद ऐसा हुआ है,जब कई जगह पारा 43 डिग्री तक पहुंचा है. ये वो जगहें हैं, जहां इतना अधिक गर्मी नहीं पड़ती है. ये बात तो अप्रैल महीने के सितम की बात थी. मौसम विभाग ने अप्रैल महीने में पड़ी गर्मी का डेटा शेयर किया है, जो कि 1921-2024 के बीच का है. ये डेटा बताता है कि देश के कई हिस्सों में यह अब तक का सबसे गर्म महीना हो सकता है. अगले पांच दिन और भी ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है. आईएमडी के मुताबिक, देश के पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय में भीषण लू का असर देखने को मिल रहा है. गर्मी का ये प्रचंड रूप अगले पांच दिन जारी भी रहेगा. यहां ध्यान देने वाली बात ये है कि इस बीच जिन जगहों पर वोटिंग होनी है, वहां गर्मी अधिक होगी. बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों में भारी हीटवेव की संभावना है. इसके अलावा कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ सकती है.अप्रैल और मई को लेकर मौसम विभाग ने पहले भी कहा था कि इन दोनों महीनों में अन्य सालों की तुलना में अधिक गर्मी पड़ सकती है. ये बात मौसम विभाग के अधिकारियों ने पीएम मोदी के साथ मीटिंग में कही थी.



### दुमका में लू की चपेट में आने से दो युवक बहोश, एक ने तोड़ा दम

**दुमका** : मंगलवार को दुमका नगर थाना क्षेत्र के निजी बस पड़ाव के पीछे वाली गेट के सामने दो युवक भीषण गर्मी और लू की चपेट में आ गये. बस स्टैंड पर दोनों युवक बेहोश होकर गिर गये. लोगों ने कुछ ही दूर पर स्थित नगर थाना को सूचित किया तो पुलिस टीम मौके पर पहुंच दोनों को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया.फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे को भर्ती कराया गया है. लेकिन उसकी स्थिति भी गंभीर बनी हुई है. मृतक की शिनाख्त जरुवाडीह निवासी शिव कुमार मंडल के रूप में की गई है.

### जम्मू-कश्मीर में बारिश का कहर : चार की मौत

**श्रीनगर (एजेंसी)**: पिछले चार दिनों के दौरान जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश के चलते आई बाढ़ में तीन नाबालिग सहित चार लोगों की मौत हो गई है. अधिकारियों ने कहा कि 350 से ज्यादा परिवारों को शिफ्ट कर दिया गया है, कई मवेशी मर गए हैं और दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं. अधिकारियों ने घाटी में स्कूल बंद कर दिए हैं और कश्मीर विश्वविद्यालय ने मंगलवार को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं.

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 | www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### बाइक की टक्कर से छह साल की बच्ची की मौत, मातम पसरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** प्रखंड के लोई गा गांव में बाइक की टक्कर से छह साल की बच्ची की मौत हो गयी. बच्ची की पहचान ललहे गांव निवासी रोहित चंद्रवंशी की बेटी शिवानी कुमारी के रूप में हुई है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि शिवानी कुमारी अपने फूफा कोदन राम के घर आयी थी. सोमवार देर शाम करीब सात बजे एक बाइक ने उसको जोरदार टक्कर मारा. हादसे के बाद बच्ची बेहोश होकर गिर गयी. मुखिया रंजीत यादव उर्फ गुड्डू यादव ने आनन-फानन में बच्ची को किशुनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया. इसके बच्ची को मेदनीनगर में भर्ती कराया गया. जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया. रिम्स में इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गयी.बता दें कि एक तरफ जहां लोई गा गांव में लगातार सड़क हादसे में लोगों की मौत हो रही है. वहीं दूसरी तरफ पथ निर्माण विभाग चैन की नींद सो रही है।

## 12 वीं बोर्ड में मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

# इंटर कॉमर्स का छात्र सौरव कुमार ने जिला टॉप कर रचा इतिहास, साइंस और आर्ट्स के 90 प्रतिशत छात्रों ने लाया फर्स्ट डिवीजन



### हर साल टॉप करते हैं मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के छात्र-छात्रा

अपने स्थापना काल से ही मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज टॉप रिजल्ट के बारे में जाना जाता है। इस कॉलेज की पहचान पलामू ही नहीं बल्कि झारखंड स्तर पर है। इस कॉलेज से पढ़ाई करने वाले सैकड़ो छात्र आज के समय में देश-विदेश में महत्वपूर्ण पदों पर काबिज हैं। कॉलेज के प्रिंसिपल श्वेता कुमारी और इनके द्वारा नियुक्त किए गए शिक्षकों के बदौलत कॉलेज के छात्र-छात्राओं को क्वालिटी एजुकेशन दिया जाता है। प्रिंसिपल श्वेता कुमारी का एक ही सिद्धांत है कि छात्र-छात्राओं को हाई लेवल का क्वालिटी एजुकेशन से कोई समझौता नहीं करना है। इसी का परिणाम है कि कॉलेज के 90त्न छात्र-छात्राओं ने फर्स्ट डिवीजन से पास किया है।

### हाई टेक्नोलॉजी और डिजिटल माध्यम से छात्रों को पढ़ाई कराते हैं ई. विनय मेहता

मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के निदेशक इंजीनियर विनय कुमार मेहता हाई टेक्नोलॉजी का यूज कर बच्चों को शिक्षा देते हैं। इनका साफ मानना है कि आज का समय हाई टेक्नोलॉजी और डिजिटल का है। इसलिए कॉलेज के छात्र-छात्राओं को हाई टेक्नोलॉजी के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। निर्देशक इंजीनियर विनय कुमार मेहता खुद आईआईटियन हैं और वह कॉलेज के छात्रों को आईएससी के साथ ही आईआईटी की भी तैयारी खुद कराते हैं। इसी का परिणाम है कि साइंस के बच्चे हमेशा टॉप करते हैं।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में स्थित मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के छात्र व छात्राओं ने 12वीं के रिजल्ट में सफलता का परचम लहराकर पलामू ही नहीं बल्कि झारखंड का नाम रोशन कर दिया है। इस विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने इंटर साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स में सफलता का ऐसा परचम लहराया कि अन्य सभी स्कूल और कॉलेज चारो खाने चित हो गए। कॉमर्स के छात्र सौरव कुमार 454 (90.8प्रतिशत) अंक प्राप्त कर पलामू जिला टॉप किया। कॉमर्स के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिससे कॉलेज में खुशी का माहौल है। वही साइंस में भी मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा, जिसमें 90त्न विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण हुए। आर्ट्स का भी रिजल्ट बेहतर रहा। जिसमें अधिकांश बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। बता दें कि मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज का रिजल्ट हर वर्ष शानदार रहता है। इस कॉलेज के छात्र और छात्राएं हर वर्ष साइंस आर्ट्स और कॉमर्स में स्टेट लेवल पर टॉप करते हैं।

## नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में खरौन्धी प्रखंड के विभिन्न गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।नेहरू युवा के कार्यक्रम के दौरान स्वम सेवक जितेंद्र कुमार ने कहा कि मतदान आपका, आपके परिवार का, आपके देश का भविष्य तय करेगा। लोकतंत्र में वोट की ताकत, बहुत बड़ा ताकत है। जिसका उपयोग आप सभी मतदाताओं को स्वतंत्र हो कर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा में 13 मई को मतदान होना है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में अपने पोलिंग बूथ पर पहुच कर अपने-अपने मत का प्रयोग करें। इंटर कॉलेज बैतरा के प्राचार्य राम अवध सिंह कुशवाहा, बबली राम, रेखा कुमारी, साहित किसान डिग्री इंटर कॉलेज के सभी छात्र-छात्राएं तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133 वां जयंती समारोह का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के स्थित बारोडीह ग्राम में डॉ भीमराव अम्बेडकर का 133 वां जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ झामुमो भवनाथपुर विधान सभा के नेता ताहीर अंसारी, रघुराई राम,मुखिया प्रतिनिधि भगवान राम, कॉग्रेस नेता मानिक राम, सुदेश्वर राम, जिपस पति प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर झामुमो वरिष्ठ नेता ताहीर अंसारी ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता एवं शिल्पकार और देश के दलित, पिछड़ों वर्ग के लोगों के मसीहा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर अपना पूरा जीवन भारतीय समाज के पिछड़े वर्ग दलित और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिए। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय एवं सामाजिक असामानता के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण महिलाओं को बराबरी का अधिकार मौलिक दायित्व की भी बात किया है।बाबा साहब अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वह आज करोड़ो भारतीय के प्रेरणा स्रोत है।रघुराई राम ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म 4 अप्रैल 1891 को हुआ था। भीमराव अंबेडकर जन्म से ही प्रतिभा सम्पन्न थे। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर एक दलित राजनीतिक नेता और एक समाज सुभचिंतक होने के साथ-साथ भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भी थे। इस अवसर पर उतर प्रदेश से चलकर आए बिरहा मिशन गायक राजकुमार यादव के द्वारा मिशन गीत प्रस्तुत किया। मौके पर कांग्रेस नेता मानिक राम, बसपा नेता रघुराई राम, बसपा जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार, मुखिया प्रतिनिधि भगवान राम, उपमुखिया असगर अली, बीडीसी प्रतिनिधि कृष्णा राम, जयराम, सुदेश्वर राम, राजनाथ राम शिक्षक, मनोज कुमार, रामेश्वर राम, सोबरन पासवान, अध्यक्ष अजय कुमार, उपाध्यक्ष जयराम भारती, सचिव मंद किशोर, उपसचिव अजित निराला, संरक्षक मोती भारती, छोटू भारती, पंकज भारती, उपेंद्र कुमार, मुन्ना कुमार, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मतदाता जागरूकता को लेकर स्वास्थ्य सहिया ने बलीगढ़ में किया कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड के ग्राम-पंचायत बलिगढ़ के चंदवा टोला पर ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति बलिगढ के द्वारा स्वास्थ्य सहिया एवं ग्राम स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की गई।उक्त जागरूकता कार्यक्रम बलिगढ़ ग्राम के चंदवा टोला पर डोर टू डोर जाकर किया गया। जिसमें सच्चे मतदाता की एक ही पहचान नगद, शराब या मुफ्त उपहार बिना करें मतदान आदि नारों के साथ लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान VHSNC के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि आपका एक मतदान आपका भविष्य तय करेगा लोकतंत्र में वोट की बहुत बड़ी ताकत है जिसका उपयोग सभी मतदाताओं को अवश्य करना चाहिए। पलामू लोकसभा में 13 मई को मतदान होना है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में आप सभी लोग अपने-अपने मत को प्रयोग करें। जागरूकता कार्यक्रम में शामिल स्वास्थ्य सहिया ममता देवी, संगीता देवी, उषा देवी, संगीता देवी, अमृता देवी सिमा देवी, ललिता देवी, देवन्ती देवी, रेखा देवी, लक्ष्मी देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित मेदिनीनगर के दौरे को लेकर मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दौरे पर आने वाले लोगों को कैसे नियंत्रित करना है, सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को स्टेज के साइज का आकलन करने व प्रोटोकॉल व नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर निर्देशित किया। इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को लेकर सदर एसडीओ को जिम्मेदारी दी गयी। इसी क्रम में प्रॉक्सिमिटी पास, वर्क फोर्स पास व प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट व पुलिस पास को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को निर्देशित किया गया। सिविल सर्जन को दो हॉस्पिटल को स्टैंड बाई मोड पर रखने व एडवांस्ड लाइफ़ सपोर्ट युक्त एंबुलेंस भी रखने पर बल दिया गया। इसी तरह उन्होंने फ़ूड सेफ्टी ऑफिसर, फायर ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये।वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान अलर्ट पर रहने को लेकर निर्देशित किया गया। मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## उपविकास आयुक्त ने बिना लोभ लालच के वोटिंग करने का दिलाया शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय परिसर में उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग, गढ़वा के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को मैत्री बंधन पहनाया। इसके साथ कि उन्होंने सभी मतदाताओं को 13 मई 24 को लोकसभा के होने वाले वोटिंग में बिना किसी प्रलोभन के लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु मतदान करने की शपथ दिलाया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, नाजिर बृजबासनी देवी, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, स्नेहा सिंह, महिला पर्वेक्षिका माया कुमारी, आरती कुमारी, ग्राम सेविका उषा देवी, पंचायत सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, के एम सीमा, सरोती कुमारी सहित बड़ी संख्या में बीएलओ एवं मतदाता उपस्थित थे।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा गांव निवासी रफीक अंसारी की पुत्री रानी खातून उम्र 18 वर्ष सोमवार की शाम परिवारिक विवाद में घर में फांसी लगा ली।जिसमे उसकी स्थिति गंभीर हो गई।इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल को इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में देर रात उसकी मौत हो गई। वही इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार की शाम रानी खातून को अपने घर में किसी बात को लेकर परिजनों से झगड़ा हो गया। इस बीच गुस्से में आकर वह एक कमरे में बंद होकर फांसी लगा ली सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## लायंस विशाल ने चलाया गढ़वा में मतदाता जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला0 डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में गढ़वा शहर के विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता अभियान निकाला गया।इस अवसर पर डॉ कमलेश कुमार ने कहा की पहले मतदान करे,फिर जल पान करें। क्योंकि मजबूत भारत निर्माण के लिए एक एक वोट किमती है। इसलिए लोकतंत्र के महा पर्व में 13 मई को पलामू लोकसभा चुनाव में आप सभी लोग अपने अपने घरों से निकले और अपना मतदान किजिए। अपने घर, परिवार, गांव, मुहल्ले के लोगों को भी जागरूक कीजिये। जिससे हमारे गढ़वा जिले में शत् प्रतिशत मतदान हो। तभी तो हम गर्व से कहेंगे, मेरा भारत महान। उन्होंने कहा कि आइये हम सभी मिलकर लायंस विशाल के मतदाता जागरूकता अभियान को जन जन तक पहुंचाये। अभियान में डॉ अरसद अंसारी डॉ एस के विश्वकर्मा, नन्दलाल प्रसाद, देवानंद शर्मा, गिरिश कमलापुरी, एवम् गढ़वा के आम नागरिक भी शामिल थे।

## गढ़वा पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न गांव के बूथों का किया निरीक्षण



**धुरकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने को लेकर गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने मंगलवार को धुरकी थाना क्षेत्र के बिभिन्न गांव के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने बूथों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था का जांच किया। वही निरीक्षण में एसपी ने थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार को बाहर से आने वाले सुरक्षाबलों को ठहरने से पहले सारी समुचित सुविधाओ को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया की लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। उन्होंने कहा की चुनाव से पहले पुलिस सभी संवेदनशील और अतिसंवेदशील क्षेत्रों में भयमुक्त माहौल को बनाने में प्रयासरत है।वही मतदान के दिन सभी मतदाता अपने-अपने घरों से निकलकर उत्साह के साथ अपने मतों का प्रयोग करें। मतदाता किसी के बहकावे में न आएं। शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए गढ़वा पुलिस सदैव तत्पर है। इस दौरान डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक, रत्न कुमार सिंह, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, एसआई सुनील कुमार राम, बिक्कु कुमार रजक सहित अन्य पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## व्यवसाई की हत्या के विरोध में बंद रही दुकानें

# छतरपुर में अपराधी खौफ जमाने के लिए व्यवसाईयों को टारगेट कर मार रहे है गोली : अरविंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर इन दिनों अपराधियों का अड्डा बन गया है जहाँ गोलीबारी कांड करना आसान हो गया है जहां पुलिस की कोई खौफ नहीं है छतरपुर में लगातार छठी बार गोली कांड कर अपराधियों के मंसूबे बुलंद है और लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं सोमवार की रात अपराधियों ने थाना से सटे जपला मोड नौडीहा जाने वाले रास्ते पर खैनी व्यवसाय अपनी दुकान बंद कर रात्रि 9:00 बजे अपने घर खाटीन जा रहा था इसी दौरन घात लगाए अपराधियों ने संतोष साहू को दो गोली पेट मे मार दी जिसे घायल होकर सड़क पर गिर गया बाइक सवार अपराधियों ने मौके से फरार हो गया स्थानीय लोगों ने घायल संतोष साहू को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया प्राथमिक उपचार करने के बाद मेदनीनगर रेफर कर दिया गया मेदनीनगर से बेहतर इलाज के लिए रांची मेडीका हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया जहां हालत नाजुक बताई जा रही है वही आक्रोसित लोगों ने छतरपुर एन एच 98 जपला मोड को रात्रि में ही जाम कर दिया एवं व्यवसाययों पर लगातार हो रहे गोली कांड को लेकर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपराधी गतिविधियों पर लगाम लगाने की मांग की संतोष साहू की अपराधियों को गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को सभी दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद रखा लोगों ने जुलूस निकालकर अपराधी गतिविधि पर लगाम लगाने एवं अपराधिक जल्द पकड़ने की मांग कर रहे थे वहीं नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने स्थानीय प्रशासन को चुनौती देते हुए कहा कि अगर अपराधी नहीं पकड़े गए तो छतरपुर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा पूर्व में हुई हत्या घटनाओं को भी उद्भेदन करें और अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें व्यवसाईयों को टारगेट कर गोली मारी जा रही है उनके मन सूबे को कामयाब नहीं होने देंगे। आक्रोशित लोगों ने कहा पुलिस सिर्फ बालू ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, ट्रक आदि से तसीली करने में लगा हुआ है जिससे अपराधियों के मंसूबे बुलंद है वही सूत्र बताते हैं की संतोष साहू के बेटे के प्रेम प्रसंग में हुई शादी को लेकर यह गोली कांड हुई है। वही पुलिस हर एक पहलू पर जांच कर अपराधियों को पकड़ने के लिए छापामारी की जा रही है।

# इंटर कला संकाय में टॉप टेन में किसी छात्र का नाम नही शामिल छात्राओं का ही रहा जलवा

## विज्ञान संकाय में भी 50 प्रतिशत छात्राये शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची द्वारा वार्षिक इंटरमीडिएट एग्जामिनेशन 2024 का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है।जिसमें जमा दो उच्च विद्यालय नगर ऊंटरी के विज्ञान तथा कला संकाय में छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक लाकर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय में 89.40 प्रतिशत अंक लाकर टॉप टेन में सबसे ऊपर आशुतोष रमन, जब कि दूतीय स्थान पर80.06 प्रतिशत के साथ अंबुज कुमार गुप्ता, 78.40 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर खुशी कुमारी, 78.02 प्रतिशत अंक लेकर चौथे स्थान पर शालिनी कुमारी, 77.40 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर प्रणव पांडेय तथा अंजनी कुमारी, 76.40 अंक लाकर आकर्षण कुमार छठे स्थान पर, 75.60 अंक लाकर सातवे स्थान पर,75.20 प्रतिशत अंक के साथ निखिल कुमार सोनी आठवे स्थान पर,74 प्रतिशत अंक के साथ नौवे स्थान पर सुजाता कुमारी तथा 73.60 प्रतिशत अंक के साथ शिवम पांडेय तथा मीनाक्षी कुमारी दशवे स्थान पर रहे। जबकि कला संकाय में टॉप टेन में पहले स्थान पर 84 प्रतिशत अंक के साथ शिवानी कुमारी, दूसरे स्थान पर 79.60 प्रतिशत अंक के साथ सोनम कुमारी, तीसरे स्थान पर 77प्रतिशत इशिता कुमारी, 74.40 प्रतिशत अंक के साथ चौथे स्थान पर सना सिकंदर,74 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर खुशबू कुमारी,73.80 प्रतिशत के साथ छठवें स्थान पर नीलू कुमारी,72 प्रतिशत के साथ सातवां स्थान पर रेशम कुमारी, 71.60 प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर नुसरत प्रवीण, 71.40 प्रतिशत लेकर नौवे स्थान पर संगीता कुमारी तथा 70.80 प्रतिशत के साथ तबस्सुम खातून दसवीं स्थान पर रही। सबसे बड़ी बात रही कि कला संकाय में टॉप टेन में किसी भी छात्र का नाम शामिल ही नही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षकों ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### आज सांसद संजय सेठ नामांकन करेंगे

रांची। सांसद संजय सेठ 2 मई को अपना नामांकन करेंगे। इस नामांकन कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, आजसु के प्रदेश अध्यक्ष सुदेश महतो, जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सभी सांसद , विधायक, एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नामांकन के पूर्व एक जनसभा 10:30 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें 6 विधानसभा के लगभग 50 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। मोराबादी मैदान से दिन 12:00 गजे बाजे के साथ उपायुक्त कार्यालय की और नामांकन के लिए प्रस्थान करेंगे। 400 पार के नारों के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बने एवं देश को विकास की और ले जाने के लिए यह नॉमिनेशंस एक ऐतिहासिक होगा। सांसद सेठ ने रांची के सभी लोगों से इस ऐतिहासिक नामांकन में शामिल होने की अपील की है।

### इंटरमीडिएट कला में राईन स्कूल का बेहतर प्रदर्शन

रांची : जैक बोर्ड द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट कला का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें राईन स्कूल की 27 छात्राओं ने परीक्षा लिखि और 22 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, और 5 ने द्वितीय श्रेणी हासिल किया ।। विद्यालय का परिणाम 100ल रहा। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का नाम निम्नलिखित है 1) गुलफशा परवीन 80.4 प्रतिशत, 2) हीना परवीन - 71.6 प्रतिशत, 3) अरीबा परवीन -68.2 प्रतिशत विद्यालय की प्रिंसिपल फरहीन नाज़ और सचिव मोहम्मद हसनैन ने शिक्षिकाओं और छात्राओं को बधाई दी । जमीअतुल राईन के सदर हाजी फिरोज ने छात्राओं और शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय की शिक्षिकाओ और छात्राओं के मेहनत का परिणाम है कि विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत हुवा और आगे भी ये जारी रहेगा।

# झामुमो महासचिव सुप्रियो और अंतु के बीच व्हाट्सएप चैट पर भाजपा ने किया बड़ा हमला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का हाथ जमीन दलालों के साथ है। प्रतुल ने कहा कि पीएमएलए कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों ने स्पष्ट कर दिया है कि झामुमो नेता अंतू तिर्की ,सद्दाम हुसैन, अफसर अली समेत तमाम लोगों ने यह स्वीकार लिया है कि हेमंत सोरेन की 8.86 एकड़ जमीन के फर्जी कागजात को उन्हीं लोगों ने तैयार किया था। प्रतुल ने कहा की इन अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया है कि वे ट्रांसफर पोस्टिंग और जमीन के फर्जीवाड़ा का बहुत बड़ा रैकेट चलाते हैं।प्रतुल ने कहा जमीन लुट घोटाला अरबों रुपए का हो सकता है।झारखंड की ऐसी स्थिति हो गई है कि देखकर लगता है हर शाख पर भ्रष्टाचार बैठा है,अंजामें झारखंड क्या होगा? प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रिया भट्टाचार्य और अंतू तिर्की के बीच का व्हाट्सएप चैट से बहुत चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इस चैट से स्पष्ट है कि अंतू तिर्की जो जमीन की गोरख धंधे में लिप्त था,वह सुप्रियो भट्टाचार्य से डीसीएलआर, खूँटी के पद पर कार्यरत प्रवीण मुंडा की पोस्टिंग रांची में जिला लैंड एक्विजिशन अफसर के रूप में करने की पैरवी कर रहा था ।दलालों को यह भी पता था की फाइल सीएम हाउस तक पहुंच गई ।



प्रतुल ने कहा कि सीएम हाउस के भीतर की बातें कैसे लीक हो गई और सुप्रियो भट्टाचार्य ने अंतू तिर्की के द्वारा इस बात को बताने पर एफआईआर क्यों नहीं किया? क्या यह ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट एवम गोपनीयता का उल्लंघन नहीं है? प्रतुल ने कहा कि दस्तावेजों से स्पष्ट है कि कमीशन लेकर अंतू तिर्की अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग कराता था। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के तर्ज पर एक ट्रांसफर पोस्टिंग मोर्चा भी खोल लेना चाहिए।प्रतुल ने कहा कि जमीन के गोरख धंधे से जुड़े दलाल तक फाइल की जानकारी पहुंचना दिखाता है कि या तो सीएमओ भी मिला हुआ था या फिर इन दलालों की सीएमओ तक पकड़ थी। प्रतुल ने कहा कि सुप्रिया भट्टाचार्य ने गलत बयानी करके हेमंत सोरेन का कई बार बचाव किया। नवीनतम बचाव था जब हेमंत सोरेन के दिल्ली वाले घर से 36 लाख रुपए बरामद गए थे। उस समय सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा था कि यह पैसा ईडी ने प्लांट किया है।

बाद में हेमंत ने उच्च न्यायालय में अपनी याचिका में स्पष्ट किया किया पैसा उन्हें पार्टी फंड से माता-पिता के इलाज के लिए मिला था।प्रतुल ने कहा कि अब आज सुप्रियो भट्टाचार्य को गलत बयानियों का दौर छोड़कर सच्चाई बतानी चाहिए। प्रेस वार्ता में सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक एवं तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## मैं नेता हूं कोई भी फोन से कुछ कह सकता है चैट कर सकता है: सुप्रियो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में हैं, तभी से हम लोग यह जान रहे हैं कि ईडी की करवाई न सिर्फ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर , बल्कि हम पर भी होगी । इसका अंदेशा मुझे पहले से था। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि जो चैट दिखाया जा रहा है और जिस अधिकारी की पैरवी की बात है क्या उसका ट्रांसफर उक्त पद पर किया गया है , जो चैट दिखा जा रहा है, क्या उसकी सत्यता है, मैं नेता हूं इस तरह की बातें कोई भी मेरे साथ कर सकते हैं, लेकिन बातें करना और काम हो जाने में फर्क है। यह सब बीजेपी वालों का करतूत है। भाजपा नाकामियों को छिपाने के काम कर रही है। वहीं उन्होंने अर्जुन मुंडा पर निशाना साधते हुए कहा के खूंटी में 14सौ एकड जमीन गलत तरीके से अर्जुन मुंडा हथियाने के काम किया है , जिससे वहां की जनता भाजपा से काफी आक्रोशित है । वहीं तमाड़ विधानसभा के विधायक विकास मुंडा ने कहा की खूंटी की जो स्थिति है वहां पर भाजपा के अर्जुन मुंडा तो क्या कोई भी नेता गांव गांव नहीं जा सकते हैं। खूंटी की जनता भाजपा वाले को देखना पसंद नहीं कर रहे हैं।

## महिला हॉकी लीग 2024-25 का विधिवत उद्घाटन हुआ : भोला सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में आयोजित राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 का विधिवत उद्घाटन मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि संदीप प्रधान, महानिदेशक भारतीय खेल प्राधिकरण,भारत रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने एयरपोर्ट में उन्हे बुके देकर स्वागत किया। इनके साथ अन्य अतिथि हरमन कुरूज हाई परफोर्मेंस डायरेक्टर हॉकी इंडिया, हरेंद्र सिंह मुख्य प्रशिक्षक सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम, तूसार खांडेकर मुख्य प्रशिक्षक जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम एवम अन्य अतिथि भी रांची पहुंचे। इस मौके पर शेखर जे मनोहरण कोषाध्यक्ष हॉकी इंडिया, कमांडर आर के श्रीवास्तव इक्युटिव डायरेक्टर हॉकी इंडिया एवम हॉकी झारखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीजी, एनआईए सदानन्द दाते ने की डीजीपी अजय सिंह से मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड में सदानन्द दाते, भापुसे, महानिदेशक, एनआईए ने अजय कुमार सिंह, भापु से, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड से शिष्टाचार मुलाकात की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने झारखण्ड में आतंकवाद एवं नक्सलवाद के विरूद्धयोजनाबद्ध तरीके से की जा रही कार्रवाई एवं हाल के दिनों में प्राप्त सफलताओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की।इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान झारखण्ड पुलिस के आरके मल्लिक, भापु से, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, डॉ संजय



आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, आशीष बत्रा, पुलिस महानिरीक्षक, एनआईए, मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, ज्योति प्रिया, पुलिस उप-महानिरीक्षक, एनआईए, प्रशान्त आनन्द, पुलिस अधीक्षक, एनआईए तथा अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सभी स्कूली बस संचालक को निर्देश चुनाव में उपलब्ध करायें बस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची जिला के सभी स्कूलों के प्रचार्या /सभी स्कूली बस संचालक को रॉची जिला के परिवहन प्रधिकारी संजीव कुमार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में आसन लोक सभा चुनाव में बसों की उपलब्धता को लेकर रॉची के सभागार कमरा संख्या 207 में बैठक आयोजित कि गई। सभी स्कूली बस संचालक को अधीक से अधीक वाहनों को उपल्ब्ध कराने का निर्देश दिया गया एवं बसों को निर्धारित जगह पर समय से लगाने के लिए कहा गया। अन्य जिलों से मांग की गई बसों की विवरणी पर विचार विम्रष किया गया एवं अन्य जिलों की मांग को लेकर पोलिंग पार्टी हेतु स्कूली बस का उपयोग पर विचार किया गया। इस बैठक में रॉची जिले के सड़क सुरक्षा के कर्मी एवं वाहन कोषांग के कर्मी के उपस्थित थें।

## एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने उल्लास के साथ वार्षिक दिवस मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के महिला कल्याण विंग ने अपना वार्षिक दिवस समारोह उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर के मुख्य अतिथि, अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और सीईओ (एनएमएल) और रेखा जैन, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दीपक जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए, जैन ने कहा कि स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब




अपनी विभिन्न कल्याणकारी और सीएसआर पहलों के माध्यम से समाज में योगदान दे रहा है, जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण यानी वंचितों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, आवश्यक खाद्य पदार्थ प्रदान करना आदि। इस कार्यक्रम में लेडीज क्लब के सदस्यों, बच्चों और कर्मचारियों की भारी भागीदारी के साथ कुछ आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखी गई, जिसने शाम को बहुत ही खास और मनोरंजक बना दिया। इस अवसर पर सीजीएम (एचआर) रजनीश रस्तोगी, जीएम (इंफ्रा), डी श्रीखंडे, जीएम (टीएस), एस पांडेय, जीएम (सी एंड एम), उपाध्यक्ष, शिका रस्तोगी और पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव, मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव, दीपा कुमारी, कोषाध्यक्ष, स्निग्धा रानी मांझी और सांस्कृतिक सचिव, टी परमेश्वरी, परिवार के सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ कर्मचारी उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यसमिति के सदस्य मृत्युंजय शर्मा सहित सैकड़ों ने कांग्रेस का दामन थामा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा चलाये जा रहे ''आ अब लौट चले' के तहत भाजपा कार्यसमिति के सदस्य मृत्युंजय शर्मा, जिला परिषद के पूर्व सदस्य संजय सिंह एवं उनके साथ भाजपा के मंडल महामंत्री सहित सैड़कों कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने माला और कांग्रेस का पट्टा पहनाकर स्वागत किया और कहा कि राहुल गांधी के प्रति जिस प्रकार युवाओं का रूक्षान बड़ा है यह उसी का परिणाम है कि युवाओं को कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा हो रहा है और देश के प्रधानमंत्री के झूठ और प्रपंच से लोग



अब उब चुके है और कांग्रेस की और अपना रूख कर रहे है हम तमाम लोगों का हम कांग्रेस परिवार में स्वागत और हार्दिक अभिनंदन करते हैं।इस अवसर पर डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन काफी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है।

मृत्युंजय शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य संजय सिंह सहित गोतम कुमार शर्मा, मंडल महामंत्री, हीरा लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष मंडल, दिनबन्धु महतो जिला कार्यकारी, कैलाश शर्मा मंडल महामंत्री युवा, अक्षय माहथा मंडल मंत्री, जीमुत वाहन महतो जिला मंत्री, विश्वजीत बनर्जी जिला कार्यकारा, सौरभ कुमार, शक्ति केन्द्र अध्यक्ष, अभिषेक कुमार, राकेश महतो, गुहीराम, नरेश महतो, गंगाधर कर, दुर्गा केवट, संतोष बाउरी, सुकदेव हंसदा, दीपक सिंह, रूपेश ठाकुर सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## रांची नगर निगम के सभी निवर्तमान एवं पूर्व पार्षदगणों के साथ संजय सेठ ने बैठक की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची नगर निगम के पूर्व पार्षदों के साथ रांची के सांसद संजय सेठ , पूर्व डिप्टी मेयर एवं रांची लोकसभा चुनाव के संयोजक संजीव विजय वर्गीय के साथ एक बैठक हिनू में हुई। बैठक में रांची लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि पूरे देश भर में नरेंद्र मोदी की हवा चल रही है।

मोदी की गारंटी और झारखंड के विकास के लिए भाजपा को वोट देना जरूरी हो गया है। जिस तरह नगर निगम चुनाव में आप पार्षद गण गली-गली घूम कर अपने वोटरों को निकलते हैं और उन्हें अपने पास में मतदान करने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं, इसी तरह इस चुनाव में भी वोटरों को निकालना है जो भी वोटर निकलेंगे वह भाजपा को ही वोट देंगे।

इसलिए आप पूरी तन्मयता से चुनाव में लग जाइए। बैठक में मुख्य रूप से अरुण झा, नकुल तिर्की, रोशनी खलखो, सुनीता देवी, अभय कुमार सिंह ,विनोद सिंह, अशोक यादव, सहित लगभग 45 पार्षद उपस्थित रहे।

## नियमों का उल्लंघन करने पर 1142 लोगों का चालान काटा गया

**रांची।** रांची में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले छह दिनों में कुल 1142 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 131, 133,150, 241,241 और 246 चालान शामिल है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने मंगलवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस ,अनाधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनाधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है।

## चोरी की चार बकरियों के साथ एक गिरफ्तार तीन की तलाश जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शहरी क्षेत्र के चोर महंगी गाड़ियों में घूम रहे हैं,और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर मुख्य सड़क और इसके आस पास के ग्रामीणों की एटीएम कहे जाने वाली बकरियों को उठाकर कार में बंद करके फरार हो जा रहे हैं।और शहर में औने पौने दामों में बेचकर मजा कर रहे हैं। ऐसे बकरी चोरों का एक बहुत बड़ा गिरोह की सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को मिली तो उन्होंने नगर पुलिस उपाधीक्षक राजकुमार मेहता के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा 29.04.24 को लोअर बाजार थाना क्षेत्र से लोअर बाजार पुलिस की मदद से एक युवक को गिरफ्तार करने में सफल रही। वहीं तीन युवकों के फरार होने के बाद पुलिस



उसके छानबीन में जुट गई। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोल तथा ब्राउन शुगर , चोरी की एक गाड़ी एवं चोरी की चार बकरियों के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इस घटना में शामिल तीन युवक फरार है उसकी तलाश जारी है।वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभी और बकरी चोरी हैं और जो पनाह दे रहे हैं सभी की तलाश जारी है।

**गिरफ्तार युवक :** रिजवान कुरैशी उर्फ रिज्जु पता गढ़ाटोली थाना सदर जिला राँची।

**पूर्व अपराधिक इतिहासः** (डोरंडा थाना काण्ड संख्या 183/23, 04.07.23, धारा 379/411/34 भा0द0वि0 में आरोप पत्रित है।)

**बरामदगीः** स्वीफ्ट डिजायर कार जिसका निबंधन संख्या जे एच 01 बी पी 2879 सिल्वर रंग कार के डिक्की से कुल चार बकरी जिसमे तीन का रंग काला एवं एक सफेद रंग का, एक छह चक्रीय रिवाल्वर तथा दो जिन्दा गोली 7.65 बोर का, बाउन सुगर जिसका वजन इलेक्ट्रोनिक मशीन से तौलने पर 07.00 ग्राम पाया गया।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारीः** के वी रमन, पुलिस उपाधीक्षक , नगर, राँची, दयानन्द कुमार, पुनिसह थाना प्रभारी, लोअर बाजार। पुअनि संजीव कुमार, प्रभारी खादगढ़ा टी ओ पी, लोअर बाजार,पुअनि सुधीर बाड़ा लोअर बाजार,सअनि भीम सिंह, खादगढ़ा टी ओ पी, लोअर बाजार शामिल हैं।

## कोविशील्ड वैक्सीन के बाद करोड़ों लोग कोरोना से बचे हैं : डॉ विकास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स के न्यूरो विभाग के डाक्टर विकास ने अपने ट्विटर से जानकारी देते हुए बताया है कि अभी यूके मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने कोर्ट में कबूल किया है कि,कोविशील्ड वैक्सीन के साइड इफेक्ट में TTS सिंड्रोम (शरीर में खून का थक्का जमना और प्लेटलेट कम होना )हो सकता है ढ्ढ इसके चलते व्यक्ति में ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैढ्ढइस खबर के बाद लोगों में तरह तरह की सवाल उठ रहे हैं। लगातार फोन से संपर्क कर रहे हैं। इस पूरे संबंधित मामले पर उन्होंने कहा कि चलिए इस बात पर थोड़ा विश्लेषण करते हैं ढ्ढ

बहुत ज्यादा घबराएं नहीं साइड इफेक्ट होने की संभावना वैक्सीन लगाने की कुछ दिनों के अंदर ज्यादा होती है और समय बीतने के साथ यह कम होती चली जाती हैढ्ढ (कुछ लोग घबराकर मुझे मैसेज कर रहे हैं कि हमने कोविशील्ड लिया था)

कंपनी को पहले इस विषय पर पहले ही एडवाइजरी जारी करने की ताकि हम लोग सतर्क रहते ढ्ढइससे रेयर साइड इफेक्ट में रखा गया है ढ्ढपरंतु



इस तथ्य को हम नकार नहीं सकते वैक्सीन के बाद करोड़ों लोग कोरोना से बचे हैं ढ्ढअपने विचार और अढ्ढपने वैक्सीन लेने के बाद कौन-कौन सी साइड इफेक्ट महसूस किया था उसे कमेंट में शेयर कर सकते हैं।

**फिर भी हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए गोल्डन टिप्स :** डॉ विकास के मुताबिक उन्होंने बताया कि आप संतुलित आहार लें, जिसमें फल, सब्जियां, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और हेल्दी फैट्स हों। प्रोसेस्ड और ट्रांस फैट्स से दूरी बनाना ही फायदेमंद है। नमक का प्रयोग कम करें , जरूरत से ज्यादा वजन या मोटापा दिल के दौरे का जोखिम बढ़ाता है। हेल्दी वजन बनाए, रोजाना एक्सरसाइज करें(30-40 मिनट पर डे ),स्मोकिंग से बचें,तनाव को मैनेज करें,नियमित चेक-अप करवाएं(हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल )।

## रामहरि गोप ने रांची लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया, पार्टी में उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक कुल 20 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र खरीदे हैं। अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन दिनांक 30 अप्रैल 2024 को 12 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र खरीदे जबकि पहले दिन 08 अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा खरीदा था। कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय, अरशद अयूब, निर्दलीय,निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी,प्रवीण कच्छप, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, यशस्विनी सहाय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस,प्रवीण चन्द्र महतो, निर्दलीय, सोमा सिंह, जय महाभारत पार्टी,रंजना गिरि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए), बीरेन्द्र नाथ मांझी, अबुआ झारखण्ड पार्टी, देवेन्द्र नाथ महतो, निर्दलीय,कोलेश्वर महतो, निर्दलीय,



विनोद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी शामिल हैं।अम्बेडकराई पार्टी ऑफ इंडिया के अभ्यर्थी रामहरि गोप ने नामांकन दाखिल किया।अब तक रांची संसदीय क्षेत्र से दो अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। सोमवार को एसयूसीआई के अभ्यर्थी मिंटू पासवान ने नामांकन दाखिल किया था।

## युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नरकोपी थाना क्षेत्र के डोरण्डा पीपर टोली गांव निवासी सकुन्ती कुमारी 18 वर्ष पिता स्व जितन उराँव ने रविवार को अपने ही घर में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक के भाई जगदेव उराँव ने नरकोपी थाना में आवेदन देकर बताया की सकुन्ती कुमारी अपने नाना नानी के घर बेड़ो प्रखंड के डोरंडा पंचायत के पीपर टोली गांव में रहती थी. उनका अपना घर बरवाडीह, पोस्ट- सांसग, थाना- चंदवा जिला- लातेहार था. सकुन्ती कुमारी का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था. खबर मिलते ही नरकोपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस ए एस आई चंदन कुमार ने शंव को फांसी के फंदे से उतर कर अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया.

## बंगाल झारखंड बॉर्डर पर जांच के दौरान 56,000 रू बरामद

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए मुरी पुरुलिया बॉर्डर पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, इसी जांच के क्रम मे सोमवार को एक मोटरसाइकिल सवार लड़के को रुकवाया गया एवं बैग का जांच किया गया। जांच के क्रम मे उसके बैग से 56,000 रूपया बरामद किया गया।बरामद रुपये को सत्यापन एवं अग्रिम करवाई हेतु मुरी पुरुलिया सीमा पर तैनात मजिस्ट्रेट को सुपुर्द किया गया।

## पत्नी की मौत के 24 घंटे के अंदर पति ने की आत्महत्या

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्नी के मौत का अभी 24 घंटा भी नहीं हुआ था की पति ने आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार छोटा मुरी निवासी मुकुंद शर्मा की पत्नी संध्या देवी ने सोमवार की दोपहर गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पत्नी संध्या देवी की मौत का अभी 24 घंटा भी नहीं हुआ की पति मुकुन्दं शर्मा ने मंगलवार की सुबह सुबह अपने ही घर पर पंखे के सहारे गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। दोनों पति-पत्नी की मौत से क्षेत्र में शौक की लहर दौड़ पड़ी।

## तमाड़ के लाईफ केयर क्लिनिक में लगी आग

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के तमाड़ खूंटी रोड़ के बस स्टैंड स्थित लाइफ केयर लैब क्लिनिक में शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से पचास हजार रूपया की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। बताया जाता है कि लाइफ केयर लैब नामक क्लिनिक तमाड़ निवासी शिव प्रमाणिक द्वारा चलाया जाता है। प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान बंद कर अपने घर चला गया। 10ः00 बजे के करीब धुआ एवं आग की लपेट देख तमाड़ थाना स्थित एस एस बी 26 वीं बटालियन जी कंपनी के कैंप के जवानों द्वारा आग देखा गया। कैंप के जवानों ओर ग्रामीण युवकों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया।

जब तक आग में काबू पाया जाता तब तक क्लिनिक का सारा सामान जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। समय पर आग में काबू नहीं करने पर बगल स्थित एटीएम तथा एक दुकान में और आग लगने की संभावना थी।जवानों के प्रयास से जिस पर विराम लग गया।

## अंकुश चौहान बने जनता हाई स्कूल +2 खलारी के वाणिज्य संकाय टापर

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड अधिविद्य परिषद के 12वीं वाणिज्य संकाय में जनता हाई स्कूल +2 खलारी के अंकुश चौहान 431 अंक (86.2 प्रतिशत) अंक लाकर अपने विद्यालय के टापर रहे. अंकुश को अंग्रजी में 86, एसीटी में 95, बीएसटी 82, ईटीपी 88, इकोनामिक्स में 80 अंक मिले हैं.दूसरे स्थान पर रहे कैफी नाज को 413 तथा तीसरे स्थान पर रहे नावेद खान को 376 अंक प्राप्त हुए हैं. वाणिज्य में कुल 21 परीक्षार्थियों में 13 प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं. वाणिज्य संकाय का रिजल्ट 95.24 प्रतिशत रहा. वहीं दीपककुमार साह विज्ञान संकाय में स्कूल टापर रहे. दीपक को कुल 356 (71.2 प्रतिशत) अंक प्राप्त हुए हैं. उसे अंग्रेजी में 73, फिजिक्स में 75, केमिस्ट्री में 69, गणित में 83 तथा बायोलाजी में 56 अंक प्राप्त हुए हैं.

इसके अलावा द्वितीय टापर मुस्कान कुमारी को 314 तथा तीसरे स्थान पर रहे शुभम वर्मा को कुल 301 अंक प्राप्त हुए हैं. विद्यालय में विज्ञान में कुल 19 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे. जिनमें मात्र 7 बच्चे उतीर्ण हो सके हैं. कला संकाय में 399 (79.8 प्रतिशत) अंक लाकर अक्षय कुमार विद्यालय टापर बने हैं.

अक्षय को अंग्रेजी में 78, हिन्दी 76, इतिहास 79, पालिटिकल साइंस 81, भूगोल 85 व आईटीएस में 91 अंक मिल हैं. दूसरे स्थान पर रही तब्बू परवीन को 368 तथा तीसरे स्थान पर रही भूमिका कुमारी को कुल 362 अंक प्राप्त हुए हैं.कला संकाय में कुल 256 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे.जिनमें 35 बच्चे प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं. कला संकाय का रिजल्ट 90.63 प्रतिशत रहा . वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्य पुष्पा प्रसाद ने बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दिया है.

# आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है भाजपा : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मांडर :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही सभी भाजपा नेता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मिलकर देश से आरक्षण को खत्म करने की साजिश कर रही है. श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा की यह चाल बहुत अधिक खतरनाक है क्योंकि इसका सीधा-सीधा नुकसान आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यकों के साथ ही देश के सभी लोगों को उठाना पड़ेगा. आज चान्हो के वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज के मैदान में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि भारतीय संविधान में सभी लोगों को समान रूप से चुनाव में एक-एक मत देने का अधिकार दिया गया है और इस अधिकार का उपयोग करने की जिम्मेदारी हम सभी की है. उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि 10 साल के मोदी सरकार के कुशासन को देखने के बाद जरूरत इस बात की है कि ईवीएम में हाथ का बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रिप्लेस कर दिया जाये. श्री तिर्की ने कहा कि कोई चाहे कितना भी कुछ कह ले लेकिन आज सच्चाई की कसौटी पर परखी हुई बात यही है कि गारंटी की बात केवल और केवल कांग्रेस करती है जबकि भारतीय जनता पार्टी पूरी तरीके से जुमलाबाज पार्टी है. इस मामले में उन्होंने भाजपा के प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने और हर एक के खाते में 15 लाख जमा करने के वायदे की चर्चा करते हुए कहा कि अब स्थिति बहुत अधिक चिंताजनक है. उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी वैसी परिस्थिति तैयार कर रहे हैं जब 2024 के बाद चुनाव ही नहीं होगा और अपना जन प्रतिनिधि चुनने का हमारा वह हक हमसे छीन लिया जायेगा जो भारतीय संविधान में हमें दिया गया है. श्री तिर्की ने कहा कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ ही अपने जीवन, अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, उनके अच्छे भविष्य, आवास, राशन आदि का एकमात्र उपाय केवल यही है कि एक-एक व्यक्ति 13 मई को मतदान करे और कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करे।इस अवसर पर अपने संबोधन में झारखण्ड कृषि विपणन परिषद के अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि देश में संविधान रहेगा तभी लोकतंत्र भी रहेगा. लेकिन आज मोदी सरकार अपने अधिकारों का अतिक्रमण करते हुए सभी को तो नुकसान पहुँचा ही रही है पर अब उसके कारण संविधान पर भी खतरा है. श्री सिंह ने सभी लोगों से कहा कि वे कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहे गये पाँच न्याय के साथ ही 25 गारंटी पर भी अपना ध्यान केंद्रित करें और तब उन्हें स्वयं ही समझ में आ जायेगा कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को जीत दिलवाना कितना अधिक जरूरी है क्योंकि यह उक्त कांग्रेस प्रत्याशी की बजाय सभी लोगों की जीत होगी. आज की चुनावी सभा को चान्हो प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, मो. मोज़ीबुल्लाह, बेलस तिर्की, मौलाना कलाम, दिनेश राम, शिव उरांव, अजीत कुमार सिंह, मन्ना उरांव, दिलीप सिंह सुशील मिंज, प्रियंका उरांव, जीवन मिंज, अब्दुल्लाह अंसारी, हफीजुल अंसारी, कुर्बान अंसारी, नूर मोहम्मद, जुल्फिकार अंसारी, जावेद अहमद, चरवा उरांव, अल्फ्रेड मिंज, राम उरांव, सन्नी उरांव, सुजीत शाही, महादेव उरांव, जमील मलिक, सरिता देवी, आलोक मिंज, शशि साहू, दिलीप सिंह, मंगलेश्वर उरांव, सरिता उरांव, आबिद मोहम्मद सहित अनेक कांग्रेस नेताओं ने सम्बोधित किया.

# इंटर परीक्षा मे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के बच्चों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** झारखंड इंटर मिडिएट परीक्षा 2024 मे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल और कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।आर्ट संकाय मे स्कूल से कुल 50 छात्र-छात्राएं इंटर परीक्षा में शामिल हुए।जिसमें से 18 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी,32 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।स्कूल के बच्चों का परिणाम इस वर्ष शत प्रतिशत रहा।स्कूल द्वारा जारी सूचना के अनुसार अजय गंझु 351 अंक प्राप्त कर स्कूल का टॉपर बना है।वही 342 अंकों के साथ सुमन कुमारी दूसरे और 336 अंकों के साथ स्वीटी कुमारी तीसरे स्थान पर रही।इसी तरह जुही कुमारी 331 अंक, पुनीता कुमारी 325 अंक, पवन कुमार 324 अंक,निशा कुमारी व वनिता कुमारी 320 अंक,संतोषी कुमारी 319 अंक और हेमन्ती कुमारी 313 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।स्कूल के बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल के प्रधानाचार्य गणेश कुमार महतो ने परीक्षा में सफल सभी बच्चों को बधाई दी है और आगे उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की है।इसके साथ ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी स्कूल के सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।ज्ञात हो कि इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में भी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल बच्चों को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय मे मंगलवार को वंदना सभा के दौरान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा मे उत्तीर्ण हुए छात्र/छात्राओ को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रचार्या गणेश कुमार महतो और संचालन शिक्षक ओंकार तिवारी ने किया।कार्यक्रम मे गायत्री परिवार से मिथिलेश कुमार,राजू कुमार और मुकेश कुमार मुख्य रूप से मौजुद थे।स्कूल के प्राचार्य गणेश कुमार महतो ने बताया कि संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्कूल से कक्षा पांच से पवन कुमार और बंटी कुमार प्रथम, कक्षा छः से रोशनी कुमारी प्रथम,कक्षा सात से अंतरा कुमारी प्रथम,कक्षा आठ से सुहानी कुमारी प्रथम,कक्षा नवम से सूरज कुमार व नीतू कुमारी प्रथम,कक्षा दस से दिव्या कुमारी प्रथम,कक्षा ग्यारहवीं से रोशनी कुमारी प्रथम और कक्षा बारहवीं से सुमन कुमारी प्रथम स्थान पर रही।स्कूल के प्राचार्य गणेश कुमार महतो ने बताया कि प्रत्येक वर्ष शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर भाग लेती है।

# उलगुलान संघ के केंद्रीय समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूंटी :** झारखण्ड उलगुलान संघ के केन्द्रीय समिति की बैठक में झामुमो के पूर्व विधायक सह झारखण्ड आन्दोलनकारी बसंत लोंगा शामिल हुए। उन्होंने बैठक में अपना विचार रखते हुए कहा कि खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की राजनैतिक गरिमा को बनाए रखने के लिए मैं चुनाव लड़ रहा हूँ। मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एवं झारखण्ड पुरोधा एन. ई. होरो के राजनीतिक विरासत को मिटाने का जो षडयंत्र किया जा रहा है, इसे तमाम झारखण्डियों को समझने की जरूरत है। झारखण्डी अस्तित्व, अस्मिता एवं पहचान को लेकर झारखण्ड अलग राज्य के आन्दोलन की बुनियाद रखने वाले इन महापुरूषों के त्याग और बलिदान को दरकिनार कर कभी भी झारखण्डियों का झारखण्ड नहीं बनाया जा सकता है। इस आम चुनाव को हमें राष्ट्रीय पार्टियों के बहकावे पर नहीं, बल्कि झारखण्डी मुद्दों पर लड़ना होगा, तभी झारखंडियों का भला हो सकता है।

झारखण्ड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा ने भी जोर देते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय मुद्दा को दबाने के लिए भाजपा और कांग्रेस संविधान तथा लोकतंत्र का दुहाई दे रहे हैं, यह हम झारखण्डियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है, इसका मुंहतोड़ जवाब देना होगा इस चुनाव में। बैठक के अन्त में निर्णय लिया गया कि कल दिनांक -1 मई को झारखण्ड उलगुलान संघ के सभी सदस्यों की रणनीतिक बैठक मुंडा कुंजला में आहूत की गई है, जिसमें झामुमो के पूर्व विधायक सह खूंटी लोकसभा प्रत्याशी बसंत लोंगा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से मसीहदास गुड़िया, जीवन हेमरोम, सुबोध पुर्ती, रतन मुंडा, सोमा मुंडा, बेनेदिक्त नवरंगी, आशीष गुड़िया, तिमोथी खलखो, मंगल देमता एवं सुनील गुड़िया आदि उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शिक्षक-अभिभावक की हुई बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को शिक्षक और अभिभावक की एक आवश्यक बैठक प्राचार्य आरबी प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक मे बच्चो के पठन-पाठन सहित बच्चों के सर्वांगीण विकास और अनुशासन पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक तीन चरणो मे हुई।पहले चरण मे कक्षा तीन से पांच तक के बच्चे और अभिभावक बैठक मे शामिल हुए।वही दुसरे चरण मे कक्षा छः से आठ और तीसरे चरण मे कक्षा नवम से बारहवी तक के बच्चे और उनके अभिभावक शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन और अकादमिक पढ़ाई लिखाई पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा।इस दौरान बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने बारी-बारी से अपनी समस्या को रखा,जिस पर प्राचार्य ने जल्द ही समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया।साथ ही सभी अभिभावक से स्कूल के बेहतर संचालन में सहयोग करने की अपील की।बैठक में बढ़ती गर्मी को देखते हुए झारखंड सरकार के द्वारा कक्षा केजी से लेकर आठवी तक के कक्षा को बन्द करने के आदेश की जानकारी दी गई।साथ ही से कक्षा एलकेजी से आठवीं तक ऑनलाइन पढ़ाई चालू करने का निर्णय दिया गया।बैठक मे प्राचार्य आरबी प्रसाद, शिक्षक एके लाल,जीएसपी शर्मा,एसके पाण्डेय,एपी द्विवेदी,सीएस सिंह,मोहम्मद शाहीद,प्रेमसागर,सुमित कुमार के अलावा अभिभावको मे शिशिर गर्ग, डॉ. सारिका सिंह,निशांत कुमार,कौशल्या देवी,पिंकी सोनी,मन्टु यादव,दिलिप महतो,राहुल पाण्डेय,बिजय कुमार,चंडी शाखा सहित काफी संख्या में शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।

## रुगड़ी हाई स्कूल में एसएसबी ने विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के रूगड़ी हाई स्कूल में सशस्त्र सीमा बल 26 वी वाहिनी सी समवाय बासुकोचा के द्वारा मंगलवार को विद्यार्थियों को सीएपीएफ में शामिल होने के लिये जागरूक अभियान चलाया गया। एसएसबी के पदाधिकारी ने सीएपीएफ में शामिल होने कि प्रक्रिया के बारे में बताया गया। साथ ही साथ प्लास्टिक पर रोकथाम व साफ-सफाई के बारे मे समझाया गया। इस अवसर पर निरीक्षक विकास कुमार, सउपनी ताशी अंगचुक, एसएसबी जवान, शिक्षकगण आदि उपस्थित थे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया खूंटी जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूंटी :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने मंगलवार को खूँटी जिले में निर्वाचन की तैयारी सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों एवं घर-घर वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ द्वारा अब तक संपन्न एवं किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली। वहीं कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा निर्वाचन में कार्यरत बीएलओ को इंसेंटिव का प्रावधान है। लेकिन, खराब प्रदर्शन अथवा कार्य मे लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को इंसेंटिव से वंचित रखा जाएगा। उन्होंने सभी बीएलओ को अच्छा कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं ससमय निर्वाचन कार्य पूर्ण करने को कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी के पिपरा टोली बेलाहाथी रोड जाकर मतदाताओं के बीच बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की जानकारी ली। साथ ही उनके द्वारा भरे गये प्रपत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने खूँटी जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्रा रोड स्थित मतदान केंद्रों पर बीएलओ से मुलाकात की एवं लोकसभा निर्वाचन से संबंधित कार्यो के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। इसके अलावा उन्होंने सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस (गर्ल्स), खूंटी एवं सामुदायिक भवन नामकोम स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अब्सेंट/शिफ्टेड/डेथ सूची, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह की अद्यतन जानकारी ली और कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने 3 मई तक सभी मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बीएलओ, सुपरवाइजर एवं वरीय पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने को कहा। इसके पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी जिले के कालामाटी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात जवानों एवं दंडाधिकारी की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए वाहनों के आवागमन पर पैनी नज़र रखने, वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान खूंटी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी आदि मौजूद थे।

# आबुआ दिशुम आबुआ मेला का हुआ भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नामकुम :** आबुआ दिशुम आबुआ मेला (डीसी मेला) दिसकिली, राजाउलातु में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित हुए। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने मेला को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें पुर्वजों के द्वारा जल जंगल जमीन की रक्षा किया। आज पूर्वजों का देन है कि इस क्षेत्र में अमन-चैन की जिन्दगी जी रहे हैं। आबुआ दिशुम आबुआ मेला हर साल विगत 47 सालों से 29 अप्रैल को बड़ी धुम धाम से मनाया जाता है। आपको बता दें कि इस क्षेत्र में फील्ड फायरिंग रेंज के नाम लगभग 52 गांव प्रभावित थे। इस क्षेत्र में फील्ड फायरिंग रेंज के नाम से ग्रामीण काफी दहशत में थे। धीरे-धीरे ग्रामीण उग्र होने लगे। धीरे-धीरे आन्दोलन का रुप लेने लगा जिसका नेतृत्व इस क्षेत्र के जाने माने कद्दावर जन-जन के आन्दोलनकारी नेता सावना लकड़ा उर्फ सावना बाबा ने अगुवाई करने लगे। आन्दोलन काफी दिनों तक चला। उग्र आन्दोलन को हार मान कर सरकार ने फील्ड फायरिंग रेंज को स्थगित करने में मजबूर होना पड़ा। सरकार ने फील्ड फायरिंग रेंज को स्थगित करने का एक आदेश जारी किया। इस आदेश को उग्र आन्दोलन के जनसभा में आकर तत्कालीन उपायुक्त (डीसी) ने पढ़ कर सुनाया। इस आदेश को सुनते ही क्षेत्र में खुशी का लहर होने लगा। इसी खुशी को मनाने के लिए हर वर्ष 29 अप्रैल को आबुआ दिशुम आबुआ मेला (डीसी) मेला का आयोजन किया जाता है। इस मेला में खोड़ा नाच एवं रात्रि में आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया।

मौके पर सावना लकड़ा के धर्मपत्नी सीता लकड़ा, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, जिला परिषद सदस्य बिपिन टोप्पो,उप प्रमुख वीणा देवी, आदिवासी सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव, मुखिया रंजीत लकड़ा, महादेव मुण्डा, मेला समिति के अध्यक्ष सुशील लकड़ा, सचिव प्रकाश लकड़ा, मुक्तिलता जिलूहर, खुदिया कच्छप, विनोद लोहरा, ग्राम प्रधान बुधू लकड़ा, सुनील उरांव, बिरसा कच्छप, बिजो लकड़ा, कल्याण लिण्डा, समीर टोप्पो, सुलेमान कच्छप, मंगल हेमरोम, बसंत कुजूर, दमनीक कच्छप, बिरसा पहान बिरसा लकड़ा, मनोज लकड़ा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा रुमियन का नया ग्रेड पेश किया

**रांची/जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आधिकारिक तौर पर टोयोटा रुमियन के नए ग्रेड जी-एटी की बुकिंग और कीमत की घोषणा की है। साथ ही ई-सीएनजी बुकिंग भी फिर से शुरू की है। नए लॉन्च किए गए जी-एटी वैरिएंट से उम्मीद है कि यह अपने बेजोड़ स्पेस और आराम, बेहतरीन ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम एक्सटीरियर डिज़ाइन के साथ रुमियन की बाज़ार में स्वीकार्यता को और बढ़ाएगा। टीकेएम की यह नवीनतम पेशकश 13,00,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी, जिसकी डिलीवरी 5 मई से शुरू होने की उम्मीद है। ग्राहक 11,000 रुपये की बुकिंग फीस के साथ किसी भी अधिकृत डीलरशिप पर या ऑनलाइन इस वाहन की बुकिंग कर सकते हैं।टोयोटा रुमियन जी-एटी वेरिएंट 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ 1.5-लीटर के सीरीज पेट्रोल इंजन से संचालित है, जिसमें नियो ड्राइव (आईएसजी) तकनीक है जो प्रतिक्रियाशील प्रदर्शन सुनिश्चित करती है।टीकेएम के वाइस प्रेसिडेंट - बिक्री और रणनीतिक विपणन, सबरी मनोहर ने कहा, टोयोटा रुमियन लाइनअप में हम नए ग्रेड को जोड़ने की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। इस तरह गतिशीलता की उनकी आवश्यकताओं और जरूरतों के आदार पर ग्राहकों को व्यापक पसंद और अधिक विकल्प मिलेंगे।जी-एटी वेरिएंट की बुकिंग अब शुरू हो गई है। अगस्त 23 में लॉन्च किये जाने के बाद से, टोयोटा रुमियन ने ग्राहकों के बीच बहुत उत्साह पैदा किया है, जिससे मजबूत पूछताछ और अच्छी बुकिंग हुई है।



## जेसीआई का लाइफस्टाइल पहचान मेला बिष्टुपुर तुलसी भवन में 2 से 4 मई तक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की महिलाओं द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु बिष्टुपुर तुलसी भवन में तीन दिवसीय लाइफस्टाइल पहचान मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का आयोजन 02 से 04 मई तक किया जा रहा हैं। इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। मेला तीनों दिन सुबह 10 से रात 08.30 बजे तक चलेगा। इस प्रदर्शनी मेला में कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार, पेंटिंग आदि के स्टॉल लगाये जा रहे हैं। जिसमें सही दाम पर एक ही छत के नीचे अनेक समान लोगों को मिलेगा। मेला में जमशेदपुर, रांची, कोलकाता, मुंबई आदि शहरों से भी महिलाएं स्टॉल लगाने के लिए आ रही हैं। इसे सफल बनाने में संस्थापक अध्यक्ष कविता धूत, अध्यक्ष बीना देबुका, सचिव मोनिका बाकरेवाल, कोषाध्यक्ष पूजा मोदी, किरण अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, सुजीता अग्रवाल, संगीता गुप्ता, नीमा मोदी, सहित संस्था की सभी महिलाएं लगी हुई हैं।



## टांगराईन गांव में चला स्वच्छता अभियान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वच्छता हर व्यक्ति की पहली और प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए, खाने पीने की तरह ही व्यक्ति का व्यक्तिगत सफाई के साथ-साथ परिवेश की सफाई भी बेहद आवश्यकता है इस बात को चरितार्थ करते हुऐ उत्क्रमित मध्य विद्यालय ,टांगराईन के अध्यापकगण, छात्र-छात्राओं, गांव के युवाओं व बुजुर्गों ने सफाई अभियान का बीड़ा उठाते हुए गांव के हर गली मोहल्ले एवं मुख्य तालाब के स्नान घाट परिसर को साफ किया। अभियान सुबह पांच बजे से शुरू हुआ।अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शिक्षाविद एवं समाजसेवी जयहरि सिंह मुंडा ने कहा स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है ।हर व्यक्ति को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है। गांव के हर नागरिक को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि स्वच्छता एक आदत है और आदत को बच्चों में समाहित करना हमारा कर्तव्य है। कुछ समय के अंतराल में छात्र-छात्राओं के द्वारा इसे लगातार चलाया जाएगा।इस अभियान में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के अलावे गांव के शिक्षाविद जय हरि सिंह मुंडा ,डॉ सुबल दास, विद्याधर मंडल ,ग्राम प्रधान मंगल पान, प्रभाष चंद्र माझी, श्यामल दास,विश्वनाथ माझी, भावतारण दास, गुरु चरण माझी ,लेले माझी ,त्रिनाथ मंडल, प्रणब सिंह मुंडा, समीर भगत लाडे माझी , समाजसेवी उज्वल कुमार मंडल , शिक्षक राजीव सिंह अमल दीक्षित, निरंजन सरदार ,राजेंद्र सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे ।



## एहसास के रक्तदान शिविर में 65 यूनिट रक्त संग्रह, विधायक संजीव सरदार ने बढ़ाया हौसला

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को मानगो के अजवा ट्रेड सेंटर में एहसास द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस रक्तदान शिविर में युवाओं का खास उत्साह देखने को मिला. रक्तदान शिविर में 65 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने एहसास के मुख्य संरक्षक और पोटका के विधायक संजीव सरदार मौजूद रहे. उन्हे युवाओं को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया और संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की.एहसास के अध्यक्ष अकरम खान ने बताया की बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है क्युकी गर्मी के महीनों में ब्लड बैंक में रक्त की भरी कमी हो जाती है और शहर के अस्पतालों में मरीजों को काफी दिक्कत होती है इसलिए यह शिविर का आयोजन किया गया है. इस आयोजन को सफल बनाने में हयात अली, तनवीर अहसन, ज़की अहमद, टीपू सुल्तान, तापस कालिंदी, शहंशाह आलम समेत अन्य लोगो की अहम भूमिका रही।




# बिद्युत बरण महतो ने जमशेदपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में दाखिल किया नामांकन

- नामांकन सभा में उमड़ी भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़
- केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन मुंडा, बालमुकुंद सहाय, रामचंद्र सहिस समेत कई नेतागण हुए शामिल





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बिद्युत बरण महतो ने मंगलवार को जमशेदपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय जनजातीय एवं कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, आजसू के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत कई बड़े नेतागण मौजूद रहे। इससे पहले, साकची स्थित बोधि मंदिर मैदान में बिद्युत बरण महतो के नामांकन सभा में जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत छह विधानसभा के चालीस मंडल क्षेत्र से मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए। इस दौरान एनडीए घटक दल के तमाम बड़े नेतागण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। नामांकन सभा के दौरान जमशेदपुर लोकसभा के सह प्रभारी मुरलीधर केडिया, लोकसभा संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जिला प्रभारी सह पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, सह संयोजक एवं पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, सह संयोजक अनिल सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, पुर्वी सिंहभूम ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव समेत आजसू के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह एवं लोजपा के प्रदेश सचिव सुमन शर्मा एवं भाजपा के कई वरीय नेताओं के संग जमशेदपुर महानगर एवं पुर्वी सिंहभूम जिला के सभी प्रमुख नेतागण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। नामांकन सभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ जमशेदपुर सहित झारखंड के सभी 14 सीटों पर भाजपा एवं एनडीए की जीत का आह्वान किया। वहीं, केंद्रीय जनजाति एवं कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा में विद्युत वरण महतो को वोट देकर तीसरी बार सांसद बनाने एवं नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। जमशेदपुर के निवर्तमान सांसद बिद्युत बरण महतो ने नामांकन सभा के दौरान जमशेदपुर की जनता और भाजपा, आजसू, लोजपा एवं जेडीयू कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि नामांकन सभा में उमड़े कार्यकर्ताओं के जनसैलाब से इंडी गठबंधन के नेताओं की नींद आज से उड़ जाएगी। नामांकन सभा के दौरान पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पद्मश्री जमुना टुडू, पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, कल्याणी शरण, पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र सिंह, मुचिराम बाउरी, लखन मार्डी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह, ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, दिनेश कुमार, दिनेश साव, नीरज सिंह, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल आदि मौजूद थे।

## युवा कांग्रेसी नेता प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने किया कालीचरण के पक्ष में जनसम्पर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह प्रभारी जिला अध्यक्ष प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने कुचाई प्रखंड के गोमियाडीह पंचायत के मेरोमजंगा, गोमियाडीह, बाडू, इचाडीह, कुदाडीह आदि गांव में जाकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को विजयी बनाने की अपील की। साथी ही साथ कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किया गया कांग्रेस गारंटी कार्ड भी उक्त ग्राम के ग्रामीणों को देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा पांच न्याय 1. युवा न्याय 2. नारी न्याय 3. किसान न्याय4. श्रमिक न्याय 5. हिस्सेदारी न्याय के बारे में आम जनों के समक्ष रखा।मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बलभद्र महतो जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार मुंडा, आई आलम, बीरेंद्र नायक सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिस्टुपुर में टाटा स्टील यूआईएसएल ने किया 500 केएलडी सीवेज पंपिंग स्टेशन का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने आज बिस्टुपुर में 500 केएलडी सीवेज पंपिंग स्टेशनों का उद्घाटन किया। कैप्टन धनंजय मिश्रा ने इसका उद्घाटन किया। इस दौरान चाणक्य चौधरी, चेयरमैन, टाटा स्टील यूआईएसएल, प्रबंध निदेशक, रितु राज सिन्हा और प्रणय सिन्हा, चीफ, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने इस समारोह का नेतृत्व किया। इसकी क्षमता प्रतिदिन 500,000 लीटर पानी रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है।कैप्टन धनंजय मिश्रा ने इस पहल को साकार करने में शामिल सभी हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता पर ऐसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया। वहीं रितु राज सिन्हा ने समावेशी विकास को बढ़ावा देने और सामुदायिक लचीलापन बढ़ाने में टिकाऊ बुनियादी ढांचे के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने में सभी हितधारकों के ठोस प्रयासों की सराहना की।

## एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के नामांकन में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को भाजपा के पटमदा, बोड़ाम व कमलपुर मंडल अंतर्गत विभिन्न गावों के सैकड़ों कार्यकर्ता दर्जनों बसों व चार पहिया वाहनों में सवार होकर जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। इसके पहले पटमदा के बेलटांड़ चौक पर सभी कार्यकर्ता एकत्रित हुए थे। इस दौरान भाजपा नेता मुचीराम बाउरी, प्रदीप कुमार महतो, प्रदीप बेसरा, संदीप मिश्रा व महावीर महतो ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, विद्युत वरण महतो जिंदाबाद, अबकी बार चार सौ पार, फिर से मोदी सरकार का नारा बुलंद करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इसके बाद रैली की शक्ल में सभी कार्यकर्ता जमशेदपुर के लिए रवाना हुए।

## खरसावां में आगामी 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने को लेकर हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** प्रतीक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज के द्वारा खरसावां शहरी क्षेत्र के बाजार साई में स्थित मां बासंती मंदिर परिसर में सरायकेला खरसावां श्री परशुराम शक्ति सेना कमिटी द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। बैठक में आगामी 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव को काफी धुमधाम व? भव्य तरीके से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही ब्राह्मण समाज की एकजुटता के साथ आने वाले पीढीयों को भी अपने परंपरा को बचाए रखने के लिए आगे आना अति आवश्यक है। बैठक में मुख्य रूप से परशुराम शक्ति सेना केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक पांडे, केंद्रीय उपाध्यक्ष सुशील सारंगी, सौरभ पाठक, जिला के उपाध्यक्ष सुजीत हाजरा, जिला सदस्य सरोज मिश्रा, खरसावां के राजपुरोहित अंबुजाख आचार्य, आदि उपस्थित थे।

## एसएस प्लस टू उवि गम्हरिया के 98 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** जैक द्वारा घोषित बारहवीं साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स के परीक्षा परिणाम में एसएस प्लस टू उवि, गम्हरिया के 98 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए है। बारहवीं साइंस में विद्यालय की चार छात्राएं तथा आर्ट्स में दो छात्राए जिले की टॉप टेन में शामिल होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इससे विद्यालय में हर्ष व्याप्त है। प्रधानाध्यापक मिठाई लाल यादव ने बताया कि वर्ष 2024 के बारहवीं साइंस की परीक्षा में इस विद्यालय से कुल 46 बच्चे सम्मिलित हुए थे जिसमें 34 बच्चे और 06 द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए हैं। इसमे 451 अंक प्राप्त कर आशामणि महतो जिले की प्रथम टॉपर, 445 अंक लाकर खुशी स्वर्णकार द्वितीय टॉपर तथा 439 अंक लाकर वर्षा नंदी चतुर्थ टॉपर रही जबकि 427 अंक लाकर सुप्रिया महतो जिले की छठा टॉपर रही। बारहवीं आर्ट्स में जिले कि द्वितीय टॉपर रही विद्यालय की छात्रा तृप्ति दास ने 86.80 प्रतिशत तथा पांचवां टॉपर रही नीतू दास को 83.80 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। आर्ट्स की परीक्षा में विद्यालय से कुल 345 बच्चे शामिल थे जिसमें 296 प्रथम, 106 द्वितीय तथा 01 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार, बारहवीं कॉमर्स की परीक्षा में विद्यालय के कुल 63 बच्चे शामिल हुए थे जिसमें 44 प्रथम श्रेणी से और 18 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण घोषित किए गए।



## चुनाशाह बाबा के चादर पोशी में उमड़े अकीदतमंद, पेश की गई चादर, मांगा दुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित हज़रत बादशाह अब्दुर्रहीम उर्फ चुनाशाह बाबा का 55वां सालाना उर्स शरीफ के आज तीसरे दिन दरगाह कमिटी के गद्दी नशीन ताज अहमद के नेतृत्व में सुबह 10 बजे चादर व संदल गस्त किया गया। इसके बाद चादर दरगाह से निकलकर बिष्टुपुर मुख्य मार्ग से होते हुए वापस दरगाह पहुंचा। 1ः20 बजे दोपहर को चादर पोशी किया गया। इस दौरान दरगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल लतीफ़, उपाध्यक्ष मो नेयाज खान, महासचिव हाजी एस.एम. कुतबुद्दीन, संयुक्त सचिव डॉ जिया अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल वहाब अंसारी- उप कोषाध्यक्ष हाजी मो वसी के अलावा काफी संख्या में कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।इस दौरान काफी संख्या में दूर दराज से जायरीन शरीक हुए। वहीं 2 बजे दिन से लंगर का वितरण किया गया। रात 9 बजे महफिले शमा (कव्वाली) का आयोजन हुआ। 1 मई (बुधवार) 2 बजे दिन से लंगर का वितरण और रात 9 बजे कव्वाली का शानदार आयोजन होगा, जिसमे फनकार असलम निजामी कव्वाल एण्ड पार्टी कानपुर, यूपी और मोईन निजामी कव्वाल एण्ड पार्टी कानपुर, यूपी कलाम पेश करेंगे।



## सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय में मेधावी छात्र सम्मान समारोह 2024 आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** शिशु मंदिर उच्च विद्यालय सरायकेला के शांतिकुंज में मंगलवार को मेधावी छात्र सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। जिसमे माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण सर्वोत्कृष्ट 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जमशेदपुर विभाग के विभाग प्रमुख तुलसी प्रसाद ठाकुर, जिला मातृ संस्था के संचालक सत्यनारायण अग्रवाल, मातृ संस्था सरायकेला के जिला प्रचारक निरंजन कुमार, विद्यालय प्रवंधकारिणी समिति के अध्यक्ष रामनाथ आचार्य, उपाध्यक्ष विशकेशन सतपथी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्या विकास समिति झारखंड प्रांत के जमशेदपुर विभाग के विभाग प्रमुख तुलसी प्रसाद ठाकुर ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को एक नया रास्ता मिलता है। यही सफल बच्चे आगे चलकर समाज में अपना विशिष्ट स्थान प्राप्त करते हैं। इन्हीं को देख हमारे भैया बहन भी उन्हीं के बताए गए रास्ते पर चलते हैं, जिससे समाज की प्रगति में अपना योगदान देते है। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष रामनाथ आचार्य ने कहा माध्यमिक परीक्षा में सफलता में हमारे विद्यालय के आचार्य दीदी के साथ-साथ अभिभावकों का भी विशेष सहयोग का परिणाम है। इस अवसर पर प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को स्मारक और माता-पिता को अंग वस्त्र और तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया।



## इंटर आर्ट्स व साइंस का परीक्षा परिणाम : जिला टॉप टेन की सूची में पटमदा-बोड़ाम की 5 छात्रा व 1 छात्र शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** मंगलवार को जैक बोर्ड द्वारा एक साथ इंटर की तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें आर्ट्स की जिला टॉप टेन सूची में पटमदा एवं बोड़ाम की 4 छात्रा व 1 छात्र शामिल हैं जबकि साइंस में 1 छात्रा को जगह मिली है। साइंस टॉप टेन की सूची में बोड़ाम प्रखंड के जामबनी गांव निवासी सह केजीबीवी जमशेदपुर की छात्रा नंदिता महतो ने 446 अंक के साथ आठवां स्थान हासिल किया है। उसके पिता किसान व माता आंगनबाड़ी सेविका हैं। जबकि आर्ट्स में जामबनी गांव की ही लक्ष्मी महतो ने 431 अंक के साथ दिघी भूला प्लस टू हाई स्कूल से जिले की थर्ड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। इसके अलावा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बोड़ाम की छात्रा सोमा साव को 426 अंक प्राप्त हुए हैं। वह जमशेदपुर प्रखंड के मालियांता गांव की रहने वाली है। दिघी भूला प्लस टू हाई स्कूल का छात्र लालटू महतो को 421 अंक प्राप्त हुए हैं। वह बेलडीह गांव का रहने वाला एवं अत्यंत ही गरीब परिवार से है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पटमदा की छात्रा सम्पा महतो को 420 अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं दिघी भूला प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा उत्तरा सिंह को 419 अंक प्राप्त हुए हैं।



## इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी समीर मोहंती का कांग्रेसियों ने किया जोड़दार स्वागत, चुनाव रणनीति पर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में आयोजित की गई।जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी समीर मोहंती का भव्य स्वागत जिला पदाधिकारियों ने किया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने सर्वप्रथम प्रोटोकॉल के तहत गठबंधन प्रत्याशी को शॉल प्रदान कर स्वागत किया, विधायक मंगल कालिंदी, प्रमोद लाल, शेख बदरूद्दीन को अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया।बैठक मे लोकसभा चुनाव मे समीर मोहंती कि जीत के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक मे शामिल समीर मोहंती ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं कों चुनाव मे पूरी ताकत के साथ देने कि योजना पर चर्चा किया है।कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे ने कहा कि लोकसभा चुनाव मे जिला पदाधिकारी, प्रखण्ड अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, अग्रणी संगठन विभाग के सभी कांग्रेस कार्यकर्त्ता नेता इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए काम करेंगे। वारिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन लिया जायेगा। वहीं इंडिया गठबंधन के जेएमएम प्रत्यासी समीर मोहंती ने कहा कि बहरागोड़ा से पटमदा, बोदाम, पोटका, घाटशीला, डूमरिया, गुडाबांदा, चाकुलिया, धालभूमगढ, जमशेदपुर ग्रामीण के सभी ग्रामीण क्षेत्र कि जनता सांसद से नाराज है।आज के कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस के नेता रामाश्रय प्रसाद, खगेन चंद्र महतो, रघुनाथ पाण्डेय, महेंद्र मिश्रा, जसाई मार्डी, आनन्द मय पात्रा, अवधेश सिंह, योगेन्द्र सिंह यादव, अमरजीत नाथ मिश्रा, मृत्युंजय महतो, फूलचंद महतो आदि मौजूद थे।



## झामुमो के प्रबल दावेदारों में शामिल आस्तिक महतो नहीं करेंगे समीर का प्रचार

### महाबीर के साथ आने से कार्यकर्ताओं में उत्साह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी के रूप में प्रबल दावेदार रहे वरिष्ठ नेता आस्तिक महतो व युवा नेता महाबीर मुर्मू में से अब भी आस्तिक महतो नाराज ही चल रहे हैं। जबकि रविवार को जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिली सलाह के बाद महाबीर मुर्मू मैदान पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में उतर गए हैं।आस्तिक महतो ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जमशेदपुर से चुनाव लड़ने की संभावना पर भी विराम लगा दिया है। साथ ही उन्होंने घोषणा किया है कि वह अब किसी भी प्रत्याशी के लिए वोट नहीं मांगेंगे। झामुमो की ओर से बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती को इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद से ही वह काफी नाराज चल रहे हैं और इसके लिए अपने ही लोगों को दोषी मान रहे हैं जिनसे अंतिम समय पर उन्हें धोखा मिलने की बात बताई जा रही है। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि मुझे तो अपनों ने लूटा, गैरों में कहां दम था, मेरी कश्ती थी डूबी वहां जहां पानी कम था। उन्होंने इशारों इशारों में ही समीर मोहंती को उनका टिकट काटने का जिम्मेवार मान रहे हैं क्योंकि उन्हें पार्टी हाई कमान से पैरवी करने की जिम्मेदारी दी गई थी।मगर जब पार्टी ने समीर को ही लड़ने का प्रस्ताव दिया तो वह बिना आस्तिक महतो से एक बार भी पूछे टिकट पर हामी भर दी। आस्तिक महतो के करीबियों के मुताबिक उन्हें इस बात की अधिक शिकायत है कि टिकट के लिए उनसे रायशुमारी भी नहीं की गई। अगर पार्टी की ओर से जिले के सभी विधायकों की उनके साथ बैठक करते हुए उनके सामने ही समीर को टिकट दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया जाता तब भी वह खुशी-खुशी मान लेते। क्योंकि जब विधानसभा चुनाव के दौरान कोल्हान प्रमंडल की अधिकांश सीटों पर टिकट बंटवारे की प्रक्रिया चल रही थी तो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनसे सलाह लेकर ही टिकट बांटा था और लोकसभा में उनको ही टिकट देने का वादा किया था। इसके अलावा अब तक जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी समेत कई चुनावों में पार्टी प्रत्याशी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले महाबीर का साथ मिलने से लोकसभा प्रत्याशी समीर मोहंती को इसका फायदा मिलने की उम्मीद है।



संपादकीय

## कांग्रेस बनाम वाम मोर्चा

**इतिहास** में झांकें, तो कांग्रेस और खासकर सीपीएम दोनों दुश्मन भी रहे हैं और अवसरवादी मित्र भी रहे हैं। प्रसंगवश 2004 का उल्लेख करता हूं। कांग्रेस 145 सीटें जीत कर लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा 138 सीटें ही जीत पाई थी। अर्थात जनादेश त्रिशंकु था, लिहाजा खिचड़ी सरकार ही बननी थी। उस लोकसभा में वामदलों के कुल 61 सांसद जीत कर आए थे। यह उस दौर में वाम की सबसे शानदार और बड़ी चुनावी जीत थी। तत्कालीन सीपीएम महासचिव हरकिशन सिंह सुरजीत ने मध्यस्थता की और कांग्रेस के नेतृत्व में, भाजपा-विरोधी दलों को जोड़ कर, यूपीए का गठन किया। सोनिया गांधी को उसका अध्यक्ष बनाया गया। डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनाए गए और सीपीएम सांसद सोमनाथ चटर्जी को स्पीकर का पद देकर वाममोर्चे को नवाजा गया। परोक्ष रूप से तब केंद्र में वाममोर्चे की ही सरकार थी, क्योंकि सभी महत्वपूर्ण निर्णय वाममोर्चे की सहमति से ही लिए जाते थे। कांग्रेस-वाम मित्रता की यह मिसाल कुछ और राज्यों में भी देखी गई, जहां दोनों ही दल विपक्षी गठबंधन के घटक थे। बंगाल, केरल, त्रिपुरा में वाम और कांग्रेस के बीच राजनीतिक शत्रुता बनी रही। केरल में तो दो ही मोर्चे सक्रिय रहे-वामदलों के नेतृत्व वाला फ्रंट तथा कांग्रेस नेतृत्व वाला यूनाइटेड फ्रंट। दोनों ही दल और मोर्चे मौजूदा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के भी औपचारिक घटक हैं। यूपीए के आखिरी दौर में 'परमाणु करार' के मुद्दे पर मनमोहन सरकार से वाममोर्चे ने समर्थन वापस ले लिया, लेकिन तब मुलायम सिंह यादव की सपा और अन्य सांसदों के समर्थन से सरकार बची थी, लेकिन 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद जो भी विपक्षी गठबंधन बना, उसमें कांग्रेस और वामपंथी दोनों ही रहे। चूंकि अब लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, लिहाजा बंगाल, केरल और त्रिपुरा में दोनों ही पक्ष 'कट्टर प्रतिद्वंद्वी' की भूमिका में हैं। केरल तो कांग्रेस के लिए चुनावी जीवन-रेखा है। 2019 के आम चुनाव में केरल में कांग्रेस नेतृत्व के यूनाइटेड फ्रंट ने 20 में से 19 सीटें जीत कर वाम को ध्वस्त कर दिया था। वाम का एकमात्र सांसद चुना गया था। हालांकि तमिलनाडु में वाममोर्चे के 2 सांसद चुने गए थे। कांग्रेस के कुल 52 सांसद चुने गए थे, जिसमें केरल के 15 सांसद थे। इस बार वाममोर्चा यूं ही हथियार डालने को तैयार नहीं है, लिहाजा शब्दों और अलंकारों की लड़ाई शुरू हो गई है। कांग्रेस और वाम एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने की राजनीति कर रहे हैं। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को केरल में भी है। मुख्यमंत्री पी. विजयन ने फरवरी में ही कांग्रेस की तीखी आलोचना करते हुए चुनाव-प्रचार शुरू कर दिया था। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा को 'एकाधिकारवादी' करार दिया। इस बार वायनाड की सीट पर राहुल गांधी का चुनाव भी आसान नहीं है। उनके खिलाफ सीपीआई की उम्मीदवार एनी राजा को उतारा गया है, जो सीपीआई महासचिव डी. राजा की पत्नी हैं और राजनीतिक तौर पर खूब सक्रिय रही हैं। वाम की पूरी सरकार उनके साथ प्रचार में व्यस्त है। केरल के नेता 'अमूल बेबी' नामक आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, तो कांग्रेस भी पीछे नहीं है। क्या ऐसी ही चुनावी प्रतिद्वंद्विता को 'मैत्री-लड़ाई' कह सकते हैं? मुख्यमंत्री और राहुल गांधी एक-दूसरे पर बंदूक ताने सक्रिय हैं। वाममोर्चे की लोकप्रियता और स्वीकार्यता लगातार घट रही है। 2019 में सीपीएम ने 69 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन मात्र 3 ही सांसद जीत कर संसद तक पहुंच पाए। मात्र 2 फीसदी वोट मिले, जो सबसे कम रहा है। इस बार सीपीएम केरल में ही 15 सीटों पर लड़ रही है, जबकि बंगाल में 23 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। केरल 'मरो या मारो' की स्थिति में है। बेशक राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस और वाम जिस तरह 'मैत्री-लड़ाई' की आड़ में चुनाव लड़ रहे हैं, उसकी प्रासंगिकता क्या है? क्या उससे भाजपा को ही फायदा नहीं होगा? विपक्ष में वामपंथी और कांग्रेसी लड़ रहे हैं। चुनाव के निष्कर्ष का आकलन यहीं से किया जा सकता है।

> प्रसंगवश 2004 का उल्लेख करता हूं। कांग्रेस 145 सीटें जीत कर लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा 138 सीटें ही जीत पाई थी। अर्थात जनादेश त्रिशंकु था, लिहाजा खिचड़ी सरकार ही बननी थी। उस लोकसभा में वामदलों के कुल 61 सांसद जीत कर आए थे। यह उस दौर में वाम की सबसे शानदार और बड़ी चुनावी जीत थी। तत्कालीन सीपीएम महासचिव हरकिशन सिंह सुरजीत ने मध्यस्थता की और कांग्रेस के नेतृत्व में, भाजपा-विरोधी दलों को जोड़ कर, यूपीए का गठन किया। सोनिया गांधी को उसका अध्यक्ष बनाया गया। डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनाए गए और सीपीएम सांसद सोमनाथ चटर्जी को स्पीकर का पद देकर वाममोर्चे को नवाजा गया। परोक्ष रूप से तब केंद्र में वाममोर्चे की ही सरकार थी, क्योंकि सभी महत्वपूर्ण निर्णय वाममोर्चे की सहमति से ही लिए जाते थे।

### वर्ष 2000 तक भारत का दवा निर्माण क्षेत्र लगभग पूरी तरह से आत्मनिर्भर था

## आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता दवा क्षेत्र

डा. अश्वनी महाजन

> वर्ष 2000 तक दवा निर्माण के क्षेत्र में जिन एपीआई की आवश्यकता होती थी, वे अधिकांशत: भारत में ही निर्मित होते थे। देश में इनके निर्माताओं में आवश्यक प्रतिस्पर्धा भी थी, जिसके कारण दवा निर्माताओं को देश में एपीआई आसानी से और उचित कीमत पर उपलब्ध होते थे। इसके कारण देश का दवा उद्योग न केवल तेजी से आगे बढ़ रहा था, बल्कि दुनियाभर के लोगों को उचित कीमत पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने में भी समर्थ था। चीन ने एक षड्यंत्र के तहत भारत के एपीआई क्षेत्र को तबाह करना शुरू किया।

**लंबे** समय से चीन पर निर्भर भारत के फार्मा क्षेत्र को अब कुछ राहत मिलने लगी है। कारण है आत्मनिर्भर भारत अभियान। गौरतलब है कि वर्ष 2000 तक भारत का दवा निर्माण क्षेत्र लगभग पूरी तरह से आत्मनिर्भर था। दवा निर्माण में जो आवश्यक सामग्री इस्तेमाल होती है, उसे एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स, यानी एपीआई के नाम से जाना जाता है। वर्ष 2000 तक दवा निर्माण के क्षेत्र में जिन एपीआई की आवश्यकता होती थी, वे अधिकांशतः भारत में ही निर्मित होते थे। देश में इनके निर्माताओं में आवश्यक प्रतिस्पर्धा भी थी, जिसके कारण दवा निर्माताओं को देश में एपीआई आसानी से और उचित कीमत पर उपलब्ध होते थे। इसके कारण देश का दवा उद्योग न केवल तेजी से आगे बढ़ रहा था, बल्कि दुनियाभर के लोगों को उचित कीमत पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने में भी समर्थ था। चीन ने एक षड्यंत्र के तहत भारत के एपीआई क्षेत्र को तबाह करना शुरू किया। चीन से आने वाले एपीआई को अत्यंत ही कम कीमतों पर भारत में भेजा जाने लगा। इसका असर यह हुआ कि भारत का एपीआई उद्योग प्रतिस्पर्धी नहीं रहा और हमारी एपीआई इकाइयां धीरे-धीरे करके बंद होने लगी। एक उदाहरण से यह बात स्पष्ट की जा सकती है। एमोक्सीसाइक्लिन नाम की एंटीबायोटिक दवा, एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट पेनीसिलिन-जी से व्युत्पन्न उत्पाद है। पेनीसिलिन-जी नाम की एपीआई भारत में पर्याप्त मात्रा में बनती थी और उसका अंतरराष्ट्रीय मूल्य लगभग 22 डॉलर प्रति किलोग्राम था। लेकिन चीन ने इस एपीआई की डंपिंग 9 डॉलर प्रति किलो से भी कम पर करनी शुरू कर दी। इसके कारण भारत की इस एपीआई को बनाने वाली इकाइयां बंद हो गईं। उसके बाद चीन ने इसी एपीआई को पहले दोगुणा और फिर चार गुणा कीमत पर बेचना शुरू कर दिया। किसी विकल्प के अभाव में भारत की दवा कंपनियों को यह एपीआई, चीन द्वारा निर्धारित कीमत पर खरीदना जरूरी हो गया। लगभग यही स्थिति अन्य एपीआई की भी रही और कई एपीआई पूर्व से 10 से 20 गुणा कीमत पर भी बेचे जाने लगे। उदाहरण के लिए फॉलिक एसिड, जो विटामिन की दवा बनाने के काम आता है, की कीमत 13 गुणा से भी ज्यादा बढ़ा दी गई थी। ऐसी स्थिति दवाओं के लगभग सभी एपीआई के संदर्भ में थी। कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि कोरोना काल में देखी गई और यह समझ में आना शुरू हुआ कि देश में एपीआई उद्योग की पुर्नस्थापना, केवल



दवा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए या दवाओं की कीमतों को कम करने के लिए ही नहीं, बल्कि देश में स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। यह सर्वविदित ही है कि चीन भारत के साथ शत्रुतापूर्ण संबंध रखता है, इसलिए दवा के लिए आवश्यक सामग्री हेतु चीन पर निर्भर नहीं किया जा सकता। एपीआई में आत्मनिर्भरता : मई 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन सभी वस्तुओं, जिनका उत्पादन चीन और अन्य देशों द्वारा डंपिंग के कारण बाधित हो गया था, के उद्योगों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से और देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और विदेशों पर निर्भरता को समाप्त करने के उद्देश्य से, आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरुआत की। प्रारंभिक तौर पर इसके लिए जिन वस्तुओं की 13 श्रेणियों को चिन्हित किया गया, उनमें एपीआई भी शामिल थे। आत्मनिर्भरता हेतु अपनाए गए उपायों में से एक महत्वपूर्ण उपाय को उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के रूप में जाना जाता है। गौरतलब है कि एपीआई क्षेत्र के लिए इस पीएलआई स्कीम में 41 उत्पाद शामिल किए गए, जिनमें मधुमेह, तपेदिक, स्टेरॉयड और एंटीबायोटिक्स के लिए दवाओं पर विशेष आग्रह रखा गया, और उसके लिए 20000 करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित की गई। यह योजना 21 जुलाई 2020 को अधिसूचित की गई। हर्ष का विषय यह है कि यह योजना अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने लगी है और देश दवा उद्योग के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है। उदाहरण के लिए पेनिसिलिन-जी, जिसका भारत में उत्पादन बंद हो गया था, जिसके कारण भारतीय उद्योगों से इस एपीआई की ऊंची कीमत वसूली जा रही थी, अब उसके उत्पादन हेतु ऑरविन्दो फार्मा लिमिटेड, टोरेंट फार्मास्यूटिकल आदि कंपनियों ने इसकी उत्पादन इकाइयां शुरू कर दी हैं और माना जा रहा है कि ऑरविन्दो फार्मा इस पेनिसिलिन-जी एपीआई का उत्पादन अप्रैल, 2024 में और टोरेंट जून-जुलाई 2024 में शुरू कर देगा। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया का यह कहना है कि पीएलआई योजना और अन्य प्रयासों के कारण आज भारत अधिकांश एपीआई में आत्मनिर्भरता हासिल कर चुका है, जिसके कारण चीन पर निर्भरता कम हुई है। सितंबर 2023 तक पीएलआई स्कीम के तहत फार्मा कंपनियों को 4000 करोड़ रुपए और मेडिकल उपकरणों के लिए 2000 करोड़ रुपए के निवेश की अनुमति दी जा चुकी थी। इसके अलावा केन्द्र ने 3000 करोड़ रुपए की लागत से तीन बल्क (थोक) ड्रग पार्कों का निर्माण किया है। घटने लगी हैं कीमतें : जैसे-जैसे एपीआई के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के सुपरिणाम आने लगे हैं, वैसे-वैसे एपीआई की कीमतें भी घटने लगी हैं। फार्मा उद्योग के जानकार बता रहे हैं कि एपीआई की कीमतों में कोविड के समय से अभी तक 50 प्रतिशत की कमी आई है। इसमें से सबसे तेज गति से कमी पिछले दो महीनों में ही आई है। समझा जा सकता है कि कोविड काल में जब एपीआई के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के प्रयास शुरू हुए थे, अब वे फलीभूत होना शुरू हुए हैं। इकॉनोमिक टाइम्स की एक खबर के अनुसार बुखार की दवा पैरासिटामोल के एपीआई की कीमत जो कोविड काल में 900 रुपए प्रति किलो पहुंच गई थी, वह घटकर अब मात्र 250 रुपए प्रति किलो रह गई है। उसी प्रकार अस्थमा की दवा मॉनटैलूकास्ट सोडियम 45000 रुपए प्रति किलो से घटकर मात्र 28000 रुपए प्रति किलो रह गई है। एंटीबायोटिक मेरोपिनेम की एपीआई की कीमत 75000 रुपए प्रति किलो से घटकर 45000 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। जानकारों का मानना है कि भारत में एपीआई उत्पादन में उठाव के चलते चीन का दवा (एपीआई और मध्यवर्ती उत्पाद समेत) कार्टेल पिछले छह महीने में टूट चुका है। शायद चीन को इस बात का आभास नहीं था कि भारत इतनी बड़ी तादाद में अपने दवा उद्योग को पुनर्जीवित करेगा। इसलिए उसने दुनिया भर के दवा उद्योग पर कब्जा जमाने की दृष्टि से अतिरिक्त क्षमता का निर्माण कर लिया था। अब ऊंची क्षमता के कारण चीन में एपीआई की आपूर्ति बहुत अधिक बढने के कारण कीमतों में कमी स्वाभाविक परिणाम है। गौरतलब है कि वर्ष 2021-22 में भारत द्वारा एपीआई के आयात में भारी वृद्धि हुई थी।

दृष्टि कोण

## देश के लिए शहादत और बलिदान का महीना

**भारत** के इतिहास में अप्रैल का महीना ब्रिटिश राज द्वारा जलियांवाला में हुए नर संहार के लिए काले में पन्नों में दर्ज है तो यही महीना पेशावर में चन्द्र सिंह गढ़वाली और उनके मातहत सैनिकों द्वारा अपने जीवन और नौकरी की परवाह न करते हुए निहत्थे पठानों को बचाने तथा स्वाधीनता आन्दोलन के महायज्ञ में दी गई आहुति के लिए भी याद रखा जाएगा। भले ही आज पेशावर पाकिस्तान में है मगर गढ़वाली सैनिकों के साहस और जज्बे की मिसाल उस जमीन पर सदैव अक्षुण रहेगी। पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल फ्रांसिस ओ'ड्वायर और ब्रिगेडियर जनरल (अस्थाई प्रमोशन) रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर द्वारा अमृतसर के स्वर्णमंदिर के निकट स्थित जलियांवाला बाग में किया गया नरसंहार इसी अप्रैल के महीने की 13 तारीख को हुआ था जिसमें सरकारी तौर पर 379 लोगों के मारे जाने और लगभग 1200 के घायल होने की पुष्टि बाद में की गई मगर स्वतंत्र इतिहासकारों के अनुसार इस क्रूरतम नरसंहार में 500 से अधिक लोग मारे गए, जबकि हजारों अन्य घायल हुए जिनमें लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल फ्रांसिस ओ'ड्वायर का 13 मार्च 1940 को लंदन के कैक्सटन हॉल में गोली मारकर वध करने वाला महान क्रांतिकारी उधमसिंह भी शामिल था। सन् 1930 में इसी अप्रैल महीने की 23 तारीख को चन्द्रसिंह गढ़वाली के नेतृत्व में गढ़वाली सैनिकों ने पेशावर में सीमान्त गांधी के नाम से पुकारे जाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल गफ्फार खान के समर्थन में जुटे पठानों पर गोलियां बरसा कर नर संहार करने से साफ इंकार कर दिया था। इस विद्रोह में इन सैनिकों को मृत्यु दण्ड से तो बचा लिया गया मगर विभिन्न जेलों में उन्हें लम्बी सजाएं अवश्य भुगतनी पड़ी। 23 अप्रैल, 1930 के पेशावर कांड में गोलीबारी के आदेश दने वाला कमांडिंग ऑफिसर जॉर्ज हर्बर्ट एडवर्ड पर्सी हैमंड था जो वहां ब्रिटिश सेना का क्षेत्रीय कमांडर था। उसने निहत्थे आन्दोलनकारी पठानों पर गोलीबारी से इंकार करने के बाद गढ़वालियों के हथियार छीनकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था और गोलियां चलाने के लिए दूसरी टुकड़ी को आदेश दे दिया था। गढ़वाली सैनिकों की गिरफ्तारी के बाद पेशावर शहर तथा थाने के पास गोलीबारी में अनेक लोग अवश्य मरे मगर जलियांवाला नरसंहार की पुनरावृत्ति अवश्य रुक गई। इस कांड से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को और बढ़ावा मिला। इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा पेशावर कांड की जांच के लिए



गठित वी.जे, पटेल की अध्यक्षता वाली कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 23 अप्रैल 1930 के पेशावर कांड में पुलिस और सेनिक टकड़ी द्वारा फायरिंग की घटनाओं में कम से कम 20 आन्दोलनकारी मारे गए तथा 21 घायल हुए थे। रिपोर्ट में अपुष्ट स्रोतों से मरने वालों की संख्या काफी अधिक बताई गई, साथ ही उन्हीं अपुष्ट स्रोतों ने कमेटी को पुलिस द्वारा शवों को गायब करने और घायलों के सामने न आने की बात भी बताई। जांच कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार गिरफ्तारी के डर से कई घायल आन्दोलनकारी अस्पताल नहीं गये जिस कारण घायलों की सही संख्या का पता नहीं चल सका। दोनों घटनाएं ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारियों द्वारा ब्रिटिश शासन के खिलाफ शांतिपूर्वक विरोध कर रहे भारतीय नागरिकों के खिलाफ हिंसक बल का उपयोग करने के उदाहरण थीं। दोनों ही मामलों में निहत्थे नागरिकों को ब्रिटिश सेना द्वारा निशाना बनाया गया। इन दोनों ही घटनाओं में बड़ी संख्या में निहत्थे नागरिक मारे गये या घायल हुए। जलियांवाला बाग हत्याकांड में सैकड़ों लोगों की मौत हुई, जबकि पेशावर कांड में भी कई नागरिक मारे गए और घायल हुए। मगर गढ़वाली सैनिकों के विद्रोह के कारण भारी खून-खराबा नहीं हो सका। दोनों घटनाओं से भारतीयों में व्यापक आक्रोश और निंदा हुई, जिससे ब्रिटिश शासन के खिलाफ प्रतिरोध बढ़ गया। जलियांवाला बाग नरसंहार पंजाब के अमृतसर में दो राष्ट्रवादी नेताओं, डॉ. सत्यपाल और डॉ. सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी और निर्वासन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ था। जबकिपेशावर कांड, जो अब पाकिस्तान में है, 'फ्रंटियर गांधी' के नाम से जाने जाने वाले एक प्रमुख राष्ट्रवादी नेता अब्दुल गफ्फार खान की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुआ। जलियांवाला बाग हत्याकांड का नेतृत्व मुख्य रूप से पंजाब के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया था।

कुछ अलग

## अंधे अंधा ठेलिया...

**एक** समय की बात है। ज़ोम्बीद्वीप में एक बुद्धिमान, न्यायप्रिय और संवेदनशील राजा राज्य करता था। देश में राजशाही के बावजूद लोकतंत्र में उसकी गहन आस्था थी। उसने एक संविधान के निर्माण के बाद उसे न केवल लागू करवाया बल्कि उसकी रक्षा के लिए क़ानून भी बनाया। देश का नाम भले ही ज़ोम्बीद्वीप था, परन्तु उसके लोग ज़ोम्बी नहीं थे। देश बहुधर्मी था और सभी धर्मों के लोग आपस में बड़े प्रेम, भाईचारे और सौहार्द से रहते। राजा का एक लडक़ा था। देखने में साधारण होने के बावजूद वह अपने आपको धर्मेन्द्र से कम नहीं समझता। आत्ममुग्धता का शिकार राजकुमार दिन में दस बार कपड़े बदलता। वह स्वभाव से मनमौजी, अक्ल से साधारण और नीयत से बेईमान था। झूठ बोलने में उसे विशेष आनन्द आता। धीरे-धीरे उसने झूठ बोलने में इतनी महारत हासिल कर ली थी कि वह दिन में एक ही व्यक्ति को दस बार मूर्ख बना सकता था। बूढ़े होते राजा ने शासन की बागडोर अपने बेटे को सौंपना चाही। परन्तु उसके खिलंदड़ स्वभाव से परेशान राजा ने सम्पूर्ण राजपाट सौंपने की बजाय पहले उसे युवराज घोषित किया। उसने सोचा कि जब राजकुमार शासन की बारीकियां सीख जाएगा तब उसे राजा घोषित करने के बाद वह जंगल की राह पकड़ लेगा। झूठ बोलने में माहिर युवराज ने अपने पिता को यह विश्वास दिला दिया कि पूरी दुनिया में ज़ोम्बीद्वीप का डंका बज रहा है। राजा ने 'सब चंगा है' सोच कर जंगल की राह पकड़ ली। युवराज ने राजा बनने के बाद अपने मनमौज़ी स्वभाव के अनुरूप प्रजा को हांकना शुरू कर दिया। देश के सभी अमीर सेठ उसके लंगोटिया यार थे, जो केवल अपना मुनाफा कूटने में मस्त रहते। फलस्वरूप देश में बेरोजग़ारी और महंगाई बढने लगी, कृषि उत्पादन गिर गया और देश की आर्थिकी डगमगाने लगी। इसके बावजूद राजा अपने आपको महान सिद्ध करने के लिए अपने पुरखों को गरियाते हुए राज्य की परिसम्पत्तियां बेचता रहता। उसकी देखादेखी प्रजा भी झूठ बोलने लगी। लोकतांत्रिक आदर्शों और मूल्यों को लतियाते हुए प्रजा ने विधर्मियों और कमज़ोर वर्गों को मारना-पीटना शुरू कर दिया। पर मौज-मस्ती में मगन रहने वाला राजा इतना झूठ बोलता कि धीरे-धीरे उसे यक़ीन होने लगा कि वह राजा हरीशचंद्र है। नारसिस्ट होने के अलावा अब वह मिथोमैनिक भी हो गया था। तुकबंदी में माहिर नए राजा ने लोगों को सपने बेचना शुरू कर दिए। राजा के वस्त्र विन्यास, साज-सज्जा और वृक्तता से अभिभूत बहुसंख्यक वर्ग के अधिकांश लोग उसके अंधभक्त हो गए। लेकिन अभी भी कुछ कथित बुद्धिजीवी थे, जो राजा की हाँ में हाँ मिलाने को तैयार नहीं थे। नारसिस्ट, मिथोमैनिक और खिलंदड़ राजा के दिल में अमर होने की चाह टमाटर और प्याज़ की पैदावार कम होने पर क़ीमतों में होने वाली वृद्धि की तरह आसमानी उछाल मार रही थी। वह उठते-बैठते सोचता कि इन बुद्धिजीवियों से कैसे पार पाया जाए। उसे परेशान देखकर उसके महामंत्री ने सलाह दी कि अक्ल से अंधे जो लोग पहले ही उसके साथ हैं, उनके साथ कुछ ख़ास करने की ज़रूरत नहीं। बस राष्ट्रवाद के नाम पर छद्म शत्रु, विधर्मियों और कमज़ोरों को गरियाते हुए अंधभक्तों को सुनहरे सपने बेचने हैं। ख़ाली जेबों के बावजूद राष्ट्रवाद के नाम पर ये अंधभक्त अपनी जान तक देने की बात करने लगेंगे। महामंत्री की सलाह मानते हुए राजा ने विरोधी बुद्धिजीवियों को बिना मुक़द्दमों के जेल में डालना शुरू कर दिया। कुछ विरोधी बुद्धिजीवियों को अंधभक्तों ने राष्ट्रविरोधी बताते हुए सडक़ों पर मार दिया। इसके बाद उन्हें बौद्धिक रूप से अंधा बनाने के लिए गोदी माडिया के माध्यम से फेक न्यूज़ के जो छप्पन भोग परसे जाते, उनमें राजा के वैश्विक चक्रवर्ती सम्राट होने, समस्त ब्रह्मांड में उसका डंका बजने, राष्ट्र का अग्रणी होना आदि शामिल थे। राजा को अब पूरा यक़ीन हो गया था कि अब उसे अमर होने से कोई नहीं रोक सकता।

देश दुनीया से

## बेसहारा गोवंश को आश्रय दे प्रदेश सरकार

> ऋषियों के आश्रम जंगलों में होते थे। वहां हजारों गउएं स्वतंत्र रूप से विचरण करती और जंगलों में चरती थीं। भगवान श्रीकृष्ण जी ने द्वापर युग में खुद गऊओं की सेवा की। इसलिए उनका एक नाम श्री गोपाल आज भी संसार भर में प्रसिद्घ है। भगवान ने मानव जाति को गाय वरदान स्वरूप दी थी, लेकिन आज का स्वार्थी मानव गाय को आफत समझ रहा है। वह दिन दूर नहीं जब गाय के दर्शन दुर्लभ हो जाएंगे। जब गाय नहीं होगी तो किसान नहीं होगा। जब किसान नहीं होंगे तो गांव भी नहीं होंगे। जब गांव नहीं होंगे तो देश नहीं होगा। धीरे-धीरे तेल के भंडार कम हो रहे हैं।

**भारतीय** सभ्यता में गाय को सदैव देवी माता स्वरूप माना जाता है। भारत में गोपालन की प्राचीन काल से ही परंपरा रही है। इसलिए उस समय घी, दूध और दही की नदियां बहती थीं। ऋषियों के आश्रम जंगलों में होते थे। वहां हजारों गउएं स्वतंत्र रूप से विचरण करती और जंगलों में चरती थीं। भगवान श्रीकृष्ण जी ने द्वापर युग में खुद गऊओं की सेवा की। इसलिए उनका एक नाम श्री गोपाल आज भी संसार भर में प्रसिद्घ है। भगवान ने मानव जाति को गाय वरदान स्वरूप दी थी, लेकिन आज का स्वार्थी मानव गाय को आफत समझ रहा है। वह दिन दूर नहीं जब गाय के दर्शन दुर्लभ हो जाएंगे। जब गाय नहीं होगी तो किसान नहीं होगा। जब किसान नहीं होंगे तो गांव भी नहीं होंगे। जब गांव नहीं होंगे तो देश नहीं होगा। धीरे-धीरे तेल के भंडार कम हो रहे हैं। जब तेल खत्म हो जाएगा, तब खेती के लिए बैलों की जरूरत होगी, लेकिन क्या तब तक बैल बच पाएंगे? खेद है कि 33 करोड़ देवी-देवताओं को धारण करने वाली, पंचगव्य देने वाली, सूतक-पातक से बचाने वाली गाय माता आज जूठन खा रही है, पत्थर व डंडे खा रही है। भाईयो व बहनो, जिस घर में, जिस गांव में संतान के कारण मां रोती है, वहां पर कभी कल्याण नहीं हो सकता है। गाय मां है और बैल धर्म है। गाय के पंचगव्य से अनेकों प्रकार की औषधियां बनती हैं। गऊ पूजन व गौदान का विशेष महत्त्व होता है। भैंस पूजन का महत्व नहीं है। प्रातः उठकर गाय के शरीर पर हाथ फेरो, परिक्रमा करके चरण वंदना करो तथा एक मु_ी घास या एक रोटी गाय को हर रोज दें, ऐसा करने से प्रभु के अवश्य दर्शन होते हैं। रोगी गाय को औषधि व सेवा करने वाला व्यक्ति रोगमुक्त हो जाता है। वर्तमान में गोबर से निर्मित वस्तुएं, यथा आभूषण, राखी, झूमर, मूर्तियां, गमले एवं नेम प्लेट सर्वाधिक चलन में हैं। अगर हम हिमाचल प्रदेश की वर्तमान स्थिति की बात करें तो यहां पर गौवंश की स्थिति ठीक नहीं है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस समय में लगभग 10000 से अधिक गौवंश बेसहारा चारे तथा पानी की तलाश में इधर से उधर धक्के खा रहे हैं, जो हमारे देवभूमि के लोगों के लिए बड़े ही दुःख और शर्म की बात है। पूर्व में रहे ग्रामीण पशुपालन मंत्री श्री वीरेंद्र कंवर और पूर्व मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश गौसेवा आयोग की स्थापना करके इन बेसहारा गौवंश को आश्रय देने के लिए प्रदेश में कई स्थानों पर बड़ी-बड़ी गऊ सैंक्चुरी और गौशालाओं की स्थापना करके बड़ा साहसिक और नेक कार्य किया है। लेखक ने सरकार के वर्तमान कृषि एवं पुशपालन मंत्री को 14.11.2023 को बेसहारा गौवंश के लिए गौसेवा आयोग द्वारा गौशालाएं व गऊ सैंक्चुरी बनाने तथा गौसेवकों की भर्ती करने बारे कुछ सुझाव एक पत्र द्वारा भेजे थे तथा उस पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, पीडब्ल्यूडी मंत्री तथा अन्य को भी भेजी थी। मुख्य जरूरी सुझाव ये हैं : एक, इस समय प्रदेश में जो लगभग 10000 से ज्यादा बेसहारा गौवंश हैं, इनकी सेवा के लिए गौसेवा आयोग प्रत्येक जिले के प्रत्येक विकास खंड में तीन-तीन बड़ी गौशालाएं बनाएं, ताकि इन अभागे पालतू छोड़े हुए बेसहारा गौवंश को इनका खोया हुआ रैन-बसेरा दोबारा मिले सके। दो, इन 10000 बेसहारा गौवंश की सेवा के लिए गौसेवा आयोग 1000 गौसेवकों की भर्ती करे, यानी प्रत्येक 10 गौवंश पर एक गौसेवक नियुक्त हो, जिसकी तनख्वाह प्रति महीना 6000 रुपए हो तथा साथ में मुफ्त रिहायश और भोजन की व्यवस्था हो। तीन, इन गौसेवकों को आठ या दस साल बाद की सेवा के बाद प्रदेश सरकार अपने विभागों या बोर्डों में चतुर्थ श्रेणी कर्मियों में नियुक्त करने का प्रबन्ध करे। चार, जितने भी लोगों ने प्रदेश में गाय या बैल पाल रखे हैं, उन सबकी रजिस्ट्रेशन होनी चाहिए यानी उन सबके गौवंश कार्ड बनाए जाने चाहिएं, जैसे आदमियों के राशन कार्ड बनाए जाते हैं। यह कार्य पशुपालन विभाग द्वारा पंचायतों के सहयोग से किया जाना चाहिए। पांच, अगर कोई पशुपालक अपने गौवंश को बेसहारा छोड़ता है तो ऐसे पशुपालक को पहली बार 15000 रुपए, दूसरी बार 20000 रुपए और तीसरी बार 25000 रुपए और एक साल की सजा भी होनी चाहिए। छह, प्रदेश सरकार राज्य में गोमूत्र आधारित कोई बड़ी आयुर्वेदिक फार्मेसी स्थापित करे ताकि गौवंश पालने वालों को आर्थिक सहायता भी मिल सके और प्रदेश की जनता को आयुर्वेदिक औषधियां भी मिल सके। सात, पशुपालकों को बढिया बैल पालने पर गौसेवा आयोग द्वारा सालाना लगभग 6000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जानी चाहिए। आठ, जो शामलात भूमि सरकार के पास वनों के साथ है, वहां सरकार उस भूमि का अधिग्रहण करके या किसानों से बंजर भूमि लेकर गौशालाएं बनाए। नौ, सरकार शराब की बिक्री से अढ़ाई रुपए प्रति बोतल की सैस को बढ़ाकर 10 रुपए प्रति बोतल के हिसाब से गौ कल्याण कोष के लिए निर्धारित करे। दस, प्रदेश सरकार बड़े मंदिर ट्रस्टों की आमदन के 15 प्रतिशत हिस्से को बढ़ाकर 25 प्रतिशत गौ कल्याण कोष के लिए निर्धारित करे।

आप का नजरीया

## सादगी से दूर सियासत

**पहली** बार हिमाचल में सियासत ने ग्लैमर की राह पर अपना कद देखना शुरू किया है, ऐसा भी नहीं, लेकिन चुनाव की दहलीज अब कीमत मांगती है। राजनीति में सादगी या सादगी में राजनीति के तरकश में अब तीर कहां। ऐसे में पके पकाए नेताओं के घर में ग्लैमर की संभावना बढ़ गई है। सोशल मीडिया की मर्जी या बेहतर इस्तेमाल से जो नेता अपना आभामंडल बना पा रहे, उन्हें कबूल करने के तर्क बढ़ जाते हैं। मसलन मंडी संसदीय सीट में राज परिवार का ग्लैमर सिर चढक़र बोला है, तो प्रतिभा सिंह की पिछली जीत का मतलब पार्टी राजनीति से कहीं ऊपर देखा गया। इस बार परिवार के ग्लैमर में बेटा बाजी मार रहा है, तो मानना पड़ेगा कि विक्रमादित्य सिंह का इकबाल मां से भारी है। सामने फिल्मी पर्दे और हकीकत के बीच कंगना का अवतार हिमाचल की परीक्षा में उतर आया है। यकीनन प्रदेश और देश की राजनीति में इतना तो फर्क है कि चर्चाओं का मुकाबला ग्लैमर की चोंच से होने लगा है। देश में फिल्मी कलाकारों ने राजनीति को हमेशा ग्लैमर का तडक़ा दिया, लेकिन इस बार हिमाचल के परिदृश्य में बेटी और राजकुमार के बीच सामाजिक हालात और परिपक्वता का अनूठा इम्तिहान है। हिमाचल के नेताओं का आभामंडल देश की प्रवृत्ति से भिन्न है। यहां समाज का चयन परंपराओं से होकर गुजरता है और इसीलिए कंगना ने भाषा और पहरावे में पहाड़ी होने का कलात्मक प्रभाव चुना। वह मंडी संसदीय सीट की विरासत में अपने हक की सियासत में संस्कृति चस्पां कर रही है। यूं तो कई बार टोपियां उलझी हैं और धूमल बनाम वीरभद्र सिंह के दौर में हरे और लाल रंग के बीच कई दीवारें उभर आई थीं, तो मेजर विजय सिंह मनकोटिया तिरंगनी खोज लाए थे। स्व. वाईएस परमार ने सिरमौर के पारंपरिक लोइया को राजनीतिक परिधान बना दिया था, तो पहाड़ीपना कई बार क्षेत्रवाद में उलझ गया। अपनी-अपनी ड्रेरस सेन्स के बदौलत वीरभद्र सिंह व शांता कुमार का ठसक अंदाज रहा है और ये नेता ग्लैमरस भी दिखाई दिए। धूमल पुत्र सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर क्रिकेट से संसद तक के ग्लैमर में ब्रांड एंबेसडर माने जाते हैं। फतेहपुर के पूर्व विधायक एवं विधायक भवानी सिंह पठानिया के पिता सुजान सिंह पठानिया अपनी मूंछों के स्टाइल और बहस में पहाड़ी बोली के कारण हमेशा सुने गए। शांता कुमार ने राष्ट्रीय भाषा हिंदी की गरिमा में संबोधन की कला को इतना परिमार्जित किया कि हिमाचल से एकमात्र यही नेता रहे, जिन्हें सुनने के लिए राष्ट्रीय मीडिया कर्मी भी इंतजार करते रहे। ग्लैमर के एकदम विपरीत साधारण और पर्वतीय संघर्ष के प्रतीक बने जयराम ठाकुर के बाद सुखविंदर सिंह सुक्खू का अंदाज अपनी कहानी के आकर्षित पात्र बनने में काफी हद तक सफल रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू की आल्टो गाड़ी का प्रदर्शन शिमला की राजनीति में जो मीलपत्थर खोज रहा है, उसके पीछे भावना यही है कि ग्लैमर के बिना भी राजनीति की हस्ती लाल बहादुर शास्त्री की तरह तरल व सरल हो सकती है। यह दीगर है कि हिमाचल की राजनीति नेताओं को कडक़ नहीं होने देती और न ही सरकारों को कड़वे घूंट पीने देती है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक आयोजित की गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 30 अप्रैल 2024 को उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य विभाग की गतिविधियों हेतु वीत का पैमाना (scale of finance)के निर्धारण हेतु जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार अमृतेश सिंह के द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार, जिला मत्स्य पदाधिकारी, लातेहार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लातेहार, कृषि विज्ञान केन्द्र, बालुमाथ, लातेहार द्वारा तैयार किये गये वीत का पैमाना से समिति के सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही बताया गया कि वीत का पैमाना के निर्धारण का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य कार्य हेतु ऋण उपलब्ध कराने में ऋण की अधिसीमा निर्धारित करना है। बैठक में यह बताया गया कि कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य की गतिविधियाँ हेतु वीत का पैमाना scale of finance को विगत वर्ष के आधार पर तथा वर्तमान स्थिति को लागत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। विचार-विमर्श उपरान्त सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य गतिविधियों हेतु निम्नवत वीत का पैमाना निर्धारित किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य की गतिविधियों हेतु निर्धारित वीत का पैमाना के अनुरूप सभी बैंकर्स जिले के किसानों को वित्त पोषण एवं किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया, ताकि अधिक से अधिक किसानों को कृषि एवं संबंधित क्षेत्र में लाभान्वित किया जा सके। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चपरासी विष्णु यादव के निधन की खबर सुन प्रखंड कर्मियों ने 2 मिनट का रखा मौन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड में चपरासी रह चुके विष्णु यादव का अचानक सोमवार को निधन हो गया। यह व्यक्ति काफी दिनों से बीमार चल रहे थे।उनकी खबर सुनकर प्रखंड के सभी कर्मी मंगलवार को 2 मिनट का मौन रखा। एवं उनकी आत्मा को शांति प्रदान के लिए भगवान से प्रार्थना किया। बताते चले की गिद्धौर प्रखंड में विष्णु यादव करीबन 12 साल के कार्यकाल में काम कर चुके थे। पिछ्ले वर्ष 22 फरवरी 2023 को विभाग से जिला मुख्यालय में चपरासी के लिए स्थानांतरण किया गया था।यह व्यक्ति बहुत ईमानदार थे।एवं उनके जीवन का कार्यकाल बहुत बेहतरीन था जिसका लोगों ने गुणगान भी कर रहे हैं। मौके पर उपस्थित अंचलाधिकारी राकेश सहाय पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी सत्येंद्र कुमार प्रदीप कुमार पार्वती कुमारी शालिनी भारती ऑपरेटर शेखर कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## प्रतापपुर कस्तुरबा आवासीय विद्यालय की छात्राऐं ने बीडीओ अजय कुमार दास के साथ मतदाताओ को किया जागरूक



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीडीओ अजय कुमार दास के नेतृत्व में मंगलवार के सुबह कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के छात्राओं के साथ मतदाता जगरुग्ता प्रभात रैली निकाला गया। इस रैली को पूरे प्रतापपुर के सभी मार्गो का भ्रमण कराया गया। छात्राओं के द्वारा कई स्लोगन के साथ मतदान को लेकर मतदाताओं को जागरूक कर आगामी 20 मई को अपने बुथ केन्द्र पर जाकर मतदान करने की अपील किया गया।

## गांव वाले ने बराती के साथ किया घिनौना हरक़त बराती हुए फरार



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के बरडंडा पंचायत के नवकाटोला गांव के हंसराज रजवार के बेटी की सोमवार को शादी होनी थी। बारात के पहुँचनेपर लड़की पक्ष के परिजन बरातियों के स्वागत में लगे थे। इसीबीच बगल गांव पाँती के कुछ असमाजिक तत्व शराब के नशे में धुत होकर बराती के साथ मारपीट करने लगे। जहां उपस्थित सभी बाराती रात में ही अपना जान बचाकर भाग गए। असमाजिक तत्वों ने लड़की को शादी में देने के लिए लाए बक्शा सहित सभी समान को बर्बाद कर दिया। बरात हैदरनगर थाना क्षेत्र के निमियां गांव से गई थी। बरती पक्ष केबटेश्वर रजवार व लड़का के बहनोई विकास रजवार को जम कर लाठी डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में किया गया। इस संबंध में लड़की के पिता हंसराज रजवार द्वारा मोहम्मद गंज थाना को सुचना दी गई। हंसराज रजवार ने बताया कि बरात आने की खुशी में पुरे रजवार परिवार के लोग लगे हुए थे। इसी बिच पांती गांव के कुछ युवक शराब के नशे आकर बराती के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के भय के कारण सभी बाराती भाग गए। उन्होंने कहा कि कोई भी बराती ना नाश्ता किया ना ही खाना खाया। हंसराज रजवार ने कहा कि अब मेरी बेटी की शादी कैसे होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी लड़की के शादी को सफल बनाने में गांव सहित आसपास के लोग खड़े होकर शादी को संपन्न कराते हैं। किंतु हमारे यहां लोग ऐसे घिनौने हरकत कर क्षेत्र व पंचायत को बदनाम कर दिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से हल्दी लगी अपनी बेटी की शादी कराने व जिन लोगों द्वारा इस तरह के घिनौने हरकत करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पहुँचकर मामले की जानकारी लिया है, आवेदन प्राप्त होते ही आरोपियों के विरुद्ध कारवाई की जाएगी।

## केशव प्रसाद मौर्य का आगमन को लेकर विधि व्यवस्था में जुटे कार्यकर्ताओं की प्रखड में बैठक सम्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड में मंगलवार को उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन को लेकर गांधी चौक शंकर दांगी के घर में रखा गया इस बैठक में बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रखंड अध्यक्षता सतीश कुमार ने किया वही संचालन महामंत्री तिलेश्वर राणा ने किया बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी के रूप में विनय जसवाल पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा वर्तमान जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता व मंडल प्रभारी लखन दांगी उपस्थित रहे बैठक में यह निर्णय लिया गया कि माननीय उत्तर प्रदेश उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन पर तमाम बूथों से कार्यकर्ता गण दलबल के साथ आएंगे और उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा साथ ही चतरा जिला प्रभारी श्री विनय जायसवाल के द्वारा या निर्देश दिया गया कि प्रत्येक बूथों पर बैठक करते हुए आम लोगों को जागरूक करें और घर-घर जाकर मोदी जी के कार्य को बताना है और जन जन को जागरूक करना है।

# श्रीमद् भागवत कथा के भक्ति रस में डुबकी लगा रहे श्रोता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के सोपारम गांव में आयोजित नव दिवसीय श्री रूद्र चंडी महायज्ञ में मधुर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन अयोध्या से आए जगतगुरु श्री राम दिनेशाचार्य जी महाराज के द्वारा प्रत्येक दिन संध्या 8 बजे से लेकर 11 बजे तक किया जा रहा है। इस कथा पंडाल मे आस पड़ोस के गावों के अलावे दूर दराज से हजारों की संख्या में कथा सुनने को लेकर महिलाओ एवं पुरुषो की भीड़ बनी रहती है। वही संध्या 6 बजे से लेकर रात्री के 12 बजे तक यज्ञ आयोजन समिति के द्वारा अखंड भंडारा चलाया जा रहा है। साथ ही महायज्ञ में मेले का भी आयोजन किया गया है, जिसमे बच्चों के मनोरंजन को लेकर ड्रैगन ट्रेन,नाव झूला, मिकी माउस इत्यादि आकर्षण का केंद्र बना रहता है। सुरक्षा ब्यवस्था को लेकर यज्ञ समिति के अध्यक्ष नन्द कुमार पाठक ने बताया की पुरे यज्ञ स्थल क्षेत्रो में वालंटियर की तैनाती की गई है एवं समिति के पदाधिकारियों के द्वारा प्रत्येक गतिबिधियों के ऊपर पैनी नजर रखी जा रही है।

# एसवीएम लातेहार में शिशु वाटिका अभिभावक गोष्ठी सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 30 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में कक्षा अरुण से प्रथम तक के भैया बहनों के माताओं की एक दिवसीय गोष्टी सह कार्यशाला आयोजित की गई। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिवक्ता सह अभिभाविका ऋतु रानी थी। अतिथि परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या नीलम अम्बास्टा के द्वारा किया गया। गोष्ठी की शुरुआत मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। प्रांत सह शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिशु वाटिका की 12 व्यवस्थाओं बगीचा, क्रीड़ा, तरणताल, चिड़ियाघर, चित्र पुस्तकालय, वस्तु संग्रहालय, विज्ञान प्रयोगशाला, घर, रंगमंच कार्यशाला, कलाशाला और प्रदर्शनी के बारे में चर्चा की। वही उदय की कक्षाचार्या नीलम अम्बास्टा ने बताया कि भैया बहनों के सर्वांगीण विकास में आचार्य दीदी के साथ अभिभावकों का भी बहुत बड़ा योगदान होता है। कार्यशाला में उपस्थित अभिभावकों के बीच खेल की प्रतियोगिता जैसे प्लेट का संतुलन बनाना,चम्मच में कांचा डाल दौड़ प्रतियोगिता भी कराई गई। सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों की घर की गतिविधियों से विद्यालय के कक्षाचार्य , विषयाचार्य व प्रधानाचार्य को अवगत कराया और लिखित कार्य की कॉपी भी देखी गई। विद्यालय की आचार्या अनुजा कुमारी ने बताया कि अभिभावक अपने बच्चों के प्रोजेक्ट वर्क में मदद कर गृह कार्य को आसान बना सकते हैं साथ ही जलपान में बाहर का नाश्ता ना देना, प्लास्टिक के टिफिन में गर्म खाना ना देना, सभी विषयों के दो कॉपी भेजना, बच्चों का बैग बस्ता भारी न हो इसका ध्यान रखना आदि विषयों पर ध्यान आकर्षित किया गया। तत्पश्चात अतिथि ऋतु रानी अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके खान-पान, स्वास्थ्य एवं खेलकूद पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही साथ बच्चों के साथ समय बिताने को भी कहा जिससे उनमें अभिभावकों के प्रति एक मित्रता पूर्ण व्यवहार हो सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती विद्यालय के अंतर्गत पूरे भारतवर्ष में 25000 सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय का संचालन होता है विद्यालयों में कराए जाने वाले संपूर्ण कार्य शोध पर आधारित होता है यहां सभी आचार्य दीदी प्रशिक्षित एवं निपुण होते हैं। इस वर्ष दशम बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में राज्य स्तर पर हमारे विद्यालय के चार (4)एवं जिला स्तर पर (13) तेरह भैया बहनों ने अपना स्थान प्राप्त किया है। यहां आचार्य दीदी सभी भैया बहनों को पुत्रवत स्नेह प्रदान करते हुए पढ़ाने का कार्य करते हैं। इस कार्यक्रम में मंच संचालन शिल्पा कुमारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

## अचानक खलिहान में लगी आग, 80 बोझा अरहर जलकर हुई खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती पंचायत लालगड़ा पंचायत के कुहकुह गाँव निवासी राजेंद्र भुइयाँ नामक व्यक्ति की आज दोपहर मे अचानक खलिहान मे आग लग गई । खलिहान मे रखी अरहर की लगभग अस्सी बोझा जल कर खाक हो गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू करने के लिए अथक प्रयास किया लेकिन तब तक पूर्ण रूप से जल चुकी। भुक्तभोगी ने आग लगने की सूचना स्थानीय मुखिया पति लाल बिहारी यादव के दिया । सूचना मिलते ही मुखिया पति लाल बिहारी यादव ने घटना स्थल पर पहुँच कर जायजा लिया। उन्होंने तत्काल दूरभाष के माध्यम से अंचल पदाधिकारी श्रीमती शुभम बेला टोपन की घटना के बारे अवगत कराया। अंचल पदाधिकारी श्री मती शुभम बेला टोपन ने कहा कि जांचोपरांत सरकारी मुआवजा देने की बात कहा।

## आदिम जनजाति को पानी की हुई किल्लत पहुंचे ब्लॉक परिसर

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत मुख्यालय के जपुआ टोला में निवास कर रहे आदिम जनजाति परिवारों को इन दिनों पानी को लेकर बहुत ज्यादा तकलीफ है। पानी पीने के लिए दूर-दूर तक कुएं का तलाश कर रहे हैं तथा कुएं से पानी लाकर पानी पी रहे हैं।जबकि उनके निवास स्थान पर जल मीनार लगा हुआ है।पर पानी नहीं चल रहा है। बिरहोर परिवार इसे सुधार करने को लेकर ब्लॉक परिसर मंगलवार को पहुंच गए। और अंचलाधिकारी राकेश सहाय से मुलाकात किया। तथा पानी की व्यवस्था करने की बातें लिखित आवेदन के अनुसार दिया। जिसमें अंचलाधिकारी ने कहा है कि 24 घंटे के अंदर बिरहोर परिवार के लोगों को खराब जलमिनर बनवाकर पानी की व्यवस्था कर दिया जाएगा।तो वही बीमार होने के कारण बिरहोर परिवार के गुड़िया बिरहोरीन पति मनु बिरहोर की मौत तीन दिन पहले हो गई। जिसे लेकर पारिवारिक लाभ भी दिलाने की बात अंचलाधिकारी ने कहा है। साथ ही साथ जनमन योजना के तहत सभी बिरहोर परिवारों को आवास मुहैया करवाने की बात कही है।

## हुसैनाबाद नीव वर्तमान अध्यक्ष के प्रयास से ट्रांसफार्मर में लगी आग को भुझाया गया



**हुसैनाबाद/पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद नगर पंचायत के भट्ठी मुहल्ला स्थित बिजली के ट्रांसफॉर्मर में बीती रात्रि आग लग गयी। आग लगने की घटना की जानकारी स्थानीय लोगो सुबह करीब 3 बजे हुसैनाबाद के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार को दिया, नपं अध्यक्ष स्थल पर पहुच कर बिजली विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों को ट्रांसफॉर्मर में आग लगने की सूचना दिया, जिसके बाद बिजली विभाग ने बिजली सप्लाई बंद कर दिया और मौके पर पहुच कर ट्रांसफॉर्मर में लगे आग को भुझा कर ट्रांसफॉर्मर को ठीक करने में अहम भूमिका निभाई।

# इंटरमीडिएट साइंस के छात्रा प्रीति कुमारी बनी प्रखंड टॉपर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड मुख्यालय के एसबीआई रोड स्थित ज्ञान निकेतन कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाली छात्रा प्रीति कुमारी पिता रामलखन यादव ग्राम औराटांड़ निवासी ने इंटरमीडिएट साइंस में प्रखंड टॉपर का स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं कोचिंग संस्थान के शिक्षकों का नाम रौशन किया है। बता दें कि दिन मंगलवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची के द्वारा जारी किए गए इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा के परिणाम में प्रीति कुमारी ने 404 अंक 80.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रखंड टॉपर बनी है। मौके पर ज्ञान निकेतन कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर राकेश कुमार यादव ने बताया कि हमारे कोचिंग सेंटर से कुल 10 विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा में भाग लिया था जिसमें से प्रीति कुमारी को 404 अंक 80.8 प्रतिशत, कुमारी वैष्णवी 369 अंक 73.8 प्रतिशत, अंकित कुमार राय 357 अंक 71.4 प्रतिशत प्रशांत कुमार 366 अंक 73.2 प्रतिशत श्रेयांश कुमार 67 प्रतिशत प्राप्त किया है साथ ही सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी लाकर सफलता हासिल किया है। उन्होंने बताया कि हमारे कोचिंग संस्थान में अनुभवी शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी कराई जाती है जिसका परिणाम स्वरूप की दसवीं क्लास की परीक्षा में भी जितने भी विद्यार्थियों ने भाग लिया था सभी ने सफलता हासिल किया था और इंटरमीडिएट साइंस के परीक्षा में भी हमारे कोचिंग सेंटर का शत-प्रतिशत रिजल्ट आया है सभी विद्यार्थी सफल हुए हैं जिसका श्रेय हमारे कोचिंग संस्थान के सभी शिक्षकों को जाता है जिन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाने के प्रति अपना पूरा योगदान दिया और विद्यार्थियों ने अपने मेहनत और लगन से परीक्षा में सफलता हासिल किया। मौके पर उप डायरेक्टर के.पी.यादव शिक्षक पंकज पांडे, रिंकू कुमार, महेंद्र सिंह व विद्यार्थियों के माता-पिता ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिये।

# अभाविप ने मतदाताओं के बीच चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव के नेतृत्व में लातेहार जिले के सभी क्षेत्रों में जाकर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर ग्रामीणों के बीच डोर टू डोर टोली बनाकर जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान में सुदूरवर्ती क्षेत्र में जाकर अपनी मत का वैल्यू समझने का प्रयास करें और ज्यादा से ज्यादा बुजुर्ग, महिला, युवा सन्समय जाकर मतदान केंद्र में अवश्य मतदान करें। रमेश उरांव ने बताया कि भारत देश के लिए देश और दिशा को तय करने के लिए हम सभी युवाओं बुजुर्गो महिलाओं सभी कोई को मतदान करने की जरूरत है। और इन्होंने बताया कि हमें महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विश्व में भारत को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के लिए देश में युवाओं के रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए समृद्ध किसान के लिए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े सभी परिवारों के लिए शैक्षणिक विकास के लिए देश को आर्थिक समृद्ध बनाने के लिए आतंकवाद नक्सलवाद मावोवाद को खत्म करने के लिए भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में विकसित करने के लिए पर्यावरण पूरक औद्योगिक विकास के लिए भारत को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के लिए मतदान करने की अति आवश्यकता है।

## अनियंत्रित होकर कार पलटी नहर में, बाल बाल बचे लोग

**हुसैनाबाद/पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला-नबीनगर नहर सड़क पर एकौनी गांव के समीप अनियंत्रित होकर कार नहर में चली गयी, बताया जा रहा है कि जपला की ओर से नबीनगर की तरफ जा रही कार की रफ्तार तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर नहर में जाकर पलट गई, हालांकि प्राप्त जानकारी के अनुसार कोई हताहत होने

## सखी मंडल की दीदियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकाली साइकिल रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** लोकसभा निर्वाचन में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान और निर्वाचन संबंधित जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जेएसएलपीएस के सखी मंडल की दीदियों के द्वारा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुजाता सोनी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत खोड़ाहर पंचायत में साइकिल रैली निकाली निकाली गई। इस अभियान के तहत ग्रामीण महिलाओं को उनके मताधिकार के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि आप लोगों की एक-एक वोट लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मौके पर सभी वोटर हेल्पलाइन एप्प, सी विजिल एप्प, मेहंदी, रंगोली, चित्रकला, स्लोगन,प्रभात फेरी, सेल्फी प्रतियोगिता लक्कड़ नाटक,चौपाल आदि मतदाता जागरूकता से संबंधित के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

# जेबीकेएसएस समर्थित प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने भरा नामांकन पर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही / हजारीबाग :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हज़ारीबाग के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन करवाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को नामांकन करवाने वालो में एक बड़ा नाम जेबीकेएसएस समर्थित प्रत्याशी संजय मेहता का रहा। संजय मेहता के नामांकन कार्यक्रम की रैली मटवारी गांधी मैदान से निकली और हज़ारीबाग समाहरणालय स्थित निर्वाचन कार्यालय पहुंची। रैली में झारखंडी योद्धा जयराम महतो समेत हज़ारों की संख्या में झारखंडी क्रांतिकारी व समर्थक दिखें। इस बीच संजय अपना नामांकन पर्चा दाखिल किए। नामांकन के दौरान 40 डिग्री तापमान और चिलचिलाती





धूप में हज़ारों समर्थकों ने यह संदेश दिया है कि हज़ारीबाग की जनता परिवर्तन के मूड में है। इस बार जनता उसे ही वोट करेगी जो झारखंडी मुद्दों की आवाज उठाता है। स्थानीयता, नियोजन, पुनर्वास, विस्थापन और सामाजिक न्याय की बात करता है। अपने समर्थकों के बीच संजय मेहता ने नामांकन पश्चात हज़ारीबाग लोकसभा के लिए विकास के नए कृतिमान गढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि समर्पित सेवा भाव से अपनी माटी का सेवा करना ही मेरा लक्ष्य है। जिस तरह पिछले 3 वर्षों से झारखंड बचाने के लिए हमलोगों ने जनता की आवाज बुलंद किया है। आगे भी सड़क से सदन तक झारखंडियत कि आवाज बुलंद करता रहूंगा। संजय मेहता ने अपने नामांकन कार्यक्रम से पूर्व इटखोरी स्थित माँ भद्रकाली मंदिर में पहुंचकर आशीर्वाद लिया। झारखंड वासियों के खुशहाली की कामना किया। संजय के नामांकन में जयराम महतो ने हज़ारीबाग लोकसभा वासियों को संदेश दिया है कि जनता इस बार पार्टियों को यह संदेश जरूर देगी की अगर अच्छा जनप्रतिनिधि नही देंगे तो वो उन्हें वोट नही देगी। हज़ारीबाग के जन जन ने परिवर्तन का संकल्प ले लिया है। उन्होंने हज़ारीबाग लोकसभा वासियों से साथ, समर्थन की अपील किया। संजय मेहता ने अपने नामांकन कार्यक्रम में पहुंचे हज़ारीबाग लोकसभा वासियों के कोने कोने से आए लोगों का आभार प्रकट किया।

## लू-सनस्ट्रोक से बचाव हेतु अनावश्यक धुप में न निकले, ज्यादा पानी पिए : डॉ आरसी मेहता

**हजारीबाग :** गर्मियों में सनस्ट्रोक लू लगना आम बीमारी है तापमान बढ़ने से हमारे शरीर के द्रव पसीना के द्वारा निकल जाता है।पानी नमक सोडियम पोटैशियम की कमी हो जाती है जिससे सनस्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है लू लगने पर शरीर में गर्मी थकावट बार-बार जलन युक्त पेशाब होना जैसा लक्षण मिलता है चिकित्सिया भाषा में शरीर का तापमान 105 डिग्री फारेनहाइट से अधिक बढने पर सेंट्रल नर्वस सिस्टम में जटिलता के कारण लू लगता ह।

## जेपी भाई पटेल को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का समर्थन

**हजारीबाग :** समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह की अध्यक्षता में सदर प्रखंड के प्रमुख उप प्रमुख एवं सभी चुने हुए पंचायत समिति सदस्यों ने कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी भाई पटेल को लोकसभा चुनाव में समर्थन देने का फैसला किया है। वहीं मुन्ना सिंह विगत पिछले महीने से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने के पश्चात से ही हजारीबाग विधानसभा में अपनी चहलकदमी बढ़ा दी है। वे हर क्षेत्र पहुँच कर चुनावी दौरा कर रहे हैं जिससे कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन की जीत हजारीबाग लोकसभा में दर्ज की जा सके। वहीं कल देर रात मुन्ना सिंह के आवास में समस्त ग्राम पंचायत समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गई। जिसमें सभी ने एकजुटता से कहा कि हजारीबाग में हमें एक ईमानदार और साफ छवि के व्यक्तित्व को लाने की आवश्यकता है जो जमीन से जुड़ा हो । जिसके लिए हजारीबाग के लोग अधिक महत्वपूर्ण रखते हो न एक व्यापारी जिसने पद पर रहते हुए सिर्फ अपना व्यापार को बढ़ाया हो।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से दमखम से चुनाव लड़ेगी

**हजारीबाग :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मंजूर भवन नवाबगंज हजारीबाग मे महत्वपूर्ण बैठक डॉक्टर मिथिलेश दागी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हजारीबाग पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, अजय कुमार सिंह बतौर पर्यवेक्षक मौजूद थे। नेताओं ने कहा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हजारीबाग लोकसभा के चुनाव दमखम के साथ लड़ेगी, 1977 से हजारीबाग लोकसभा के चुनाव लड़ रही है, जिसमें दो बार कद्दावर नेता भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त दिया। कांग्रेस हजारीबाग लोकसभा की सीट चालीस बरसों मे नहीं जीत पाई है, फिर भी जीच में कांग्रेस इस सीट पर नया उम्मीदवार उतारा है।भाजपा एवं कांग्रेस दोनों का उम्मीदवार बीजेपी का ही उम्मीदवार है, इसीलिए हजारीबाग की जनता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार और अधिक वोटो से जीताकर लोकसभा भेजेगी। भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस दोनों को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ही भारतीय जनता पार्टी को हराने की मादा रखती है, इसीलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने हजारीबाग से उम्मीदवार देकर एक नए समीकरण का जन्म दिया है और त्रिकोणीय संघर्ष होगा।

## पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को जप्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध कोयला कारोबार के रोकथाम को लेकर जंगलों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान इंदिरा पसरिया जंगल में अवैध रूप से संचालित खदान से कोयला उत्खनन कर ले जा रहे अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया। पुलिस के द्वारा कार्रवाई देख ट्रैक्टर चालक घने जंगल का लाभ उठा कर फरार हो गया। करवाई मंगलवार की सुबह 5:00 की है । थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि कोई भी अवैध कारोबार नहीं करे। पकड़े जाने पर निश्चित तौर पर कड़ी कार्रवाई होगी और उसे जेल भेजा जाएगा।

## वेक्टर क्लासेस के 12वीं के छात्रों का शतप्रतिशत रहा रिजल्ट, रूहत फातमा 425 अंक लाकर बनी संस्थान टॉपर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही स्थित वेक्टर क्लासेस के सभी छात्रों ने इंटरमीडिएट साइंस में शत प्रतिशत रिजल्ट के साथ शानदार प्रदर्शन किया। संस्थान की छात्रा रूहत फातमा 425 (85त्न) अंक लाकर संस्थान की टॉपर बनी। वहीं आशीष कुमार यादव 400 अंक के साथ संस्थान के दूसरा टॉपर बना।इसके साथ ही ईशा कुमारी 355, काजल कुमारी 351, मनीष कुमार425 344, रिफत रोजी 330, सचिन गुप्ता 329, अश्विन कुमारी 326, सिमरन प्रवीण 322, पवन कुमार 300 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किए। निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने सफल सभी छात्र -छात्राओं, उनके माता -पिता के साथ अपने टीम को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि बरही


रूहत फातिमा


आशीष यादव

के छात्रों के लिए अभी तक का बेहतरीन परिणाम है, जो छात्रों की कड़ी और सच्ची मेहनत का फल है। संस्थान के मुख्य शिक्षक राजेश कुमार ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि संस्थान के उच्च शिक्षा प्राप्त एवं लंबे समय के अनुभवी शिक्षकों की टीम का नतीजा है, जो लगातार वेक्टर क्लासेस के छात्र बेहतर शिक्षा प्राप्त करके देश के अच्छे राष्ट्रीय संस्थानों में नामांकन ले रहे हैं। इस मौके पर संस्थान निदेशक दीपक गुप्ता सहित शिक्षक राजेश कुमार, अरुण कुमार, सुरेंद्र मंडल , दामोदर शर्मा, सूरज कुमार, आर्यन गुप्ता, मेहापरा सदाफ, रघुनाथ चौधरी, यदुन्दन कुमार, कृष्णा राणा ने सभी छात्रों के सफलता पर बधाई देने के साथ आने वाले भविष्य में और बेहतर करने की कामना की।

## भामाशाह विद्या मंदिर में स्नेह मिलन सह विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में अपने वरिष्ठ आचार्य अभय कुमार सिंह को अपने कार्यकाल के पूर्ण होने पर मंगलवार को विद्यालय में स्नेह मिलन सह विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।विदित हो कि अभय कुमार सिंह विद्या भारती योजना में 1996 में जुड़े और अनेकों विद्यालयों में अंग्रेज़ी के आचार्य के रूप में सेवा देते हुए 2016 में बरही में योगदान दिये और 8 वर्षों के नियमित सेवा के उपरांत आज सेवा निवृत हुए।मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय जी ने अभय कुमार सिंह की कार्यशैली की प्रशंसा की। वहीं विद्यालय प्रबंधनकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार साहू एवं साहू समाज मुखिया सुरेश साहू इनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना दी। विद्यालय के समस्त आचार्य दीदियां ने स्नेह मिलन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल नामांकन के लिए तैयार



**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन समर्थित भाजपा के उम्मीदवार मनीष जायसवाल बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इसे लेकर उन्होंने हजारीबाग लोकसभा के प्रधान चुनाव कार्यालय परिसर में एक प्रेस- वार्ता को संबोधित करते हुए जायसवाल ने बताया कि हमारे नामांकन के गौरवपूर्ण क्षण में हमारे साथ विशेष रूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, दीपक प्रकाश, जदयू नेता सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, आजसू पार्टी के सुप्रीमों सुदेश महतो, आजसू नेता सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समेत झारखंड के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक भानु प्रताप शाही, विधायक बिरंची नारायण, विधायक राज सिन्हा, विधायक नीरा यादव, विधायक समरी लाल, विधायक किसुन दास, आलोक चौरसिया, विधायक अमित मंडल समेत एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा, आजसू, जदयू, और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कई प्रदेश यूनिट और स्थानीय स्तर के कई दिग्गत नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव के सभागार भवन में झारखंड अधिविध परिषद माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कृष्ण कुमार कन्हैया एवं संचालन मनीष चंद्र पांडे, सूरज नीरव तथा अशोक कुमार राम ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीन रंजन, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल, अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विगत वर्ष के विद्यालय की उपलब्धियां को वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार राम ने रखा। इन्होंने बताया कि विगत वर्षों में हमारे विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। मुख्य अतिथि ने कहा कि रिया कुमारी ने पूरे प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त कर हमारे जिले का नाम रोशन की है। इसी तरह अन्य छात्र भी आगे बेहतर प्रदर्शन करे। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि मैं पुनः अगले वर्ष आकर टॉपर को सम्मानित करूंगा। प्राचार्य कृष्ण कुमार कन्हैया ने कहा कि हम अगले वर्ष इससे भी बेहतर रिजल्ट देने का कार्य करेंगे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि हम विद्यालय का रिजल्ट बेहतर हो इसके लिए पूरा सहयोग करेंगे। इस दौरान उन्होंने रिया कुमारी को विशेष बधाई दी।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में मेंहदी व पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में मंगलवार को मेंहदी और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शबा परवीन, कुमारी सीमा व स्वाति भार्गव बतौर निर्णायक मंडली मौके पर मौजूद थे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आगामी 16 मई को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। बताते चलें कि मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में नेहा कुमारी, तन्नू श्री, पल्लवी, निशि, निधि, रिया, पलक, नूरी, रेणू व अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में आनंद, अर्पित, पूनम, रवि, अन्नु, लक्ष्मी सहित अन्य के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## मथुरा नगर से केसड़ा जाने वाले रास्ता जर्जर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के भराजो पंचायत 20 बरकट्ठा विधानसभा एवं कोडरमा लोक सभा क्षेत्र और मांडू विधान सभा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अब तक कई नेता मंत्रियों का निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार केंद्र तथा राज्यो में मतदाताओ द्वारा मतदान कर चुनाव सांसद विधायकों का किया जाता है। जो चुनावी बिगुल बजते ही आम जनता के बीच दिन में ही तारे दिखाने जैसा अपनी प्रचार प्रसार के बैनर में सड़क,बिजली,शिक्षा ,रोजगार , जल जंगल, जमीन,भ्रष्टाचार जैसी कई समस्याओं का समाधान करने को लेकर सुंदर सुंदर अक्षरो में छपवाकर डीजे साउंड के माध्यम से प्रचार प्रसार करवाकर सिर्फ आश्वासन देते रहते है। जब चुनाव में प्रत्यासी जीत जाते है तो क्षेत्र में आम जनता के बीच सिर्फ यदा कदा ही योजनाओ के शिलापट्ट में संवेदक के बुलाने पर आते है और उद्घाटन कर चले जाते है। जनता की हाल चाल लेना भी मुनासिब नहीं समझते है। आथर्त्त कथनी करनी भिन्न जहां धर्म नही पाखंड वहां क्षेत्र में कई ऐसे सड़क वा योजनाएं है जो सालों शिलान्यास किए बीत गए लेकिन सिर्फ शिलापट्ट पर ही लिखे रह गया। बतादे की टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय जाने के रास्ते दो पंचायत भराजो के मथुरा नगर टोला में बनी पुलिया बना खाई जो राहगीरों के लिए खतरे का दावत दे रहा है और डहरभंगा पंचायत के केशडा गांव रास्ते की स्थिति बहुत ही जर्जर दयनीय है उबड़ खाबड़, जहां तहां गड्ढे,पुलिया जर्जर होने के कारण इसी रास्ते झरपो, भाराजो,नारायणपुर, बेडमक्का,खैरा, गोधीया, सिमराढाव , जरगा, टटगांव समेत कई गांवो से हजारों पैदल,साइकिल,दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया,ट्रेक्टर वाहनों का आवागमन होते रहता है ।

## स्नेह मिलन कार्यक्रम और सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली ,हजारीबाग में सेवानिवृत हो रहे संस्कृत विषय के आचार्य अमरनाथ झा के सेवानिवृत्ति पर स्नेह मिलन कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ । गौरतलब है कि आचार्य अमरनाथ झा विद्यालय में भैया-बहनों को विषय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे थ। स्नेह मिलन कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव फणींद्र नाथ , सदस्य संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने माला पहनाकर एवं सम्मान पत्र, साल, वस्त्र एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित कियाद्य मौके पर सम्मान समारोह में सेवानिवृत हो रहे आचार्य अमरनाथ झा ने अपने उद्बोधन में कहा - इस विद्यालय में पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ भैया- बहनों को पढ़ाया । उन्होंने समर्पण भाव, लगन, निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ कार्य करने की बात कही ।

## विष्णुगढ प्रखण्ड के छात्रों ने 12 वीं की परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ एपेक्स कॉमर्स अकादमी के छात्रों ने जेएसी बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। छात्रा गोल्डी कुमारी ने 436/500 अंक लाकर जिले में 10 वाँ स्थान हासिल किया। प्रियांशु कुमार 408, राहुल कुमार 383, सहदेव कुमार 382, सुभम कुमार 369, मनोहर कुमार 340, मधु कुमारी 330, संदीप कुमार 318, अंक प्राप्त किए हैं, इस सफलता के साथ, अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अकादमी ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया है, जो उन्हें आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व में सुदृढ़ किया है। छात्रों की मेहनत और निष्ठा का परिणाम है कि उन्होंने अपनी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त की है। एपेक्स कॉमर्स अकादमी ने समाज में नई मिसाल स्थापित की है, जो शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय प्रदर्शन करती है। उन्हें बधाई और शुभकामनाएं!

## जेएलकेएम प्रत्याशी संजय मेहता के नामांकन में विष्णुगढ़ से भारी तादाद में रवाना हुए कार्यकर्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** अखाड़ा चौक के समीप विष्णुगढ़-बगोदर मार्ग पर जे.एल.के.एम(जेबीकेएसएस) का हज़ारीबाग जे.एल.के.एम प्रत्याशी संजय मेहता के नामांकन के कूच से पूर्व चुनावी कार्यालय का विष्णुगढ़ उप-प्रमुख सह लोकसभा चुनाव प्रभारी सरयू साव,भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी,जोबर मुखिया चेतलाल महतो,पूर्व विष्णुगढ़ जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल,समाजसेवी प्रेमचंद महतो ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। हज़ारीबाग नामांकन के लिए जाने को लेकर जे.एल.के.एम के कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था। नामांकन में करीब विष्णुगढ़ प्रखण्ड से करीब 50 -60 गाड़ियों का काफिला था,हज़ारीबाग कूच के दौरान जयराम महतो जिन्दाबाद, जेएलके. एम जिन्दाबाद, संजय मेहता



जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए नामांकन को रवाना हुए। कार्यालय उद्घघाटन के दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल ने कहा कि हमारी पार्टी के लिए कुछ लोगो द्वारा भ्रम फैलाया जा है,उस भ्रम में ना पड़े। विरोधियों के द्वारा हमलोगों को कमजोर करने भरसक प्रयास करने को लेकर तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे है,इससे हम-सब को सतर्क रहने की जरूरत है।जयराम महतो सभी तबकों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते है,उनकी लड़ाई झारखण्ड वासियों के हक-अधिकार की है। हमसभी ये संकल्प लें हम अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहकर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करते हुए संजय मेहता की जीत सुनिश्चित करें। हज़ारीबाग लोकसभा चुनाव प्रभारी सरयू साव ने कहा कि राजनीतिक लाभ की खातिर जे.एल.के.एम को एक तबके के तमगा लगाया जा रहा है,परन्तु यह सच नही मैं तेली समाज से आता हूँ, जयराम महतो जाति की नही जमात और झारखण्ड के अस्मिता की बात करते है।इस मौके पर भारी तादाद में युवा महिला मौजूद थे।

## मनीष जायसवाल के नामांकन मे आजसू पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता होंगे शामिल : गौतम वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनडीए से हजारीबाग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के 1 मई को नामांकन में शामिल होने को लेकर आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी कि अहम बैठक की गई। बैठक बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी के निर्देश पर गुरु चट्टी आवासीय कार्यालय में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। कार्यकर्ताओं को सख्त निर्देश दिया गया की 1 मई दिन बुधवार को सुबह 9-30 बजे +2 हाई स्कुल मैदान मे अपने -अपने गाड़ी मे आजसू पार्टी का झंडा और पट्टा के साथ उपस्थित होना है। तत्पश्चात प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन कार्य हजारीबाग में शामिल होना निर्धारित है। सभी गाड़ी एक साथ हज़ारीबाग के लिए रवाना होंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर तापस, केंद्रीय सचिव अनिकेत कुमार, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, तुलेश्वर राम, सुरेश महतो, अजय कुमार, सेवक प्रसाद, मनोज कुमार, गणपति साहू, प्रमोद महतो, सुनील कुमार, दिलीप महतो, रंजीत महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जीएम इंटर महाविद्यालय में उत्कृष्ट परिणामों की हुई घोषणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय का परिणाम जारी किया गया, जिसमें जी एम इंटर महाविद्यालय की इचाक का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस परीक्षा परिणाम में वाणिज्य संकाय में विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जिसमें पूजा कुमारी 406 अंक लाकर महाविद्यालय की टॉपर रही।, राहुल कुमार 379, अमर कुमार 379 अंक लाकर सेकेंड टॉपर रहे। वही कला संकाय में महाविद्यालय का 99 प्रतिशत परिणाम रहा। कला संकाय में 606 विद्यार्थियों में से 360 प्रथम श्रेणी एवं 223 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। महाविद्यालय से छात्रा पल्लवी कुमारी 409 अंक लाकर महाविद्यालय टॉपर बनी।405 अंक लाकर अमन कुमार सेकंड टॉपर और 404 अंक लाकर साक्षी राणा थर्ड टॉपर रही, उसके बाद क्रमशः नितेश कुमार 400 अंक, रानी कुमारी 388, अंक लाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में महाविद्यालय का 82 प्रतिशत परिणाम रहा जिसमें अमन कुमार 443 प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पूर्णिया कुमारी 426, जिया वर्मा 417 तृतीय एवं राजेश कुमार 412 अंक लाकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। छात्र-




छात्राओं के इस बेहतरीन प्रदर्शन से छात्र-छात्राओं में हर्ष एवं खुशी व्याप्त हो गई है, प्राचार्य शंभू कुमार ने छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि उनकी इस सफलता के पीछे खुद उनकी मेहनत और लगन साथ ही साथ शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। सचिव विनय कुमार ने अपने मेहनती शिक्षकों सहित सभी कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि सही मार्गदर्शन के बदौलत आज महाविद्यालय का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है और आगे भी महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं अपना परचम लहराते रहेंगे। छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय हर प्रकार की उचित सुविधा देती रही है और देती रहेगी। विदित हो की विगत 15 वर्षों से जी एम इंटर महाविद्यालय कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है जिसके बदौलत यहां के छात्र-छात्राएं सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में नौकरी पाकर अपना तथा महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। मौके पर उपस्थित महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बताया कि यह जी एम ग्रुप आफ कॉलेज हजारीबाग का एक महत्वपूर्ण संस्थान है जो छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## सुनैना किन्नर के नामांकन में 3 मई को शामिल होंगी कौशल्यानंद गिरी किन्नर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर धनबाद संसदीय क्षेत्र से एकमात्र प्रत्याशी सुनैना किन्नर आगामी 3 मई 7को नामांकन करेगी। उन्होंने अपना नामांकन पत्र भी ले लिया है और आगामी 3 मई वह नामांकन करेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की कई प्रत्याशी आला कमान के द्वारा उनके नामांकन के दौरान बड़े नेताओं के साथ बुलाया जाता है परंतु धनबाद से लोकसभा प्रत्याशी सुनैना किन्नर जिसके नामांकन के दिन मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश की राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य व किन्नर अखाड़ा सनातन महामंदेश्वर एवं प्रयागराज नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर कौशल्या नंद गिरी किन्नर भाग लेगी। उनकी तैयारी किन्नर समाज जोरों से कर रही है। यह धनबाद के लिए एक बहुत बड़ी बात है कि झारखंड में पहली बार और धनबाद लोकसभा से कोई किन्नर समाज चुनाव लड़ रही है और उनके नामांकन के दौरान बंगाल और उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों से केंद्र समाज के लोग के लावे कई सामाजिक संस्था के लोग भी शामिल होंगे।



## लोकसभा चुनाव के लिए 2 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष 2 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद निर्दलीय उम्मीदवार प्रेम प्रकाश पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

## टाटा प्रबंधन कि साजिश व डीजीएमएस कि लापरवाही से जीतपुर की खदान में हुआ जल रिसाव : सचिन सिंह



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेल कंपनी के जीतपुर कोलियरी कि एकमात्र भूमिगत खदान में हो रही जल रिसाव कि घटना के बाद डीजीएमएस द्वारा खदान को बंद किए जाने के मुद्दे पर मंगलवार को संयुक्त मोर्चा के समर्थकों ने कोलियरी परिसर में बैठक कर प्रबंधन से खदान को अविलंब नहीं खुलवाने पर उग्र आंदोलन कि चेतावनी दी है। बैठक के बाद मोर्चा के सचिव सचिन सिंह ने पत्रकारों से वार्ता कर कहा कि जीतपुर में उच्च गुणवता का कोयला है। टाटा प्रबंधन कि साजिश एवं डीजीएमएस कि लापरवाही से जीतपुर कि खदान में जल रिसाव के बाद बंद किया गया है। उन्होंने खदान में भारी पैमाने पर हो रही जल रिसाव को देखते हुए बागडिगी एवं चासनाला खदान जैसी दुर्घटना होने कि आशंका जताते हुए टाटा प्रबंधन पर राष्ट्रद्रोह का केस करने कि मांग किया है। जमसन्घ बच्चा गुट के नेता विकाश सिंह टोनी ने कहा कि टाटा कि 6/7 नंबर कि खदान को बंद करने के बाद टाटा प्रबंधन ने प्राविधान से हटकर खदान में पंपिंग कार्य को बंद कर दिया है जो राष्ट्रद्रोह से कम नहीं है। पंपिंग कार्य बंद करने कि मामले को डीजीएमएस ने पहले गंभीरता से नहीं लिया और अब वे अपनी गर्दन बचाने को खदान बंद कर दिया है। बीएमएस के महामंत्री प्रहलाद कुमार दुबे ने कहा कि जीतपुर के खदान बंद होने से यहां के लगभग एक हजार मजदूरों में बेरोजगारी बढ़ेगी जिसका सीधा असर आसपास के बाजारों पर पड़ेगा। मोर्चा के नेताओं ने कोलियरी प्रबंधन को पंद्रह दिनों के अंदर खदान को चालू करने कि पहल नहीं करने पर मोर्चा उग्र आंदोलन को बाध्य होने कि चेतावनी दिया है। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष अमरजीत पासवान, मो इस्लाम, रमन मिश्रा, केके राय आदि थे।

## पचंबा उच्च विद्यालय में फ्यूचर वोटर्स के साथ मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के पचंबा उच्च विद्यालय में फ्यूचर वोटर्स के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी फ्यूचर वोटर्स को वोट के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चियों को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 तथा गिरिडीह लोकसभा में मतदान तिथि 25.05.24 को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# धनबाद : बस की ट्रक से टक्कर चालक की मौत, कई घायल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के तोपचांची थाना अंतर्गत कोटालअड्डा में मंगलवार की अहले सुबह नेशनल हाईवे पर कोलकाता बाबूघाट से बिहार के नवादा जा रही राज बस ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दिया।

घटना में बस चालक की मौत हो गई तथा दर्जन भर यात्री घायल हो गए। मृत बस चालक पटना हाजीपुर निवासी के रुप में हुआ है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वर्धमान में यात्रियों को खाना खिलाने के बाद चालक बस को काफी तेज गति से चला रहा था।

काफी देर तक बस में फंसा रहा चालक ⁻ टक्कर के बाद बस का अगला हिस्सा पूरी तरह ट्रक के पीछे घूस गया।

बस चालक काफी समय तक ट्रक और बस के बीच फंसा रहा। पुलिस व एनएच कर्मियों की मदद से चालक तथा बस में सवार यात्रियों को बाहर निकाला गया।

गंभीर रुप से जख्मी लोगों को इलाज़ के लिये धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया।

## महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने गया सहित अन्य स्टेशनों का किया निरीक्षण यात्री सुविधा व संरक्षा से जुड़े पहलुओं का किया मुआयना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश द्वारा आज विभिन्न स्टेशनों का गहन निरीक्षण कर यात्री सुविधा एव संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया गया। महाप्रबंधक द्वारा सर्वप्रथम गया स्टेशन का गहन निरीक्षण किया गया । इस दौरान महाप्रबंधक ने गया स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, बुकिंग/रिजर्वेशन काऊन्टर, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, पैनल रूम सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया । महाप्रबंधक द्वारा यहां जारी रेल विकास से जुड़े विभिन्न निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया गया । इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा धनबाद मंडल के हजारीबाग टाउन स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया । महाप्रबंधक ने यहां पैनल रूम, साफ-सफाई सहित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया । महाप्रबंधक द्वारा बानाडाग कोल साइडिंग का भी निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (दक्षिण) एवं अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे । धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा भी निरीक्षण में उपस्थित रहे।

## एनडीए के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का क्षेत्र भ्रमण में दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गांडेय विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का क्षेत्र भ्रमण मे दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह।गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आगमन पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने फूल माला एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ जोर दार तरीके से स्वागत किया।

इस दौरान दिलीप वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात, परिचय प्राप्त करते हुए कहा की इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। वही एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं ने एक शुर में कहा की हम सभी कार्यकर्ता एनडीए के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के साथ हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन प्रसाद वर्मा, गांडेय विधानसभा संयोजक अरूण हाजरा ,मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह, यूवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजू मंडल, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंदर लोहनी, मुखिया प्रतिनिधि देबू वर्मा, सत्यनारायण यादव विनोद यादव बलराम गोस्वामी प्रदीप पांडे डालो मियां, नरेश वर्मा किशोरी वर्मा, लोकनाथ वर्मा भूषण वर्मा रिंकू वर्मा देवेंद्र वर्मा विनोद वर्मा सहित अन्य ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। वही ग्राम परमाडीह, पंचायत गजकुंडा, जोगनियाटांड में स्थानीय कार्यकर्ता साथियों के साथ राम जानकी मंदिर में दर्शन किया।साथ ही साथ ग्राम मारगोमुंडा, पंचायत गजकुंडा शशि सिंह, मिथिलेश सिंह, नरेश सिंह, छेदी महतो, प्रकाश यादव, सिवलाल यादव, पंचायत गजकुंडा, ग्राम महदूडीह हाड़ी चौबे के आवास पर जनता और युवा साथियों से मुलाकात किया।और ग्राम बरियारपुर, पंचायत बांकीकला जनसंपर्क अभियान में भी जनता जनार्दन से मुलाकात हुई।

## भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने किया नामांकन पत्र दाखिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कोयलांचल की धरती पर मंगलवार को भीषण गर्मी की तपती दोपहर को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहुंचे। वह एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन कार्यक्रम में पहुंचे। जहाँ उन्होने कहा कि 2014 के बाद बनी मोदी सरकार विकास के लिए जानी जाती है। देश का मोदी सरकार ने ऐतिहासिक विकास किया है। जबकि यूपीए सरकार भ्रष्टाचार व आतंकवाद के लिए जानी जाती थी। भाजपा देश की संस्कृति व विचार को लेकर चलती है। कश्मीर से 370 भी हटाएं और राम मंदिर भी बनाएं। कहीं पत्थर तक नहीं चला।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोदी शासनकाल की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया।

**श्रम अधीक्षक का कार्यालय, श्रम भवन, कमन्ता रोड, खूँटी**

**Heat wave से बचाव के संबंध में आवश्यक सूचना**
**नियोजक/मुख्य नियोजक/संवेदक ध्यान दें।**

Heat wave से बचाव के लिए औद्योगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों/खनन क्षेत्रों/शहरी क्षेत्रों/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईट भट्टा/क्रसर एवं मनरेगा अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों को कार्य स्थलो पर नियोजकों द्वारा निम्न सुविधांए उपलब्ध कराया जाना है:–

1. कार्य स्थलों पर शीतल पेयजल के लिए प्याऊ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/नगरीय क्षेत्र के श्रमिको के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छाँछ, First Aid Kit with Ice Park के साथ पर्यापत मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peak Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्के कार्यों को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा– निदेश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को Heat wave Alert की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
8. उद्योग/वाणिज्यिक संस्थानों में Heat wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंप लगवाना।

ह0/–
श्रम अधीक्षक, खूँटी।

PR.NO.324219 Labour Employment and Traning(24-25):D

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी भरकट्टा मंडल की एक बैठक जूठाहाआम मोड़ में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भरकट्टा मंडल प्रभारी सचीनद्र सिंह एवं चिंतामणि मंडल उपस्थित थे। चुनाव संबंधित विषयों पर चर्चा हुई साथ हीं मंडल कोर कमिटी का गठन किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष बिरनी राजदेव साव, पूर्व प्रमुख मनोज सिंह, सांसद प्रतिनिधि नारायण पाण्डेय, मंडल महामंत्री राजेंद्र राम, भाजपा वरिष्ट नेता राम कृष्ण वर्मा, मंझिलाडीह पंचायत मुखिया सतेंद्र राउत, मीडिया प्रभारी रंजित राय, पूर्व युवा मोर्चा महामंत्री विक्रम तरवे, राम लखन यादव, महेंद्र वर्मा, किशोरी दास, विशेश्वर साव, विनोद यादव, अशोक कुशवाहा,अयोध्या महतो, दुलारचंद महतो, अशोक यादव, विवेक वर्मा, जयदेव यादव,किशन महतो, संतोष दास, सुजीत दास सहित दर्जनों भाजपा कार्यक्रता उपस्थित थे।

## प्रथम जूडो बेल्ट टेस्ट का हुआ भव्य आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** प्रथम जूडो बेल्ट ग्रेडेसन का शानदार आयोजन डी ए वी कोयला नगर मे किया गया। इसकी जानकारी देते हुए धनबाद जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया की भारतीय जूडो महासंघ के निर्धारित सिलेबस के अनुसार बेल्ट टेस्ट लिया गया।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–47 वर्ष

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव टाटिसिल्वे थाना अन्तर्गत टाटिसिल्वे रेलवे लाईन फटाक के समीप साके टोली पोल संख्या–41/21 के समीप से बरामद किया गया है। जिसके संबंध टाटिसिल्वे थाना यू0डी0 काण्ड सं0–04/2024, दिनांक–18.03.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूश के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, मु0 प्रथम, रॉची। –9431706141
थाना प्रभारी टाटिसिल्वे, रॉची। –9431706174

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची

PR 324256 Police(24-25)#D

**उप श्रमायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(संयुक्त श्रम भवन, आई०टी०आई० परिसर, सिन्दुर, हजारीबाग**
**Email id- boc.hazaribagh@gmail.com)**

**आम–सूचना**

हजारीबाग जिला के सभी प्रतिष्ठान/खनन क्षेत्र/उद्योग/पुल निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईंट भट्ठा/क्रसर एवं मनरेगा से संबंधित नियोजक/संवेदक अपने यहाँ नियोजित कामगारों को Heat Wave से बचाव हेतु कार्य स्थल पर निम्न सुविधाएँ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

1. कार्य स्थलों पर शीतल पेयजल के लिए प्याउ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/ नगरीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छॉछ, First Aid Kit with Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peack Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिशा–निर्देश निर्गत करना।
6. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
   उद्योग/वाणिज्यिक
7. संस्थानों में Heat Wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
8. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंपल गवाना।

"आपका वोट, आपका भविष्य"

श्रम अधीक्षक, हजारीबाग।

PR.NO.324252 Labour Employment and Traning(24-25):D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त चान्हो थाना कांड स0–157/2021 दिनांक–10.10.2021, धारा–376(D)/376/506 भा0द0वि0 के अप्राथमिकी अभियुक्त सन्नु उर्फ सोनु अंसारी, पे0–गफार अंसारी, सा0–पसिया, थाना–भरनो, जिला–गुमला, वर्तमान पता–सा0–टांगर बसली, थाना–माण्डर, जिला–रॉची के विरूद्ध द0प्र0स0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय रॉची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

Court of Sri Asif Equbal AJC iv spl. Judge Ranchi
Proclamation Requiring The Appearance of
A PERSON ACCUSED
[Form no 4 Schedulll Act 2 1974]
(Section 82 of the code of criminal Procedure)
एक मतहम शखत को हाजिर करने का इश्हिार
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)
चूकि मेरे पास नालिश की गई है(1)

(1) नामव शिल पता–अप्राथमिकी अभियुक्त सन्नु उर्फ सोनु अंसारी, पे0–गफार अंसारी, सा0–पसिया, थाना–भरनो, जिला–गुमला, वर्तमान पता–सा0–टांगर बसली, थाना–माण्डर, जिला–रॉची।
(2) किया है या करने का उस पर शुवहा है। जोव–मुजिब दफा मजमूअए ताबीरात हिन्द के सजा के लायक है
(3) नाम औरव–तामील वारंट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कै फियतदी गई है कि (3)
(4)फरार हुआ है या रूमेश है
ताके वारंट मजकुर उसपर पाये नही जाते है और चूंकि ब तशफ्फी हमारे साबित किया
जारी न हो सके गया है कि(3) जब
(5) मोकाम
चान्हो थाना कांड स0–157/2021 दिनांक–10.10.2021, धारा–376(D)/376/506 भा0द0वि0 मजकुर इसलिए इश्तेहार दिया जाता है मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)
(6) इस अदालत व रूबरू मेरे 15.03.2024 अ हजुर(6) ब तारिख माह नालिस मजकुर
को जवाब देही के लिए हाजिर हो
आज तारीख माह सन 29.01.2024

Court of Sri Asif Equbal AJC iv spl. Judge Ranchi

अतः सभी से अनुरोध है कि यदि अप्राथमिकी अभियुक्त सन्नु उर्फ सोनु अंसारी, पे0–गफार अंसारी, सा0–पसिया, थाना–भरनो, जिला–गुमला, वर्तमान पता–सा0–टांगर बसली, थाना–माण्डर, जिला–रॉची जी कही मिलते/दिखते है तो इस के संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्ननांकित फोन न0 पर इसकी सूचना दे।

पुलिस उपाधीक्षक खलारी रॉची– 9431742777
थाना प्रभारी चान्हो रॉची– 9431706189

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची

PR 324249 Police (24-25)_D

## उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में माध्यमिक बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का सम्मान हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सिस्टर आइलीन कुजूर, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी श्री अभिषेक झा, उर्सुलाइन मिडिल स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर बसंती एक्का, मोंटेसरी की प्रधानाचार्या सिस्टर बृजिट टोप्पो, तीनों विद्यालय के शिक्षकवृंद, दसवीं बोर्ड की छात्राएं और विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय की गाइड और बैण्ड की छात्राओं द्वारा गार्डन ऑफ़ ऑनर कर किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत द्वीप प्रज्वलन एवं एवं वंदना नृत्य द्वारा हुआ। विद्यालय की छात्राओं द्वारा आकर्षक मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतीकरण किया गया। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो के द्वारा बच्चों को अपनी गलतियों से सीखने के बारे में सुझाव दिया गया और बच्चों को पढ़ाई करने के तरीके एवं जीवन में अच्छे या बुरे चीजों में चुनाव करने का तरीका सिखाया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सिस्टर आइलीन कुजूर मधुर वचनों से जीवन में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी श्री अभिषेक झा के द्वारा भी बच्चों को त्याग और परिश्रम करने एवं जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहने का सुझाव दिया। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका ने विद्यालय में नियमित रहने एवं परिश्रम कर शत प्रतिशत लाने के लिए बच्चियों को सुझाव दिया। टॉप 10 छात्रों को मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रा माही कुमारी ठाकुर, जिया कुमारी ठाकुर, नूरे आजमी को मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की टॉप छात्राएं जिया कुमारी ठाकुर तथा माही कुमारी ठाकुर ने अपना अनुभव साझा किया तथा सफलता के मूल मंत्र बतलाए। बाकी टॉप 10 की छात्राएं क्रमवार इस प्रकार हैं तनीषा साहू, सृष्टि लकड़ा, प्रियंका कुमारी, अंजलि देवघरिया, महक प्रवीण, अफसाना प्रवीण, जनिक उरांव और स्नेहा रोज। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल के शिक्षक सिस्टर असरिता कंडुलना, सिस्टर पुष्पा एक्का, सिस्टर आशा किरण मिंज, सिस्टर मोदेस्ता खाखा, सिस्टर कुमुदिनी, सर अनूप, सर शेखर, सर ओमान, सर सचिन, मिस हेमलता, मिस सरोज, मिस अनीता, मिस नित्या, मिस खुशनुमा, मिस मैरियट, मिस अनुपमा, मिस मैरी स्नेहा का योगदान रहा। तथा मंच का संचालन सर अजय द्वारा किया गया और अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के द्वारा किया गया।

**13 मई को आप जरूर करें मतदान : डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण**

## मतदाता जागरूकता को लेकर उपायुक्त ने कीक मार फुटबॉल मैच का किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु आज मंगलवार को नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा में जिला प्रशासन और प्रतिभा केंद्र लोहरदगा के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा फुटबॉल को किक मार कर किया गया। इसमें उपायुक्त ने सभी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया और सभी पात्र मतदाताओं से आगामी 19 मई 2024 को लोहरदगा जिला में होनेवाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि आप स्वयं और अपने परिवार में सभी पात्र मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। 13 मई को लोहरदगा जिला में मतदान होना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में आप



सभी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। उपायुक्त द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों, पदाधिकारियों व कर्मियों को मतदाता शपथ दिलायी गई। इस मौके पर उन्होंने जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास को लेकर सभी का हौसला बढ़ाया। आज के कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सीता पुष्पा,जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक,जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, स्वीप के डिस्ट्रिक्ट आइकॉन राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी अजिता कुमारी, रणजी क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार, राज्यस्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी व प्रशिक्षक अमित कुमार समेत बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन ने नक्सल क्षेत्र में चलाया मतदाता जगरुक्ता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** स्वीप कार्यक्रम के तहत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के नक्सल व सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके का दौरा कर जिला प्रशासन के द्वारा चलाया गया मतदाता जगरुक्ता कार्यक्रम। प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत के विभिन्न गाँवों का भ्रमण करते हुए उपायुक्त सह जिला निर्वाची पदाधिकारी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा, प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रखंड कर्मियों की अगुआई में डीसी डॉ0



बाघमारे प्रसाद, एसपी हारिश बिन जमां ने अलौदी हेसवे, आरा, पोड़िया टोली, उरू चटकपुर सहित विभिन्न नक्सल प्रभावित गांव का भ्रमण कर महिला पुरुष मतदाताओं से संपर्क किया और लोगो को अपने मत देने का अधिकार को पहचानने की बात बताते हुए शत प्रतिशत मतदान करने का ग्रामीण मतदाताओं से अपील किया और लोगो को मतदान जगरुक्ता पर प्रकाश डालने की सलाह दी गई। मौके पर जिला व प्रखंड के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## जिला अधिवक्ता संघ ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी को दी विदाई, नए दंडाधिकारी का किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा की ओर से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉक्टर श्री चंदन कुमार को विदाई दी गई। जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा के उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार के द्वारा बुके देकर उनका अभिनंदन किया गया। साथ ही नए अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अधिकारी श्री अमित कुमार गुप्ता को पदभार ग्रहण करने पर बुके देकर सचिव प्रशासनिक लाल धर्मेंद्र देव ने जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा की ओर से स्वागत किया। सचिव प्रशासनिक लाल धर्मेंद्र देव द्वारा कहा गया कि सेवा काल में हस्तांतरण एक सतत प्रक्रिया है जो पूरी सेवा काल में चलता रहता है। साथ किए गए कार्यो को हम याद करते हैं और उसे भविष्य मे अनुभव के रूप मे सहेज कर रखते हैं। डॉक्टर श्री चंदन द्वारा





कहा गया कि मेरा यह लोहरदगा का कार्यकाल बहुत ही सुखद अनुभव देकर जा रहे है मैंने लंबा समय यहां बिताया है सभी अधिवक्ता बहुत अच्छे रहे शांति प्रिय माहौल में हम लोगों ने काम किया यह एक अच्छा अनुभव रहा है मैं सभी को धन्यवाद देता हूं। इस कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के प्रभारी कोषाध्यक्ष पवन कुमार, लाइब्रेरी सचिव विक्रम कुमार, कार्यकारिणी सदस्य फूनी साहू, नरेंद्र मिंज, विनय कुमार, विपिन बिहारी दुबे के अलावे वरिष्ठ अधिवक्ता मुनेंद्र प्रसाद, जुगल किशोर सिंह, अनिल कुमार पांडे, प्रवीन भारती, सचिन कुमार, शशांक कुमार, सुमन भगत, नसीम अंसारी, नवल किशोर अग्रवाल, तरुण कुमार देवघरिया, हेमंत कुमार सिन्हा, सुरीला देवी, राखा साहू, अब्दुल रब, विवेक कुमार, मनोज प्रसाद, इत्यादि उपस्थित थे।

### एमबी डीएवी विद्यालय में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय,लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा मतदान जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तथा लोहरदगा क्षेत्र के लोगों को आगामी 13 मई 2024 को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से कक्षा यूकेजी से लेकर कक्षा द्वितीय तक के बच्चों के लिए दिनांक 28 को ऑनलाइन पेटिंग तथा कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा यूकेजी में राधिका उराँव, कैरा खाका, अथन उराँव, जयेश कुमार, सूर्यांश कुमार साहू, सानवी कुमारी भगत, आकर्ष पंकज, अलीशा अहमद, इज़हान अहमद, अर्चित मिश्रा कक्षा प्रथम में सार्थक चौधरी, अलिका अम्बर, ईशानवी राज, आदर्श वेदांत, काव्या मुखियार, प्रोतिष्ठा गोराई, अपूर्व राज, श्रेया श्रुति, काव्या तरुषी तथा कक्षा द्वितीय में दिव्यांश मेहता , देवांश वर्मा, भावेश शर्मा, मयंक उरांव, प्रयांश वर्मा, रिद्धि कुमारी, अरहम अंसारी, आरोही वर्मा, काव्या बंका, अनन्या गर्ग, अपेक्षा गुप्ता, परी कुमारी, शिवांश शर्मा और अनुराग कुमार दुबे ने प्रथम स्थान अर्जित किया इस प्रतियोगिता में अश्विन पात्रों, रजनी प्रसाद, सोमिता दास व श्वेता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### रीति रिवाज से सखुवा पत्ता में हल्दी से रंगा हुआ चावल देकर मतदान के प्रति किया गया लोगों को जागरूक




**ठेठईटांगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड ठेठईटांगर के ग्राम घोड़ीटोली बूथ नं 197 में जेएसएलपीएस ठेठईटांगर टीम और बूथ जागरूकता समूह के द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से 13 मई को सभी ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया तथा ग्रामीणों के बिच सखुवा पत्ता में हल्दी से रंगा हुआ चावल देकर 13 मई 2024 को मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया गया। पोस्टर के माध्यम से मतदान देने का तरीका बताया गया तथा मतदान के लिए शपथ दिलाया गया. इसमें गांव के ग्रामीण, सात्न की दीदियाँ जेएसएलपीएस के प्रभारी बीपीएम संतोष कुमार वर्मा, रोजगार सेवक राजीव रंजन, मुकेश कुमार, FTC प्रमोद सिन्हा, सीता भगत, मारियाना गुड़िया CC कृष्ण कुमार भोय, BAP लालमुनी देवी साथ ही सदस्य लोग और ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

## जैक इंटर की परीक्षा में छात्र छात्राओं का बेहतर परिणाम रहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** जैक द्वारा आयोजित इंटर तथा टेन प्लस टू उच्च विद्यालय का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर किया गया है। प्रखंड क्षेत्र के दो नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सेन्हा व पेशरार की छात्राओं ने अपना परचम लहराते हुए प्रखंड स्तरीय टॉप टेन में दबदबा बरकरार रखा है। विज्ञान संकाय में नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु के विज्ञान में छात्र सलीम अंसारी 83.67 प्रतिशत, नाजिया प्रवीण 79 प्रतिशत और प्रवेज अंसारी 70 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टापर बने कुल 19 छात्र छात्राओं में प्रथम श्रेणी से 13 द्वितीय श्रेणी से 03 और 03 छात्र छात्रा फेल हुए। तो वही कला संकाय में कुरैश खातून 82.प्रतिशत,अंशु उराँव 80.8 और रूपचन्द्र उराँव 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। कला संकाय में कुल 202 छात्र छात्रओं में से 12 प्रथम श्रेणी 7 द्वितीय श्रेणी से पास किये जबकि छात्र छात्र फेल हुए। तथा वाणिज्य में सिद्दीक अंसारी प्रथम,सुमित कुमार साहु द्वितीय और राजू मुंडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वमीजय संकाय में कुल 37 छात्र छात्राओं में से 10 प्रथम श्रेणी से 29 द्वितीय श्रेणी से पास किये और 08 छात्र छात्राएँ अनुतीर्ण रहे। साथ ही स्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा की छात्रा शिवानी कुमारी 83 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टापर बनी है। तथा अनन्या रानी 82 प्रतिशत और अंजू उराँव 79.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। साथ ही कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय पेशरार की छात्राओं ने जैक इंटरमीडिएट की परीक्षा में परचम लहराया है। जिसमे अंजू टोप्पो 79.4 प्रतिशत,शकुन्तला कच्छप 76.8 प्रतिशत तथा नीतू कुमारी 76.2 प्रतिशत अंक ला कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

## विज्ञान में 90 प्रतिशत अंक लाकर ईशा कुमारी और कला में 83.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रेरणा तिग्गा ने मारी बाजी

**विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा का जैक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा का 12 वीं विज्ञान एवं कला का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें 12 वीं के विज्ञान संकाय में पहला स्थान ईशा कुमारी (90प्रतिशत), दूसरा स्थान रिया कुमारी (87.8प्रतिशत), तीसरा स्थान उत्कर्ष शुक्ला (87प्रतिशत), चौथा स्थान अंकित कुमार साहू (85.4प्रतिशत), पांचवा स्थान अवंतिका कुमारी पुजारी (84.4प्रतिशत), छठा स्थान रोहित कुमार साहू (80.2प्रतिशत), सातवां स्थान साईर अबूशिब रजा(79.6त्न), आठवां स्थान प्रतीक कुमार (79.2प्रतिशत) , नवां स्थान लाल अभिषेक नाथ शाहदेव (77.8प्रतिशत), एवं दसवां स्थान पूर्णिमा कुमारी (77.6प्रतिशत) ने प्राप्त किया।



12वीं कला में प्रथम स्थान प्रेरणा तिग्गा(83.6प्रतिशत), दूसरा स्थान अमर उरांव (82.8प्रतिशत), तीसरा स्थान नेहा कुमारी (81 प्रतिशत), चौथा स्थान रोशनी उरांव(80.8 प्रतिशत), पांचवा स्थान पूनम कुमारी (80.6 प्रतिशत), छठा स्थान अमन टोप्पो (80.4प्रतिशत), सातवां स्थान चंदन महतो (79.8प्रतिशत), आठवां स्थान मनीष भगत (78.8प्रतिशत), नवां स्थान प्रिया कुजूर(77.8प्रतिशत) एवं दसवां स्थान प्रफुल्लित केरकेट्टा (76.8) ने प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सचिव अजय प्रसाद, महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास व महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई। गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, समिति के सभी सदस्यों ने सफलता पाए हुए सभी छात्र-छात्राओ को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनजोगा में अभिभावक गोष्ठी सह परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**वक्ता बोले: विद्यालय संचालन के उत्तरदायित्व प्रबंधन समिति और अभिभावक अपने ऊपर ले लें तो बच्चों के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा में वृद्धि संभव**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनजोगा में अभिभावक गोष्ठी सह परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेलन तोपनो के द्वारा किया गया। बैठक में नए सत्र का नामांकन, बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, मतदाता जागरूकता, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों और अभिभावकों के कार्य एवं दायित्व और विद्यालय को अभिभावकों का सहयोग आदि विषयों पर चर्चा किया गया। इस दौरान लिड्स संस्था के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जात-पात, समुदाय को नही देखना है।विद्यालय एक स्वतंत्र परिवेश है



जिसमें हर समुदाय, हर समाज के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते है। विद्यालय के शिक्षक किसी भी समुदाय से हो उनकी इज्जत और विद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए उनका सहयोग करना आवश्यक है जिससे विद्यालय का संचालन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि यदि विद्यालय संचालन का उत्तदायित्व प्रबंधन समिति और अभिभावक अपने ऊपर ले लें तो बच्चों के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा में वृद्धि संभव है। अभिभावकों को अपने बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए विद्यालय एवं शिक्षकों का सहयोग नितांत आवश्यक है। अच्छी शिक्षा के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित होना आवश्यक है। वहीं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागाढ़ा के प्रधानाध्यापक भरत महतो ने बच्चों के शिक्षा और अभिभावकों की भूमिका पर चर्चा कर प्रबंधन समिति को उनके जिम्मेदारियों के प्रति सगज किया। बैठक में सर्वाधिक उपस्थिति वाले तीन बच्चों को पारितोषिक वितरण और पांचवी कक्षा के छात्र छात्राओं को उपहार देकर और माला पहनाकर विदाई भी दी गई। इस दौरान लीड्स के कुलदीप सुरीन ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चे हर एक छोटी-छोटी बातें सीखते हैं। वही छोटी बात उनके जीवन मे बहुत मायने रखती है। विद्यालयी शिक्षा ही उनके जीवन का निर्माण में नींव का काम करती है। उनके नीव को मजबूत करने में शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों का योगदान होता है। बच्चों को अनुकूल परिवेश देना अभिभावकों की जिम्मेदारी है। अभिभावक अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह निभाये तो बच्चों को सही मार्गदर्शन मिल सकता है। स्कूल के प्रधानाध्यापक सत्यवान साहु ने अभिभावकों को हरेक बैठक में आने और स्कूल को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की अपील की और 13 मई को होने वाली लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से बिना किसी लोभ लालच में आकर मतदान करने को कहा। इस दौरान बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष नेलन तोपनो, उपाध्यक्ष दाऊद तोपनो, ग्राम सभा सचिव बेंजामीन तोपनो, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनजोगा के प्रधानाध्यापक सत्यवान साहु, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागाढ़ा के प्रधानाध्यापक भरत महतो, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदोंजरा की प्रधानाध्यापिका सुशीला कंडूलना, लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार, कुलदीप सुरीन सहित अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## इंटर में बेहतर रिजल्ट लाना छात्रों एवं शिक्षकों के कठिन तपस्या का परिणाम : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जैक इंटर बोर्ड के विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय की परीक्षा में सफल छात्रों को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने बधाई एवं शुभकामना दी है। वहीं कला संकाय में 98.83 त्न अंक लेकर स्टेट टॉपर बनने एवं वाणिज्य संकाय में 96.93 अंक लेकर स्टेट थर्ड टॉपर बनने पर भी हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज इंटर के हमारे बेटे बेटियों ने दिखा दिया कि कम संसाधन के बावजूद हमारे अंदर भी टॉपर बनने की काबिलियत है। हम न सिर्फ़ खेल में बल्कि शिक्षा सहित तमाम क्षेत्र में बेहतर प्रदर्श कर सकते हैं। विधायक ने कहा कि इंटर का रिजल्ट इस बात का संकेत है कि सिमडेगा जिले शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इंटर का रिजल्ट बेहतर होने पर सभी छात्रों के अलावे शिक्षकों को भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम शिक्षकों और छात्रों के



अथक प्रयास का परिणाम है। विधायक ने असफल छात्रों को निराश नहीं होने की अपील करते हुए कहा कि इंसान जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए बहुत मेहनत करता है। लेकिन जब वह सफल नहीं हो पता है तो निराश हो जाता है। लेकिन हमारे जीवन में आने वाली असफलताएं हमें तजुर्बा देती हैं और गलतियां करने से बचाती हैं। इसलिए इंसान को कभी मायूस नहीं होना चाहिए। उसे मेहनत करते रहना चाहिए। एक दिन ऐसा आएगा कि मेहनत का फल सफलता में बदल जाएगा। विधायक ने कहा कि आज हार हुई है, तो कल जीत भी हो सकती है। हार के गम में सुधार की कोशिश छोड़ देना समझदारी नहीं होती है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि निराश होने के बजाय ये सोंचे कि हमसे कहां चूक हुई है और अभी से ही कड़ी मेहनत और ईमानदार के साथ पढ़ाई में जुट जाएं।

# तेलंगाना की सियासत : केसीआर का कई दिग्गज नेताओं ने छोड़ा साथ



एजेंसी

**हैदराबाद :** तेलंगाना राज्य के निर्माण के आंदोलन से खड़ी होकर 10 साल तक राज्य में सत्ता चलाने वाली तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब बीआरएस) का झंडा बेशक गुलाबी है, लेकिन पार्टी के लिए चुनावी मौसम लपटों से भरा है। यूं तो पांच महीने पहले नवंबर-23 में सत्ता से बेदखल हुई बीआरएस ही तेलंगाना की 17 लोकसभा सीटों में से सबसे ज्यादा 9 पर काबिज है। लेकिन अहम सवाल है कि ये अब बचेगी भी या नहीं। सवाल इसलिए भी, क्योंकि बीआरएस के चार मौजूदा सांसदों समेत कई विधायक और पूर्व विधायक पार्टी छोड़कर जा चुके हैं। बीआरएस के राज की तारीफ करते लोग तपाक से जोड़ते भी हैं कि उन्होंने पैसा खूब बनाया है। यह वोट बैंक खिसकने का संकेत है। यह किसकी झोली भरेगा, कांग्रेस, भाजपा या फिर कुछ-कुछ दोनों की.होड़ इसी की है।तेलंगाना में चुनाव कैसा चल रहा है, इसका पहला रुझान मिलता है, एयरपोर्ट से हाईटेक सिटी की ओर फर्राटा भरते हुए 26 साल के टैक्सी ड्राइवर सैयद अरबाज के जवाब से। बगैर लाग-लपेट के वह कहते हैं, बीआरएस तो डूब ही गई। इसकी पुष्टि विधानसभा चुनाव के नतीजे भी करते हैं, जिसमें बीआरएस को सत्ता से ही बाहर नहीं होना पड़ा, बल्कि 10 फीसदी वोट भी गंवाने पड़े। राज्य में कांग्रेस सशक्त होकर उभरी और सिर्फ दो फीसदी ज्यादा मत हासिल करके राज छीना और बीआरएस में भगदड़ भी मचा दी। 27 अप्रैल को 23 बरस की हुई बीआरएस के लिए लोकसभा का यह चुनाव अस्तित्व से जुड़ा है। पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ही हैं। वह 17 दिन,17 लोकसभा सीट का संकल्प लेकर महबूबनगर से तूफानी चुनावी अभियान शुरू कर चुके हैं।केसीआर इसी तेवर से कांग्रेस की रेवंत रेड्डी सरकार को भी घेर रहे हैं। कहते हैं, किसानों की कर्जमाफी और महिलाओं को पेंशन सिर्फ शिगूफा हैं, जो पूरे न होंगे।

### फायदा उठाने में जुटी कांग्रेस

भाजपा का दावा भी दहाई अंक छूने का है। अभी उसके पास चार सांसद हैं। पार्टी की कोशिश सीट और वोट बैंक, दोनों बढ़ाने की है। यह वोट आएगा बीआरएस से ही, कांग्रेस से नहीं।भाजपा पढ़े-लिखे शहरी मतदाताओं को रिझाने में ज्यादा जोर लगा रही है। यह कोशिश रंग लाई, तो बीआरएस तगड़े घाटे में होगी, क्योंकि विधानसभा चुनाव में शहरी सीटों पर उसकी एकतरफा पकड़ रही है। उसे नुकसान सिर्फ ग्रामीण सीटों पर हुआ है। बीआरएस की राजनीति को करीब से देखते आ रहे विश्लेषक मोहम्मद नईम मुजाहत कहते हैं कि जो भी घाटा होगा, बीआरएस को ही होगा। भाजपा अगर दावे के मुताबिक 10 सीटें पा गई तो अगले विधानसभा चुनाव में बीआरएस साफ हो जाएगी। मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के बीच ही होगा। फिलहाल, इसके कोई आसार नहीं हैं।

### बीआरएस बनाम बीआरएस बागियों की बहार

बीआरएस के बागी दूसरे दलों से टिकट पाकर मुसीबत बढ़ा रहे हैं। पार्टी के चेवल्ला सांसद जी. रंजीत रेड्डी अब कांग्रेस से ताल ठोक रहे हैं। बीआरएस की 2014 में बनी पहली सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे कादियम श्रीहरि बेटी काव्या के साथ कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। वह अभी घनपुर स्टेशन से विधायक हैं।कांग्रेस ने काव्या को वारंगल से प्रत्याशी बनाया है। जहीराबाद से बीआरएस के दो बार के सांसद बीबी पाटिल अब यहीं से भाजपा के प्रत्याशी हैं। नागरकुरनूल सुरक्षित सीट से बीआरएस सांसद पी. रामुलू भी भाजपा में जा चुके हैं। पार्टी ने उनके बेटे भरत को उतारा है। बीआरएस सांसद बी. वेंकटेश नेता कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। हालांकि, उन्हें टिकट नहीं मिला। बीआरएस विधायक नागेंदर कांग्रेस के टिकट पर सिकंदराबाद से लड़ रहे हैं।

# विदेश फरार रेवन्ना को जेडीएस ने किया सस्पेंड



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का परिवार चर्चा है. वजह है कथित सेक्स स्कैंडल. इस सेक्स स्कैंडल में देवेगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना और हासन सीट से सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना पर गंभीर आरोप लगे हैं. इन पर यौन शोषण, सेक्स वीडियो रिकॉर्ड करने, धमकाने सहित साजिश रचने जैसे आरोप हैं. इस मामले में रेवन्ना को जांच पूरी होने तक पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है. जेडीएस की कोर समिति की बैठक में रेवन्ना के सस्पेंशन पर फैसला लिया गया. जेडीएस की इस समिति के सदस्य जीटी देवेगौड़ा ने कहा कि राज्य सरकार ने इस मामले में एसआईटी का गठन किया है. हम इसका स्वागत करते हैं. जांच होने तक हम इस मामले में कोई बयान नहीं देंगे. हम जांच में पूरा सहयोग करेंगे. रेवन्ना को पार्टी से सस्पेंड करने के संबंध में देवेगौड़ा को सुझाव दिए गए थे. एसआईटी की जांच रिपोर्ट आने तक रेवन्ना को सस्पेंड किया जाता है.उन्होंने कहा कि जेडीएस पार्टी महिलाओं पर अन्याय की विरोधी है. लेकिन एक सवाल है कि जब चुनाव में सिर्फ पांच दिन बचे हैं, तब ये पेनड्राइव क्यों रिलीज की गई.इस संबंध में कर्नाटक के हासन में दो मामले दर्ज हैं. एक मामला एचडी रेवन्ना और दूसरा उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दर्ज हैं. एक अन्य मामला नवीन गौड़ा के खिलाफ भी दर्ज है. अब ये दोनों मामले कर्नाटक सरकार के आदेश पर जांच के लिए एसआईटी को सौंप दिए गए हैं.रेवन्ना के कथित अश्लील वीडियो सार्वजनिक होने के बाद 33 साल के रेवन्ना शनिवार सुबह ही जर्मनी भाग गए थे. रेवन्ना का दावा है कि उनके वीडियो से छेड़छाड़ की गई है और उनकी छवि खराब करने के लिए इन वीडियो को सर्कुलेट किया जा रहा है.

# कांग्रेस ने मेरा फेक वीडियो वायरल किया : अमित शाह



एजेंसी

**गुवाहाटी :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फेक वीडियो मामले में कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है. कांग्रेस पर हमला करते हुए अमित शाह ने गुवाहाटी में कहा कि कांग्रेस झूठ फैलाकर गुमराह कर रही है. धर्म के आधार पर आरक्षण संविधान सम्मत नहीं है. मेरा फेक वीडियो बनाकर फैलाया जा रहा है. लेकिन एक बार फिर साफ करना चाहूंगा कि भाजपा, एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण के समर्थन में है.केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं,दो चरणों के चुनाव के बाद, अपने आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर हम कह सकते हैं कि बीजेपी और उसके सहयोगी दल 100 से अधिक सीटें पार कर चुके हैं और हमें विश्वास है कि हम 400 पार के अपने संकल्प की ओर बढ़ रहे हैं.शुरुआती रुझानों के मुताबिक, बीजेपी को दक्षिण भारत में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है.कांग्रेस पर हमला करते हुए अमित शाह ने कहा,कांग्रेस एक झूठ फैलाकर जनता के बीच एक भ्रांति पैदा करना चाहती है. मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि भाजपा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण की समर्थक है और हमेशा इसके संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी. ये बात पीएम मोदी ने भी अपने सर्वाजनिक भाषणों में स्पष्ट किया है. भाजपा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में अगर किसी एक राजनीतिक दल ने डाका डाला है तो वह कांग्रेस पार्टी है.बता दें कि फर्जी वीडियो में तेलंगाना में धार्मिक आधार पर मुसलमानों के लिए आरक्षण समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताने का संकेत देने संबंधी शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर इस तरह दिखाया गया है जैसे कि वह हर तरह का आरक्षण समाप्त करने की वकालत कर रहे हों. पुलिस ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना), 153ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच द्वेष को बढ़ावा देना), 465 (जालसाजी), 469 (किसी भी पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जालसाजी), और 171जी (चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के इरादे से गलत बयान प्रकाशित करना) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है.

## मैं डरने वाला नहीं : सीएम रेवंत रेड्डी



एजेंसी

**हैदराबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वीडियो से छेड़छाड़ के मामले में दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है. दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को नोटिस जारी कर 1 मई को आकर अपना पक्ष रखने को कहा है.दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के सीएम से अपना फोन भी लाने को कहा है. आरोप है कि रेवंत रेड्डी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से फर्जी वीडियो शेयर किया. रेवंत ने कहा है कि वो ईडी, सीबीआई से डरने वाले नहीं हैं.भारतीय जनता पार्टी का दावा है कि तेलंगाना की रैली में वीडियो से छेड़छाड़ की गई है. फर्जी वीडियो में शाह आरक्षण खत्म करने की बात कह रहे हैं.

इस वीडियो को देखते ही बीजेपी तुरंत हरकत में आई. बीजेपी ने गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस से शिकायत की. बीजेपी ने वीडियो से छेड़छाड़ कर पोस्ट करने का आरोप लगाया. इस मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने साइबर विंग इफ्सू यूनिट में एफआईआर दर्ज कराई..पुलिस ने इस केस को गंभीरता से लेते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और फेसबुक से भी जानकारी मांगी है कि एडिटेड वीडियो किस अकाउंट से शेयर किया गया है.इससे पहले बीजेपी ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल से ही आरक्षण के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का छेड़छाड़ किया गया भाषण पोस्ट किया है.बता दें कि इस बार चुनाव में एआई टेक्निक का भी जमकर इस्तेमाल हो रहा है. इसकी मदद से फर्जी ऑडियो और वीडियो बन रहे हैं. यही वजह है कि चुनावी मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फेक वीडियो को लेकर लोगों को अलर्ट किया था.

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया खूंटी जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को खूंटी जिले में निर्वाचन की तैयारी सहित विभिन्न मतदान केंद्रों और घर-घर वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ द्वारा अब तक संपन्न और किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली और कार्य में तेजी प्रगति लाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा निर्वाचन में कार्यरत बीएलओ को इंसेंटिव का प्रावधान है, लेकिन खराब प्रदर्शन अथवा कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को इंसेंटिव से वंचित रखा जाएगा। उन्होंने सभी बीएलओ को अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और ससमय निर्वाचन कार्य पूर्ण करने को कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी के पिपरा टोली बेलाहाथी रोड जाकर मतदाताओं के बीच बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की जानकारी ली। साथ ही उनके द्वारा भरे गये प्रपत्रों की जांच की।उन्होंने खूंटी जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्रा रोड स्थित मतदान केंद्र पर बीएलओ से



मुलाकात की और लोकसभा निर्वाचन से संबंधित कार्यों के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस (गर्ल्स), खूंटी एवं सामुदायिक भवन नामकोम स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ सूची, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप, मतदान केंद्र जागरूकता समूह की अद्यतन जानकारी ली और कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया।उन्होंने तीन मई तक सभी मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कालामाटी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात जवानों एवं दंडाधिकारी की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए वाहनों के आवागमन पर पैनी नजर रखने, वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान खूंटी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी आदि मौजूद थे।

## आधी आबादी का पूरा वोट, 400 का आंकड़ा पार करेगा एनडीए : लवली गुप्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा सह पूर्व जिला परिषद सदस्य श्रीमती लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा सहित चतरा लोकसभा के कई गांव का भ्रमण करते हुए मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बहनों का विश्वास मोदी जी के साथ है। अब वक्त बदल चुका है। अब महिलाएं किसी के कहने पर वोट नहीं डालती। वह अपना वोट बेचती भी नहीं है। 2019 में महिलाओ ने 46त्न अपना मत भाजपा को दिया था। भाजपा सरकार ने देश की आधी आबादी नारी शक्ति पर अपना विश्वास जताया है। महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए, उन्हें सशक्त करने के लिए केंद्र की कई योजनाएं ऐसी है जो महिला सशक्तिकरण की ओर एक मजबूत कदम है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,स्वच्छ भारत अभियान, जनधन योजना, यह सारी योजनाएं महिलाओं के हित में है। अगर आवास योजना की बात किया जाए तो 70 प्रतिशत आवास योजना महिलाओं के नाम पर है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से दस करोड महिलाओं को फ्री में सिलेंडर मिला है।दस करोड़ से ज्यादा महिलाओं को स्वच्छता अभियान के माध्यम से शौचालय मिला है। जनधन खाता के माध्यम से पचास करोड़ से अधिक महिलाओं के नाम से खाते खुले हैं। दस वर्षों में महिलाओं की स्थितियों में काफी सुधार हुआ है ।पहले महिलाओं का आधा समय पानी के जुगाड़ और लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने में ही गुजर जाता था। दस करोड़ से ज्यादा महिलाए स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी है। जहां विपक्ष नारी शक्ति को खत्म करना चाहती है वहीं मोदी जी का नारा है नारी तू नारायणी। आज महिलाओं का मोदी जी के प्रति विश्वास बढ़ा है और महिलाओं के दम पर ही भाजपा का जो नारा है- अबकी बार चार सौ पार पूरा होने वाला है।

# न मंच पर साथ न रणनीति में मिलाप, ये कैसा गठबंधन! जमीन पर साथ-साथ नजर नहीं आ रहे आप और कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में दिल्ली सहित पांच राज्यों में आम आदमी पार्टी, कांग्रेस के साथ गठबंधन में लड़ रही है, लेकिन दोनों दल जमीन पर साथ नहीं दिख रहे हैं। संयुक्त चुनाव प्रचार को लेकर अन्य राज्यों में तो दोनों की स्थिति खराब है ही, दिल्ली में भी गठबंधन इस मामले में अलग-थलग दिखाई पड़ रहा है। यहां तक कि चुनाव प्रचार को लेकर बड़े आयोजनों में भी दोनों दल साथ-साथ नहीं आ रहे हैं। रोड-शो से लेकर सभाओं तक में दोनों दल अपने-अपने दम पर भीड़ जुटा रहे हैं। आप के अब तक के सबसे बड़े प्रचार अभियान में शनिवार को पूर्वी दिल्ली और रविवार को पश्चिमी दिल्ली सीट पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के रोड-शो में भी कांग्रेस की उपस्थिति लगभग शून्य रही है। यह इस बात की ओर इशारा कर रही है कि गठबंधन भले ही दोनों दलों में हुआ है, मगर भविष्य के अपने राजनीतिक हितों को देखते हुए दोनों दल आपस में दूरी भी बनाए हुए हैं। यहां तक कि दोनों दलों के आयोजनों में बड़े नेता भी एक मंच पर नहीं आए हैं।

**न मंच पर साथ न रणनीति में मिलाप!:** आप और कांग्रेस की रणनीति की बात करें तो दोनों में उतनी



ही दूरी है, जितनी आप और भाजपा में है। पार्टी के दिल्ली में सफाये के लिए भी कांग्रेस आप को ही जिम्मेदार मानती है। कांग्रेस यह बात साफ तौर पर कहती रही है कि कांग्रेस का जनाधार ही आप के पास गया है, इसे वापस लाने की कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है। यहां यह भी गौरतलब है कि केजरीवाल की परेशानियों में कांग्रेस उनके साथ खानापूर्ति के लिए कुछ मामलों में साथ दिखी है। गठबंधन के बाद केजरीवाल और उनकी पार्टी ईडी से अकेले ही जूझ रही है। जब 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया तो 31 मार्च को आईएनडीआई की रामलीला मैदान में हुई महारैली के लिए आप और कांग्रेस के नेता इसकी घोषणा के लिए ही केवल एक मंच पर आए। इसके बाद महारैली की आप तैयारी तो करती रही, मगर तैयारियों के दौरान दोनों दल साथ नहीं आए। 31 मार्च से एक दिन पहले कांग्रेस ने इस आयोजन को लेकर प्रेसवार्ता की तो भी आप को अपने मंच पर नहीं बुलाया। महारैली में सभी दल जरूर साथ आए, मगर उसके बाद से दूरी बनी हुई है।

**न मंच पर साथ न रणनीति में मिलाप!:** आप और कांग्रेस की रणनीति की बात करें तो दोनों में उतनी ही दूरी है, जितनी आप और भाजपा में है। पार्टी के दिल्ली में सफाये के लिए भी कांग्रेस आप को ही जिम्मेदार मानती है। कांग्रेस यह बात साफ तौर पर कहती रही है कि कांग्रेस का जनाधार ही आप के पास गया है, इसे वापस लाने की कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है। यहां यह भी गौरतलब है कि केजरीवाल की परेशानियों में कांग्रेस उनके साथ खानापूर्ति के लिए कुछ मामलों में साथ दिखी है। गठबंधन के बाद केजरीवाल और उनकी पार्टी ईडी से अकेले ही जूझ रही है। जब 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया तो 31 मार्च को आईएनडीआई की रामलीला मैदान में हुई महारैली के लिए आप और कांग्रेस के नेता इसकी घोषणा के लिए ही केवल एक मंच पर आए। इसके बाद महारैली की आप तैयारी तो करती रही, मगर तैयारियों के दौरान दोनों दल साथ नहीं आए। 31 मार्च से एक दिन पहले कांग्रेस ने इस आयोजन को लेकर प्रेसवार्ता की तो भी आप को अपने मंच पर नहीं बुलाया। महारैली में सभी दल जरूर साथ आए, मगर उसके बाद से दूरी बनी हुई है।

**सिर्फ कागजों में गठबंधन:** जहां तक संयुक्त चुनाव प्रचार की बात है तो इन दलों ने इस बारे में घोषणा तो की थी और एक संयुक्त समन्वय समिति बनाने की बात भी की थी, मगर अभी तक यह सब कागजों में ही है। राजनीतिक जानकार कहते हैं कि मंच पर जिन-जिन दलों के नेता आते हैं, उनके कार्यकर्ताओं में एक साथ होने का संदेश जाता है, जो उनसे संबंधित दलों के प्रत्याशियों की राह आसान बनाता है, लेकिन आप और कांग्रेस में ऐसा माहौल नजर नहीं आ रहा है।

## हर वोट जरूरी है...लद्दाख में सिर्फ पांच मतदाताओं के लिए 10 हजार फीट ऊंचाई पर बनेगा केंद्र

एजेंसी

**श्रीनगर।** पृथ्वी पर चांद की धरती की उपमा पाने वाला लद्दाख बड़े ही उत्साह से लोकतंत्र के सबसे बड़े महोत्सव में भागीदारी के लिए तैयार है। कोई मतदाता वोट से वंचित न रहे, इसलिए प्रशासन ने अनेक तरह के प्रयास किए हैं। लेह जिले में समुद्र तल से करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई पर बसे वारशी गांव में सिर्फ पांच मतदाताओं के लिए उनके घर के सामने मतदान केंद्र बनाया जाएगा। लद्दाख प्रदेश में दो जिलों और चार विधानसभा क्षेत्रों में 1,82,571 मतदाताओं पर आधारित एक ही लोकसभा सीट है। इस सीट के लिए पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। पूरे प्रदेश में 577 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं और इनमें सिर्फ 33 ही शहरी इलाकों में हैं। बाकी 544 मतदान केंद्र ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में हैं।

लेह जिले में नुब्रा विधानसभा क्षेत्र के वारशी गांव में तो सिर्फ एक ही परिवार के लिए मतदान केंद्र बनाया जाएगा। छह सदस्यों वाले इस कृषक परिवार में पांच सदस्य ही बतौर मतदाता पंजीकृत हैं। खुशी की बात है कि इन्हें वोट डालने के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। उनके घर के बाहर स्वीकृत यह मतदान केंद्र तंबू में बनेगा। मतदान कर्मी मतदान प्रक्रिया शुरू होने से 24 घंटे पहले ही हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचेंगे। उधर, कारगिल जिले के फेमा गांव में मतदान केंद्र सिर्फ 14 लोगों के लिए बनेगा। यह केंद्र भी तंबू में ही होगा।

इस जिले में पांच मतदान केंद्र इचु, रालाकुंग, फेमा, शून, शेडे सबसे दुर्गम और उच्च पर्वतीय इलाकों में बनाए जाने हैं। इन सभी के लिए मतदान सामग्री और मतदानकर्मी हेलीकॉप्टर से पहुंचाए जाएंगे। वहीं, 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पेंजि ला में बर्फ से ढकी चोटियों पर पिछले दिनों छात्रों ने मानव श्रृंखला और बर्फ से विभिन्न आकृतियां बनाकर मतदाताओं को वोट का महत्व बताया। इस दौरान उन्होंने मानव श्रृंखला के माध्मम से स्वीप भी लिखा।

### ये है स्वीप

स्वीप (एसवीईईपी, सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) देश में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता फैलाने और मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए चुनाव आयोग की ओर से संचालित किया जा रहा प्रमुख कार्यक्रम है।